दैनिक

लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार ,झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित

RNI-UPHIN/2014/58471

अमन लेखनी

अगर अच्छी स्क्रिप्ट मिली तो टाइगर-4 भी बनाएंगे : सलमान खान

ऑफिस में न बोलें 3 निगेटिव बातें....

वर्ष : 09 | अंक : 359 | लखनऊ, 08 दिसम्बर, शुक्रवार 2023 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

मौसम

अधिकतम तापमान 25.c

न्यूनतम तापमान 17.c

बाजार

सोना 5510/ g

चांदी 73.50/ g

सेंसेक्स 66,901.91

निफ्टी 20,096.60

भाजपा संसदीय दल की बैठक में प्रधानमंत्री मोदी का जोरदार स्वागत

बीजेपी सांसदों से पीएम ने कहा 'मोदीजी नहीं, मुझे मोदी बोलें'

अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) संसदीय दल की बैठक को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज पार्टी सांसदों से कहा कि मुझे मोदीजी नहीं बल्कि मोदी कहें। उन्होंने कहा कि जनता भी मुझे इसी नाम से संबोधित करती है और इसी नाम से जुड़ती है। उन्होंने कहा कि जनता यह भी कहती है कि यह मोदी की गारंटी है इसलिए आप लोग भी मुझे मोदी कहें। उन्होंने यह भी कहा कि आप लोग मोदी जी कहते हैं तो एक दूरी पैदा हो जाती है। संसदीय दल की बैठक को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि यह जीत मेरी व्यक्तिगत नहीं है बल्कि यह सामूहिक प्रयासों का नतीजा है।

इससे पहले, हाल में संपन्न हुए विधानसभा चुनावों में पार्टी के शानदार प्रदर्शन के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संसदीय दल की बैठक में जोरदार स्वागत किया गया। हम आपको बता दें कि विधानसभा चुनावों में भाजपा ने मध्य प्रदेश में अपनी सत्ता बरकरार रखी वहीं कांग्रेस को राजस्थान और छत्तीसगढ़ की सत्ता से बाहर कर दिया। तेलंगाना में भी पार्टी ने अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। संसद भवन परिसर में हो रही इस बैठक में प्रधानमंत्री के पहुंचते ही भाजपा सांसदों ने खड़े होकर तालियां बजाईं और 'स्वागत है भाई स्वागत है, मोदी जी का स्वागत है' के नारे लगाए। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने तालियों की गड़गड़ाहट के बीच प्रधानमंत्री को माला पहनाकर उनका स्वागत किया। बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, राज्यसभा में सदन के नेता पीयूष गोयल सहित कई केंद्रीय मंत्री और पार्टी के सांसद मौजूद थे।

हम आपको बता दें कि भाजपा संसदीय दल की बैठक में पार्टी के सभी लोकसभा सदस्य और राज्यसभा सदस्य शामिल होते हैं। अमूमन यह बैठक सत्र के दौरान प्रत्येक मंगलवार को होती है लेकिन इस सप्ताह मंगलवार को यह बैठक नहीं हो सकी थी। संसदीय दल की बैठकों में मोदी सहित भाजपा के अन्य वरिष्ठ नेता संसदीय एजेंडे और पार्टी के संगठनात्मक एवं राजनीतिक अभियानों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर अपनी बात रखते हैं। आज जब प्रधानमंत्री पहुँचे तो सभी मंत्रियों और सांसदों ने मोदी जी का स्वागत है कह कर उनका स्वागत किया।

संसदीय दल की बैठक के बाद केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा, आज बीजेपी की संसदीय दल की बैठक हुई। जिसमें प्रधानमंत्री मोदी ने चक्रवात से प्रभावित लोगों के लिए और जिसके साथ दुःखद घटनाएं घटीं उनके प्रति संवेदना व्यक्त की।" उन्होंने कहा कि तीन राज्यों के साथ मिजोरम और तेलंगाना में भी बीजेपी का बल बहुत बढ़ चुका है...तीन राज्यों में हमारी सरकार चुनी जा चुकी है और वहां पर हमारी सरकार बनाई जा रही है।

इजराइल-हमास विवाद : भारत सरकार के स्टैंड की प्रियंका गांधी ने की आलोचना

अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, इजराइल और हमास के बीच लगातार तनातनी जारी है। हालांकि, विपक्षी लगातार भारत के पोजीशन की आलोचना कर रहे हैं। इसी कड़ी में कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी ने आज सोशल मीडिया पर पोस्ट में कहा कि भारत हमेशा सही के साथ खड़ा रहा है। साथ ही साथ उन्होंने सरकार से सही का साथ देने के लिए कहा है। इसी को लेकर प्रभासाक्षी के संपादक नीरज कुमार दुबे ने विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची से सवाल पूछा।

सवाल के जवाब में अरिंदम बागची ने कहा कि मैं यह बिल्कुल मानने को तैयार नहीं हूं कि हम जो कर रहे हैं वह गलत है। उन्होंने कहा कि पूरे मामले को लेकर हमारा जो दृष्टिकोण है, वह पूरी तरीके से साफ है। उन्होंने कहा कि हम आतंकवाद को लेकर क्या रुख रखते हैं, इस पर हमने कई बार बातें कही हैं। फिलीस्तीन को लेकर हमारा पोजीशन क्या है, इसको लेकर भी हमने कई बार अपना पक्ष रखा है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि हमें लगता है कि इसराइल-हमास युद्ध के दौरान भारत का पोजीशन जो है वह सही है और आतंकवाद को लेकर हम हमेशा सख्त रहे हैं।

कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाद्रा ने गाजा पर निर्मम तरीके से जारी बमबारी की आलोचना करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय का एक सदस्य होने के नाते यह भारत का कर्तव्य है कि वह सही का साथ दें और जल्द से जल्द संघर्ष विराम सुनिश्चित करने के लिए हरसंभव प्रयास करें। कांग्रेस महासचिव ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर किए एक पोस्ट में कहा कि भारत हमेशा सही के साथ खड़ा हुआ है और आजादी के लिए फलस्तीनी लोगों के लंबे संघर्ष की शुरूआत से ही उनका समर्थन करता रहा है। उन्होंने कहा, गाजा पर निर्मम बमबारी युद्धविराम से पहले से भी अधिक बर्बरता के साथ जारी है। खाद्य आपूर्ति की किल्लत है, चिकित्सा सुविधाओं को नष्ट कर दिया गया है और मूलभूत सुविधाओं को भी बंद कर दिया गया है।

संक्षिप्त समाचार

राज्यपाल ने विद्यार्थियों की पर्याप्त नींद के लिए स्कूल के समय में बदलाव का सुझाव दिया

महाराष्ट्र के राज्यपाल रमेश बैस ने स्कूल के समय में बदलाव का सुझाव दिया है ताकि विद्यार्थी पर्याप्त समय तक सो सकें। उन्होंने मंगलवार को राज्य शिक्षा विभाग के एक कार्यक्रम में कहा कि लोगों के नींद लेने का समय परिवर्तित हुआ है। बैस ने कहा कि एक लोकप्रिय कहावत है कि जल्दी सोना और जल्दी उठना, किसी व्यक्ति को बुद्धिमान बनाता है। राज्यपाल ने कहा कि इन दिनों बच्चे आधी रात तक जागते हैं और उन्हें स्कूल के लिए जल्दी उठना पड़ता है जिससे उनकी नींद पूरी नहीं हो पाती है। बैस ने कहा, मैं अधिकारियों से यह सुनिश्चित करने का आग्रह करूंगा कि विद्यार्थी सुबह पर्याप्त नींद ले सकें, उन्हें स्कूल का समय बदलने पर विचार करना चाहिए।

सरकारी कर्मचारियों ने हड़ताल 11 दिसंबर तक बढ़ाई

पंजाब : पंजाब राज्य मंत्रिस्तरीय सेवा संघ के प्रतिनिधियों ने बुधवार को अपना आंदोलन 11 दिसंबर तक बढ़ाने की घोषणा की। कर्मचारी आठ नवंबर से हड़ताल पर हैं। पुरानी पेंशन योजना को लागू करने सहित उनकी अन्य मांगों पर मंत्रिमंडल उप-समिति के साथ बातचीत बेनतीजा रहने के एक दिन बाद हड़ताल बढ़ाने का निर्णय लिया गया। पंजाब राज्य मंत्रिस्तरीय सेवा संघ (पीएसएमएसयू) के प्रतिनिधियों ने पहले दावा किया था कि हड़ताल के कारण लगभग दो लाख सरकारी कर्मचारियों के वेतन में देरी हुई है। पीएसएमएसयू के अध्यक्ष अमरीक सिंह ने कहा, हमने आज अपनी हड़ताल को 11 दिसंबर तक बढ़ाने का फैसला किया है।

बंगाल में रुक-रुक कर हो रही बारिश, अस्त व्यस्त हुआ जीवन

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के कोलकाता और दक्षिणी जिलों में बृहस्पतिवार की सुबह ठंडी हवा के साथ-साथ रुक-रुककर हो रही बारिश के कारण जनजीवन प्रभावित हुआ। मौसम विभाग ने शुक्रवार को सुबह तक पूर्वी भारत में सामान्य रूप से बादल छाए रहने और हल्की से मध्यम बारिश होने का अनुमान जताया है। मौसम विभाग का कहना है कि चक्रवाती तूफान मिगजॉम कमजोर होकर छत्तीसगढ़ के ऊपर निम्न दबाव वाले क्षेत्र में तब्दील हो गया है, जिसके कारण ही पूर्वी भारत के मौसम में ऐसे बदलाव आये हैं। कोलकाता और राज्य के अन्य दक्षिणी जिलों में बृहस्पतिवार को सुबह ठंडी हवा के साथ रुक-रुक कर बारिश हुई। शहर और सॉल्ट लेक के आसपास के इलाके में कुछ स्थानों पर जाम लगने के कारण काम पर जाने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। मौसम विभाग ने बताया कि बादल छाए रहने के बाद भी बृहस्पतिवार को शहर का न्यूनतम तापमान सामान्य से तीन डिग्री ऊपर 19.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम को देखते हुए अधिकतम तापमान सामान्य से काफी नीचे रहने की संभावना है।

झारखंड में अवैध रेत खनन: एनजीटी ने खनन विभाग समेत अन्य को जारी किया नोटिस

अमन लेखनी समाचार

रांची, राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने बोकारो जिले के गोमिया प्रखंड में कथित अवैध रेत खनन को लेकर झारखंड सरकार के खनन विभाग के निदेशक और अन्य को नोटिस जारी किया है। अधिकरण उस मामले की सुनवाई कर रहा था, जिसमें उसने अवैध रूप से खनन किए गए रेत का परिवहन करने वाले कई ट्रक के बारे में एक मीडिया रिपोर्ट पर स्वतः संज्ञान लिया था। अधिकरण के अध्यक्ष न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव की पीठ ने कहा, यह समाचार अनुसूचित अधिनियम (पर्यावरण के संबंध में) के प्रावधानों के अनुपालन से संबंधित एक महत्वपूर्ण मुद्दा उठाता है। पीठ में न्यायिक सदस्य न्यायमूर्ति सुधीर अग्रवाल और विशेषज्ञ सदस्य ए. सेंथिल वेल भी शामिल थे। पीठ ने हाल के एक आदेश में कहा कि वह इस मामले में संबंधित अधिकारियों को प्रतिवादियों के रूप में शामिल कर रही है। प्रतिवादियों में राज्य के खनन विभाग के निदेशक, झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सदस्य सचिव और बोकारो के जिलाधिकारी शामिल हैं। अधिकरण ने कहा, प्रतिवादियों को नोटिस जारी किया है। प्रतिवादियों को सुनवाई की अगली तारीख से एक सप्ताह पहले अधिकरण की पूर्वी क्षेत्र पीठ के समक्ष अपना जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया जाता है। अधिकरण ने मामले की अगली सुनवाई की तिथि 15 जनवरी तय की।

रैपिड रेल अब गाजियाबाद से जेवर एयरपोर्ट तक दौड़ेगी

2031 तक फर्स्ट फेज पूरा करने का टारगेट, उत्तर प्रदेश सरकार करेगी 50% फंड का भुगतान

अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, रैपिड रेल ट्रांजिट सिस्टम का दिल्ली-मेरठ कॉरिडोर का एक सेक्शन सफलतापूर्वक चल रहा है। ये सेक्शन गाजियाबाद से दुहाई के बीच चालू किया गया है। इस सेक्शन में सफलतापूर्वक रैपिड रेल चलाई जा रही है। इसी बीच उत्तर प्रदेश सरकार ने गाजियाबाद से नोएडा एयरपोर्ट के बीच रैपिड रेल के नए कॉरिडोर को चलाने का फैसला किया है। इस कॉरिडोर के निर्माण के लिए मंजूरी मिल गई है।

गाजियाबाद से नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट जेवर तक रैपिड रेल तक का ये कॉरिडोर लगभग 72.2 किलोमीटर लंबा होने वाला है। इस कॉरिडोर में कुल 12 स्टेशन बनाए जाने प्रस्तावित है। इसका पहला फेज ग्रेटर नोएडा में 60 हेक्टेयर जमीन पर बनने जा रहा है। इसके लिए जमीन को अधिग्रहित किया जाना है। बता दें कि इस कॉरिडोर पर छह कोच की ट्रेनों का संचालन होगा। शुरूआत में ट्रेनों की फ्रीक्वेंसी नौ मिनट की होगी, जबकि बाद में इस फ्रीक्वेंसी को घटाकर चार से पांच मिनट किया जाएगा।

नोएडा जेवर एयरपोर्ट तक जाएगी रैपिड रेल

इस नोएडा एयरपोर्ट को रैपिड रेल

से जोड़ने के लिए एनसीआरटीसी ने फिजबिलिटी रिपोर्ट पेश कर दी है। इस रिपोर्ट में एनसीआरटीसी ने दो रूट भी सुझाए है। इसका एक रूट दिल्ली स्थित न्यू अशोक नगर से होगा जबकि दूसरा रूट गाजियाबाद से एयरपोर्ट तक का होगा। बता दें कि सोमवार को प्रदेश के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा ने प्राधिकरणों के साथ ऑनलाइन बैठक की थी। इस बैठक में गाजियाबाद से नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट तक रैपिड रेल चलाने को मंजूरी दी गई है।

पेश की गई रिपोर्ट के अनुसार गाजियाबाद, ग्रेटर नोएडा वेस्ट, ईस्ट और यमुना प्राधिकरण क्षेत्र को ये रुट आपस में जोड़ेगा। बता दें कि इस कॉरिडोर का निर्माण दो फेज में किया जाना है। पहला फेज गाजियाबाद और इकोटेक-6 (कासना) के बीच बनाया जाएगा जो कुल 37.15 किलोमीटर का होगा। पहला कॉरिडोर बनने में 2031 तक का समय लगेगा।

ऐसे जारी होगा फंड

नोएडा तक चलने वाली इस रैपिड रेल प्रोजेक्ट के लिए 50% फंड का भुगतान उत्तर प्रदेश सरकार करेगी। वहीं 20% फंड केंद्र सरकार जारी करेगी और 30% भुगतान यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण की ओर से किया जाएगा।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बाढ़ प्रभावित इलाकों का किया हवाई सर्वेक्षण, केंद्र ने जारी की राहत पैकेज

अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, मंगलवार को आंध्र प्रदेश में दस्तक देने के बाद चक्रवात मिचौंग लगातार कमजोर हो रहा है, कई तटीय राज्य, विशेष रूप से तमिलनाडु और ओडिशा, अभी भी इसके प्रभाव से जूझ रहे हैं। चक्रवात के कारण हुई बारिश के कारण तमिलनाडु में भयंकर बाढ़ आ गई है, जिसके कारण तमिलनाडु के कम से कम चार राज्यों में स्कूल और कॉलेज बंद हो गए हैं। चेन्नई से आने या जाने वाली 15 ट्रेनें रद्द कर दी गई हैं और ओडिशा में फसलों को नुकसान हुआ है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को बाढ़ प्रभावित उत्तरी तमिलनाडु का हवाई सर्वेक्षण किया और चक्रवात मिचौंग के कारण हुए नुकसान पर मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के साथ चर्चा की। मूसलाधार बारिश और बाढ़ से प्रभावित चेन्नई और आसपास के इलाकों का सर्वेक्षण करने के बाद, केंद्रीय मंत्री ने सचिवालय में एमके स्टालिन से मुलाकात की और उन्हें चक्रवात, इससे हुए नुकसान और केंद्र से आवश्यक राहत के बारे में जानकारी दी गई। केंद्रीय राज्य मंत्री एल मुरुगन

भी राजनाथ सिंह के साथ थे।

केंद्र ने राष्ट्रीय आपदा न्यूनीकरण कोष (एनडीएमएफ) के तहत 'चेन्नई बेसिन परियोजना के लिए एकीकृत शहरी बाढ़ प्रबंधन गतिविधियों' के लिए 561.29 करोड़ रुपये की पहली शहरी बाढ़ शमन परियोजना को मंजूरी दी, जिसमें 500 करोड़ रुपये की केंद्रीय सहायता भी शामिल है। यह शमन परियोजना चेन्नई को बाढ़ प्रतिरोधी बनाने में मदद करेगी। इस बात की घोषणा गृह मंत्री अमित शाह ने की। उन्होंने कहा कि भीषण चक्रवाती तूफान मिचौंग ने तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश को प्रभावित किया है। हालाँकि क्षति की सीमा अलग-अलग है, इन राज्यों के कई क्षेत्र जलमग्न हैं, जिससे खड़ी फसलें प्रभावित हो रही हैं।

पीएम नरेंद्र मोदी जी ने गृह मंत्रालय (एमएचए) को एसडीआरएफ की दूसरी किस्त की केंद्रीय हिस्सेदारी आंध्र प्रदेश को 493.60 रुपये और तमिलनाडु को 450 करोड़ रुपये अग्रिम रूप से जारी करने का निर्देश दिया। केंद्र ने दोनों राज्यों को समान राशि की पहली किस्त पहले ही जारी कर दी थी। गृह मंत्री ने कहा कि वह प्रभावित सभी लोगों की सुरक्षा और भलाई के लिए प्रार्थना करते हैं और सरकार इस महत्वपूर्ण घड़ी में उनके साथ खड़ी है और यह सुनिश्चित करेगी कि स्थिति जल्द से जल्द सामान्य हो जाए।

तृणमूल ने ममता बनर्जी के बारे में भाजपा नेता की टिप्पणी की निंदा

अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, तृणमूल कांग्रेस ने बुधवार को कोलकाता अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (केआईएफएफ) में अभिनेता सलमान खान के साथ उत्सव में भाग लेने पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता की कथित आपत्तिजनक टिप्पणी की निंदा की। पार्टी ने इसे भाजपा के प्रतिगामी रवैये का संकेत करार दिया। राज्य सरकार में मंत्री शशि पांजा ने यहां अन्य मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य के साथ एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, टिप्पणियां भाजपा के प्रतिगामी रवैये को दशार्ती हैं। भाजपा नेता की निंदनीय टिप्पणियां उनकी पिछड़ी और पुरातन मानसिकता का स्पष्ट प्रतिबिंब हैं, जो भारत में एकमात्र महिला मुख्यमंत्री की शक्ति और विकास को बर्दाश्त नहीं कर पा रहे हैं। हम इस तरह की घृणित टिप्पणियों और अपमानजनक व्यवहार की निंदा करते हैं। इस मौके पर उन्होंने भाजपा नेता की कथित टिप्पणियों का एक वीडियो क्लिप भी चलाया जिसकी प्रमाणिकता की पुष्टि पीटीआई-भाषा नहीं करता है।

ओडिशा सरकार जगन्नाथ मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए वातानुकूलित संरचना स्थापित करेगी

अमन लेखनी समाचार

भुवनेश्वर। ओडिशा सरकार ने जगन्नाथ मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए कतार प्रबंधन प्रणाली को सुव्यवस्थित करने के वास्ते पुरी स्थित ग्रैंड रोड पर वातानुकूलित तन्य फैब्रिक संरचना स्थापित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। ओडिशा ब्रिज एंड कंस्ट्रक्शन कॉर्पोरेशन लिमिटेड (ओबीसीसी) के एक वरिष्ठ अभियंता प्रभात कुमार पाणिग्रही ने कहा कि तन्य कपड़े की संरचना तीन तरफ से ढकी होगी और यह एक सुरंग की तरह दिखेगी।

यह 12 मीटर चौड़ा और 84 मीटर लंबा होगा। ओबीसीसी, पुरी में विरासत गलियारा परियोजना के तहत विभिन्न बुनियादी ढांचे का कार्यान्वयन कर रहा है। उन्होंने कहा कि यह संरचना ग्रैंड रोड पर मंदिर से पहले धर्मज्योति लॉज से मंदिर कार्यालय तक नाले से लगभग दो मीटर की दूरी पर

स्थापित की जाएगी। उन्होंने कहा कि समर्पित गलियारे का उपयोग केवल मंदिर में प्रवेश के लिए किया जाएगा। वर्तमान में 12वीं शताब्दी के मंदिर में श्रद्धालुओं के प्रवेश के लिए मंदिर के सामने एक अस्थायी संरचना स्थापित की गई है।

अभियंता ने कहा कि बुजुर्ग श्रद्धालुओं और बच्चों को मंदिर में प्रवेश करने से पहले घंटों कतार में खड़ा रहना पड़ता है, जिससे उन्हें कठिनाई होती है। उन्होंने कहा कि मंदिर में भक्तों की सुचारू यात्रा सुनिश्चित करने के लिए वातानुकूलित युक्त संरचना स्थापित करने का निर्णय लिया गया। उन्होंने बताया कि ढांचा स्थापित करने के लिए बुधवार को माप लेने की प्रक्रिया शुरू की गई तथा इसे 25 दिसंबर तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह में भाग लेने के लिए अमिताभ, अंबानी, अडाणी, सचिन, कोहली समेत सात हजार लोगों को निमंत्रण

अमन लेखनी समाचार

अयोध्या, भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर का निर्माण कार्य पूरा होने की कगार पर है और रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के लिए तैयारियां भी जोरों पर हैं। भगवान रामलला की कौन-सी मूर्ति मंदिर में स्थापित होगी इसका चयन 15 दिसंबर को किया जायेगा। इस बीच, प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए निमंत्रण भेजे जाने का काम भी चल रहा है। हम आपको बता दें कि श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने दिग्गज क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर, विराट कोहली, फिल्म स्टार अमिताभ बच्चन और उद्योगपति मुकेश अंबानी सहित करीब सात हजार लोगों को राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए आमंत्रित किया है। ट्रस्ट के सूत्रों के मुताबिक दूरदर्शन पर प्रसारित धारावाहिक रामायण में भगवान राम का किरदार निभाने वाले अरुण गोविल (भगवान राम) और देवी सीता की

भूमिका निभाने वाली दीपिका चिखलिया को भी इस आयोजन में शामिल होने के लिए आमंत्रण भेजा गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को 22 जनवरी, 2024 को प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए पहले ही आमंत्रित किया जा चुका है।

ट्रस्ट ने 3000 वीवीआईपी सहित 7,000 लोगों को आमंत्रण भेजा है। कार्यक्रम में 1992 में मारे गए कारसेवकों के परिवारों को भी आमंत्रित किया जाएगा। आमंत्रित वीवीआईपी लोगों में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत, योग गुरु राम देव, उद्योगपति रतन टाटा, उद्योगपति गौतम अडाणी भी शामिल हैं। ट्रस्ट ने देशभर से 4000 संतों को भी आमंत्रित किया है जो राम जन्मभूमि परिसर में मौजूद रहेंगे। इस बारे में श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने कहा, प्राण प्रतिष्ठा समारोह में 50 देशों से एक-एक प्रतिनिधि बुलाने का प्रयास है। आंदोलन के दौरान जान गंवाने वाले 50 कारसेवक परिवारों के लोगों को भी आमंत्रित किया गया है। उन्होंने कहा कि न्यायाधीशों, वैज्ञानिकों, लेखकों और कवियों को भी आमंत्रण पत्र भेजा गया हैं। चंपत राय ने बताया कि इसके अलावा संतों, पुजारियों, शंकराचार्यों, धार्मिक नेताओं, पूर्व नौकरशाहों, सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारियों, वकीलों, संगीतकारों और पद्म श्री और पद्म भूषण से सम्मानित हस्तियों को भी आमंत्रित किया गया है।

इस बीच, विश्व हिन्दू परिषद (विहिप) के प्रवक्ता शरद शर्मा ने कहा, हमने उन पत्रकारों को भी आमंत्रित किया है, जिन्होंने अपने समाचार पत्रों, लेखों और रिपोर्टिंग के माध्यम से हमारे राम मंदिर आंदोलन का समर्थन किया था, उनके (पत्रकारों के) बिना, राम मंदिर का यह संघर्ष अधूरा था। शरद शर्मा ने बताया कि वीवीआईपी को बार कोड पास के जरिए प्रवेश मिलेगा।

राजधानी की दस ग्राम पंचायतें होंगी 'म्यूजिकल यंत्र से लैस

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। पर्यटन के लिए यूपी के 229 गांवों में संगीत वाद्य यंत्र बांटे जाएंगे। जिन गांवों में संगीत से जुड़ी कोई परम्परा रही है, उनको चिह्नित किया जा रहा है। इसी क्रम में लखनऊ की 10 ग्राम पंचायतों को चुना गया है। संस्कृति विभाग की इस योजना के अन्तर्गत प्रत्येक ग्राम पंचायत को एक सेट वाद्ययंत्रों का दिया जाएगा। इनमें हारमोनियम, ढोलक, झांज, मंजीरा, करताल, घुंघरू दिए जाएंगे। इन संगीत उपकरणों की खरीद संस्कृति विभाग खुद करेगा। जिन ग्राम पंचायतों का चयन किया गया है उनको लखनऊ में समारोह का आयोजन कर वाद यंत्र बांटे जाएंगे। इनपर संस्कृति विभाग का नाम भी लिखा होगा। चयन का आधार सांस्कृतिक गतिविधियों की परम्परा को देखते हुए किया गया है। पहले चरण में प्रत्येक मंडल मुख्यालय में 10 और शेष जिला मुख्यालय से पांच ग्राम पंचायत का चयन किया गया। परम्पराओं को बनाए रखने का उद्देश्य लोक संगीत, भजन, गायन से जुड़ी ग्रामीण स्तर पर कोई पुरानी परम्परा है तो वह लुप्त न हो। यही इस योजना का उद्देश्य है। जिला पंचायतीराज अधिकारी हिमांशु शेखर के अनुसार इसके अलावा संगीत वाद्यों के सहारे महिला सशक्तीकरण से जुड़े कार्यक्रमों के प्रसार में भी मदद मिलेगी।

लखनऊ से चुनी गईं ग्राम पंचायतें

लखनऊ में बीकेटी ब्लॉक से कठवारा, अकड़िया कलां, गोसाईंगंज से राय गुदौली, केवली, पहाड़नगर टिकरिया को चुना गया है। इसी तरह मलिहाबाद से हटौली, नवीनगर, माल और मोहनलालगंज से ससपन, अहिन्डर और अधैया को चुना गया है।

फ्लाइट के लिए एयरपोर्ट पर घंटों इंतजार

लखनऊ। विमान से दिल्ली, मुंबई पहुंचने में एक से दो घंटे लगते हैं। हालांकि, खराब मौसम के चलते बुधवार को यात्रियों को इतना ही वक्त अमौसी एयरपोर्ट पर फ्लाइटों के इंतजार में गुजारना पड़ा। दिल्ली के लिए एयर इंडिया की शाम 5:44 बजे की फ्लाइट तीन घंटे और शाम 6:35 की इंडिगो की फ्लाइट डेढ़ घंटे देरी से रवाना हो सकी। मुंबई जाने वाली रात 12:17 बजे की इंडिगो की फ्लाइट दो घंटे सात मिनट और दोपहर 3:15 मिनट की फ्लाइट डेढ़ घंटे लेट रही। शाम 6:35 बजे दिल्ली होते हुए जयपुर जाने वाली इंडिगो की फ्लाइट डेढ़ घंटे, अहमदाबाद जाने वाली एयर इंडिया की शाम 5:40 की फ्लाइट ने एक घंटे देरी से उड़ान भरी।

दारोगा की पत्नी के साथ हुयी लूट की घटना का खुलासा, दो अन्तर्राज्यीय लुटेरे

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। कस्बे में एक सप्ताह पहले दारोगा की पत्नी से सरेराह हुयी लूट की घटना का गुरूवार को पुलिस व क्राइम टीम ने संयुक्त रुप से खुलासा करते हुये दो अन्तर्राज्यीय लुटेरो को घटना में प्रयुक्त बाइक व दो मोबाइल फोन के साथ गिरफ्तार किया।पुलिस ने लुटेरो के पास से दारोगा की पत्नी से छीने गये 50हजार रुपए भी बरामद कियें।दबोचे गये दोनो लुटेरो को पुलिस ने बरामद माल के साथ न्यायालय में पेश किया,जहां से उन्हे जेल भेज दिया गया।डीसीपी विनीत जायसवाल ने एडीसीपी शंशाक सिंह की मौजूदगी में दक्षिणी जोन पुलिस कार्यालय पर गुरूवार को आयोजित प्रेसवार्ता में बताया मोहनलालगंज के मऊ गांव के गोकुल रेंजीडेंसी में बने एक मकान में किराये पर रहने वाली दारोगा अरूण सिंह की पत्नी नीलू सिंह 1दिसम्बर की दोपहर मोहनलालगंज कस्बे में स्थित एसबीआई बैंक से 50हजार रुपए निकालने के बाद पर्स में रखकर पैदल ही अपने घर जा रही थी,राधास्वामी सत्संग व्यास से मऊ जाने वाले मार्ग पर बाइक सवार दो लुटेरे नीलू सिंह का पैसो से भरा पर्स छीनकर भाग निकले थे।वारदात कर भागे बदमाशो ? ने पैसे निकालने के बाद पर्स व मोबाइल को कुछ दूर पर फेक दिया था।पीड़िता नीलू सिंह की तहरीर पर घटना के तीसरे दिन अज्ञात बदमाशो पर लुट की धाराओ मे मुकदमा दर्ज कर इंस्पेक्टर संतोष कुमार आर्य के नेतृत्व में दक्षिणी जोन की क्राइम व पुलिस की संयुक्त टीमो को खुलासे के लिये लगाया गया था।बदमाशो की तलाश ? में जुटी पुलिस टीमो ने घटना स्थल से लेकर बैंक तक लगे दर्जनो सीसीटीवी कैमरो

की फुटेज खगांलने के साथ मौके व घटना स्थल का बीटीएस जांच के लिये उठाया था,बैंक के अंदर लगे सीसीटीवी कैमरो की पड़ताल के दौरान एक पैसे निकाल रही दारोगा की पत्नी की रैकी करता हुआ एक सदिग्धं दिखा,जिसका फुटेज निकलवाकर पीड़िता को दिखाया गया तो उसने पहचान लिया ओर उक्त बदमाश द्वारा ही लूट की घटना को अजांम दिये जाने की बात कही।जिसके बाद क्राइम व पुलिस की टीमो ने कई दिनो की कड़ी मशक्कत के बाद पीड़िता के साथ लूट करने वाले अन्तर्राज्यीय शातिर लुटेरो सचिन नायर निवासी राणा प्रताप मार्ग,मल्ला हाता थाना हजरतगंज व मुकेश सोनकर निवासी रविदासनगर, वजीर हसन रोड थाना हजरतगंज को घटना में प्रयुक्त स्पेलेंडर बाइक व दो मोबाइल फोन समेत धर दबोचा।पुछताछ में दोनो शातिर लुटेरो ने बैंक में रैकी के बाद दारोगा की पत्नी के साथ लूट करने की घटना को अजांम दिये जाने की बात कबूली।शातिर लुटेरो के पास से पुलिस ने लूटे गये 50हजार रुपए भी बरामद कियें।डीसीपी दक्षिणी विनीत जायसवाल ने लूट की घटना का सफल अनावरण में अहम भूमिका निभाने वाले कस्बा चौकी इंचार्ज विजय शंकर सिंह,आरक्षी अंकित कुमार,राघवेन्द्र गौतम व क्राइम टीम के प्रभारी अजीत कुमार पाण्डे, उपनिरीक्षक सुमित कुमार बालियान,मुख्य आरक्षी बद्री विशाल तिवारी, मंजीत सिंह,परमानंद यादव, सुनील कुमार,गिरीश की पीठ थपथपाकर बंधाई दी।इंस्पेक्टर वीरेन्द्र त्रिपाठी ने बताया गिरफ्तार दोनो शातिर लुटेरो को बरामद माल के साथ न्यायालय में पेश किया गया,जहां से दोनो को जेल भेज दिया गया।

आधा दर्जन से अधिक लोगो पर गाली गलौज और मारपीट की रिपोर्ट दर्ज

अमन लेखनी समाचार

सरोजनी नगर लखनऊ। सरोजनीनगर के तीन नंबर बाग निवासी शुभम श्रीवास्तव ने विपिन कुमार यादव नामक युवक के साथ ही 10 - 15 अज्ञात युवकों के खिलाफ गाली गलौज और मारपीट की सरोजनीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। मूल रूप से गोंडा जिले के जानकीनगर निवासी शुभम श्रीवास्तव के मुताबिक वह करीब 1 साल से बाग नंबर 3, कानपुर रोड स्थित एसएएस हुंडई में नौकरी कर रहा है। शुभम का कहना है कि बुधवार शाम करीब 6:30 बजे वह अपने ऑफिस में था। तभी विपिन कुमार यादव उससे मिलने के बहाने पहुंचा और ऑफिस से बाहर बुलाकर गाली गलौज करने लगा। मना करने पर अपने 10 - 15 अज्ञात साथियों के साथ मिलकर लात घूसों और डंडों से उसके ऊपर हमला कर दिया। जिससे उसके सिर और शरीर में कई जगह चोटें आई हैं। फिलहाल शुभम श्रीवास्तव की तहरीर पर पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। उधर बिजनौर के कमलापुर निवासी अजय कुमार गौतम ने अपने चाचा सरजू प्रसाद, संजय और सुजीत पर पुरानी रंजिश को लेकर जानलेवा हमला करने के अलावा जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। अजय का कहना है कि बुधवार रात करीब 10 बजे वह अपने घर के बाहर बैठा था। तभी पड़ोस में रहने वाले उसके चाचा सरजू, संजय और सुजीत ने पुराने रंजिश को लेकर उसके ऊपर हमला कर दिया। शुभम का आरोप है कि विवाद बढ़ने पर तीनों ने उसकी लाठी डंडों से पिटाई करते हुए धारदार हथियार से हमला कर दिया। जिससे उसके सिर में गंभीर चोटे आई हैं। आरोप है कि इस दौरान आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। फिलहाल पुलिस तहरीर लेकर मामले की जांच कर रही है।

कोतवाली के स्थानांतरित प्रभारी निरीक्षक को दी विदाई

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार आर्य के बाजारखाला थाने में स्थानांतरण होने पर गुरूवार की सुबह पुलिसकर्मियों ने कोतवाली परिसर में विदाई समारोह का आयोजन कर उन्हें भावपूर्ण विदाई दी।कार्यक्रम में एसएसआई बेचू सिंह यादव,उपनिरीक्षक अनुराग पांडे, संतोष कुमार सिंह,इरफान अहमद, सुरेन्द्र सिंह,विकास यादव,रंजीत कुमार सहित सभी पुलिसकर्मियों ने फूल माला पहनाकर व संयुक्त रूप से पुष्प गुच्छ देकर व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।नव नियुक्त प्रभारी निरीक्षक वीरेन्द्र त्रिपाठी का पुष्प गुच्छ भेटकर स्वागत किया गया। स्थानांतरित प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार आर्य ने कार्यकाल के दौरान सहयोग के लिये क्षेत्रीय लोगो समेत साथी पुलिसकर्मियों के प्रति आभार प्रकट करते हुये उन्हे धन्यवाद दिया।इस मौके पर आरक्षी मनोज यादव,अंकित,नितिन शर्मा,अजय गुप्ता,दीपेन्द्र सिंह समेत समस्त स्टाप व क्षेत्रीय लोग मौजूद रहें।

सड़क हादसे में वैन ने दूध विक्रेता को कुचला, मौत

हादसा

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में नहीं थम रहा तेज रफ्तार का कहर लगातार सड़क हादसे में हो रही मौतें, बृहस्पतिवार को दूध बेचकर वापस घर लौट रहे साइकिल सवार को तेज रफ्तार मारुति वैन ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह काफी दूर तक घिसलता चला गया। जिससे उसकी घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। वहीं घटना स्थल से भाग रहे वैन समेत चालक को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है।

माल थाना क्षेत्र के ग्राम मुन्नू खेड़ा निवासी चिरजू (46) बृहस्पतिवार शाम करीब 7 बजे दूध बेचकर वापस घर लौट रहा था , तभी माल भरावन मार्ग पर अटारी के लोहिया पुल के पास तेज रफ्तार मारुति वैन ने साइकिल सवार दूधिया को जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह काफी दूर तक घिसलता चला गया। जिससे उसकी घटना स्थल

मृतक चिरंजू - फाइल फोटो

पर ही मौत हो गई। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक लखनऊ में दूध बेचकर अपना व अपने पूरे परिवार का भरण पोषण करता था।

मृतक के परिवार में पत्नी बड़की, पुत्र रंजीत व दो बेटियां रानी व लक्ष्मी है. जिनका रो-रो कर बुरा हाल है। इस संबंध में माल थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। वाहन सहित चालक को हिरासत में लेकर परिजनों की तहरीर पर चालक पर मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्यवाही की जा रही है।

भारत पर्व हमारी संस्कृति, हमारी पहचान सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन 25 दिसम्बर से 15 जनवरी तक होगा

सांस्कृतिक महोत्सव-2023 का समापन समारोह उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर 24 जनवरी, 2024 को राजधानी में होगा

सांस्कृतिक महोत्सव के दौरान तहसील, जनपद, मण्डलीय मुख्यालय पर विभिन्न विधाओं में प्रतियोगिता का आयोजन होगा-जयवीर सिंह

अमन लेखनी समाचार

लखनऊः उत्तर प्रदेश के सभी अंचलों से कालाकारों की पहचान कर उनकी योग्यता के अनुरूप मंच प्रदान कर उन्हें प्रोत्साहित एवं समृद्ध करने के उद्देश्य से संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा उत्तर प्रदेश पर्व-हमारी संस्कृति, हमारी पहचान के अन्तर्गत संस्कृति उत्सव-2023 का आयोजन किया जा रहा है। इसके लिए विस्तार से समय सारिणी एवं आवश्यक दिशा-निर्देश प्रमुख सचिव संस्कृति एवं पर्यटन तथा धर्मार्थ कार्य मुकेश कुमार मेश्राम की ओर से 24 नवम्बर, 2023 को जारी करा दिया गया है।

यह जानकारी आज यहाँ प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि हमारी संस्कृति, हमारी पहचान सांस्कृतिक महोत्सव-2023 का आयोजन 25 दिसम्बर, 2023 से 15 जनवरी, 2024 तक किया जायेगा। इसका समापन समारोह उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर 24 जनवरी, 2024 को लखनऊ में किया जायेगा। इस आयोजन में विजेता प्रतिभागियों को मेडल, प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर पुरस्कृत किया जायेगा।

पर्यटन मंत्री ने बताया कि संस्कृति उत्सव-2023 की विस्तृत तैयारी, प्रभावी पर्यवेक्षण एवं निर्बाध संचालन हेतु वरिष्ठ अधिकारियों एवं विशेषज्ञों के नेतृत्व में प्लानिंग, समन्वय, आयोजन, वित्त, पंजीकरण एवं मीडिया कार्यक्रम स्थल का निर्धारण कार्यक्रम स्थल की व्यवस्था, एवार्ड व सर्टिफिकेट तथा जनसहभागिता हेतु विभिन्न समितियों का गठन कर उनके दायित्वों का निर्धारण करने के लिए समस्त जिलाधिकारियों एवं मण्डलायुक्तों को आवश्यक दिशा-निदेश दिए गये हैं। उन्होंने बताया कि कलाकारों के रजिस्ट्रेशन के लिए एक विशेष पोर्टल तैयार कराया जायेगा, जिसमें रजिस्ट्रेशन के दौरान ही सभी डाटा फीड कराये जायेंगे। पोर्टल तक पहुँच न रखने वाले अथवा विलम्ब से आने वाले इच्छुक व्यक्तियों हेतु ऑफलाइन ऑन द स्पॉट रजिस्ट्रेशन का विकल्प भी रखा गया है।

जयवीर सिंह ने संस्कृति उत्सव-2023 के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि 25-30 दिसम्बर, 2023 को तहसील मुख्यालय पर गाँव, पंचायत, ब्लॉक एवं तहसील स्तर के कलाकारों की प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी। इसी प्रकार 01 से 05 जनवरी, 2024 तक जनपद मुख्यालय पर तहसील स्तर के चयनित कलाकारों की प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी। इसी प्रकार 10 से 15 जनवरी, 2024 तक मण्डलीय मुख्यालय पर जनपद स्तर के चयनित कलाकारों की प्रतियोगिता होगी।

जारी समय सारिणी के अनुसार 20-21 जनवरी, 2024 को प्रदेश की राजधानी लखनऊ में मण्डल स्तर के चयनित कलाकारों की प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी। इसी प्रकार 23 जनवरी, 2024 को लखनऊ में सम्पन्न प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों का उत्तर प्रदेश पर्व में शामिल होने के लिए पूर्वाभ्यास का आयोजन होगा और 24 से 26 जनवरी, 2024 को लखनऊ में उत्तर प्रदेश पर्व के अवसर पर अंतिम रूप से चयनित सभी कलाकारों की प्रस्तुतियां, सम्मान एवं पुरस्कार का वितरण किया जायेगा।

पर्यटन मंत्री ने बताया कि संस्कृति उत्सव-2023 के व्यापक प्रचार-प्रसार सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग उत्तर प्रदेश, संस्कृति विभाग की वेबसाइट तथा अन्य प्रचार माध्यमों से किया जायेगा। उत्तर प्रदेश के सभी ग्रामीण एवं शहरी इलाकों में प्रचलित सांस्कृतिक विधाओं में दक्ष कलाकारों की तलाश कर प्रस्तुतिकरण कराया जायेगा। प्रतियोगिता की विधाओं में गायन, वादन तथा नृत्य को शामिल किया गया है। इसमें खासतौर से शास्त्रीय गायन, ख्याल, ध्रुपद, उपशास्त्रीय गायन, ठुमरी, दादरा, चैती, चैइता, झूला, होरी, टप्पा शामिल हैं।

पर्यटन मंत्री ने बताया कि लोक गायन के अंतर्गत कजरी, चैती, झूला, बिरहा, अल्हा, निर्गुण, लोकगीत, कव्वाली आदि शामिल हैं। इसके अलावा सुगम संगीत के अंतर्गत गीत, गजल, भजन, देशभक्ति एवं अन्य की प्रतियोगिताएं होंगी। उन्होंने बताया कि वादन के अंतर्गत स्वर वाद्य, सुषिर वाद्य, बांसुरी, शहनाई, हारमोनियम, तन्तु वाद्य, सितार, वायलिन, गिटार, सारंगी, वीणा वादन, आदि को शामिल किया गया है। ताल वाद्य के अंतर्गत तबला, पखावज, दक्षिण भारतीय मृदंगम, घटम आदि की प्रतियोगिता होगी। जयवीर सिंह ने बताया कि जनजाति वाद्य यंत्र, लोक वाद्य के अंतर्गत डफला, नगाड़ा, दुक्कड़, मादल, शहनाई, ढोल, ताशा, ढोलक, नॉल, चिमटा, हुड़का, सिंघा आदि शामिल हैं। नृत्य विधा के अंतर्गत कत्थक, भरतनाट्यम, ओडिशी, मोहनीअट्म तथा सांस्कृतिक नृत्य तथा लोक नृत्य विधा के अंतर्गत धोबिया, अहिरवा, करमा, शैला, डोंमकच, आखेट नृत्य तथा अन्य जातीय नृत्य। इसके अलावा लोक नाट्य के अंतर्गत नौटंकी, रामलीला, रासलीला, स्वांग, भगत, बहुरूपिया तथा नुक्कड़ नाटक आदि विधा की प्रतियोगिताएं होंगी।

पर्यटन मंत्री ने बताया कि सभी प्रतिभागियों को उत्तर प्रदेश का निवासी होना चाहिए, जिसके लिए आधार कार्ड अनिवार्य होगा। प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए संबंधित जनपद का निवासी अपने ही जनपद के क्षेत्र के अंतर्गत चयनित स्थलों पर प्रतिभाग कर सकता है। प्रतियोगिता के लिए ऑनलाइन पंजीकरण अनिवार्य है। यह पंजीकरण संस्कृति विभाग द्वारा निर्धारित पोर्टल पर किया जायेगा। ये प्रतिभागी एक ही विधा में प्रतिभाग कर सकता है। प्रतिभागी कलाकार दल नायक के रूप में अपने सभी सहयोगी कलाकारों का सम्पूर्ण विवरण आधार कार्ड, मोबाइल नं0, पासपोर्ट साइज की दो फोटो अलग से देने होंगे।

पर्यटन मंत्री ने बताया कि प्रदेश की सांस्कृतिक परम्परा प्राचीन काल से ही धर्म, दर्शन, कला, साहित्य एवं संगीत के क्षेत्र में पूरी दुनिया में अग्रणी रही है। यहाँ की सांस्कृतिक विरासत में कला एवं संगीत के क्षेत्र में गायन, वादन, नृत्य एवं लोकनाट्य की विभिन्न शैलियों के गुरूओं, आचार्यों एवं कलाविदों की महती भूमिका रही है, जिन्होंने अपनी साधना से अनेक कीर्तिमान स्थापित करते हुए देश का मान बढ़ाया है। इसमें उत्तर प्रदेश के कलाकारों एवं साधकों को अलग पहचान दी है। राज्य सरकार का प्रयास है कि ग्रामीण एवं शहरी प्रतिभाओं को सामने लाकर उनकी कला को मंच प्रदान करने के साथ ही उनको समृद्ध बनया जाय।

तीन बार चालान होने पर निरस्त होगा ड्राइविंग लाइसेंस

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। लगातार सड़क हादसों में लोगों की जानें जा रही है। इसे गंभीरता से लेते हुए अब शासन के निर्देश पर आरटीओ की ओर से नियमों में सख्ती बरती जाएगी। इस क्रम में तीन बार से अधिक चालान होने पर सबंधित व्यक्ति का ड्राइविंग लाइसेंस रद्द करने की कार्रवाई की जाएगी।एआरटीओ महेंद्र पांडेय ने बताया की जिले में सड़क सुरक्षा अभियान का शुभारंभ 15 दिसंबर से होगा, इसमें तेज रफ्तार वाहनों के चालान के साथ अन्य कार्रवाई भी की जायेगी। इसके साथ ही सभी लोगों को यातायात नियमों के पालन के लिए जागरूक किया जाएगा। स्कूलों में भी विशेष अभियान चलाया जाएगा।

पार्षद ने इंटरलॉकिंग सड़क और नाली निर्माण का किया शिलान्यास

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर द्वितीय वार्ड के पार्षद रामनरेश रावत ने गुरुवार को इंटरलॉकिंग सड़क और नाली निर्माण का शिलान्यास किया। यह शिलान्यास भाजपा के सेक्टर संयोजक सूर्य प्रकाश मिश्रा की मौजूदगी में विधि विधान से पूजा पाठ करने के साथ ही नारियल तुड़वाकर किया गया। इस दौरान पार्षद रामनरेश रावत ने बताया कि वार्ड के तपोवन नगर कॉलोनी में बंधुआ तालाब छठ पूजा घाट के निकट दिनेश जायसवाल के घर से भाजपा कार्यकर्ता सूर्य प्रकाश मिश्रा के घर होकर मुबारक अली के घर तक करीब 130 मीटर लंबी और 3 मीटर चौड़ी इंटरलॉकिंग सड़क व पक्की नाली का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 14 लाख रुपए की लागत से बनने वाली यह इंटरलॉकिंग सड़क व पक्की नाली डूडा विभाग द्वारा बनाई जाएगी। पार्षद ने कहा

कि लंबे समय से इस रास्ते को कच्चा होने के कारण घरों से निकलने वाला पानी पूरे रास्ते में फैल कर बहता था। जिससे लोगों को आने-जाने में दिक्कत होती थी। लेकिन अब इसके इंटरलॉकिंग सड़क में बन जाने से लोगों को आने जाने में दिक्कत नहीं होगी। उन्होंने बताया कि यह सड़क विधायक राजेश्वर सिंह, केंद्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर और महापौर सुषमा खर्कवाल के प्रयास से बनवाई जा रही है। वहीं शिलान्यास कार्यक्रम की जानकारी पाकर मोहल्ले के लोगों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाते हुए खुशी जाहिर कर उक्त नेताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। इस शिलान्यास कार्यक्रम में पार्षद रामनरेश रावत के साथ ही प्रीतम सिंह, कृष्णा देवी, लक्ष्मी देवी, रवि शंकर शुक्ला, प्रभात शुक्ला, दीनानाथ ओझा, मंटू निषाद, विजय रावत, विनोद रावत, सरवन सोनी, संतोष त्रिपाठी, सतीश रावत, जय राम यादव, लालचंद गौतम, रामेश्वर त्यागी, सुरेंद्र रावत, सुखरानी, राजू सिंह, नरेंद्र और आशीष शुक्ला सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

लूटी गयी बाइक समेत दो गिरफ्तार, भेजा जेल

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। कोतवाली क्षेत्र के रंजीतखेड़ा गांव में एक सप्ताह पहले मजदूर देवीशंकर की पिटाई के बाद गला दबाकर हत्या का प्रयास करने के साथ बाइक व मोबाइल लूट करने वाले दो आरोपियों को गुरूवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लूटी गयी बाइक बरामद की।पुलिस फरार एक अन्य आरोपी की सरगर्मी से तलाश में जुटी है।पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश किया, जहां से दोनो को जेल भेज दिया गया।इंस्पेक्टर वीरेन्द्र त्रिपाठी ने बताया क्षेत्र के कनकहा मजरा रंजीतखेड़ा गांव स्थित घर पर मजदूर देवीशंकर सदिग्धं परिस्थितियों में मरणासन्न हालत में मिला था उसके गले में कसाव के निशान थे।मजदूर की नयी बाइक व मोबाइक फोन मौके से गायब था। दोस्तो की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने इलाज के लिये सिविल अस्पताल भेजा था। बहन कमला ने दूर के रिश्ते में मामा लगने वाले रामकिशोर उर्फ मघई निवासी रामबक्शखेड़ा मजरा समेसी थाना नगराम समेत कई अज्ञात साथियों पर हत्या के प्रयास समेत लूट की धाराओ में मुकदमा दर्ज कराया था।घटना के सफल अनावरण के लिये कनकहा चौकी इंचार्ज अनुराग पांडे समेत पुलिस टीम को लगाया गया था,जिसके बाद पुलिस टीम ने नामजद आरोपी मघई को उसके घर से हिरासत में लेकर कर कड़ाई से पुछताछ की तो वो टूट गया ओर अपने साथी सुनील निवासी रामबक्शखेड़ा के साथ मिलकर 1दिसम्बर की रात रिश्ते में भांजे लगने वाले देवीशंकर के रंजीतखेड़ा स्थित घर जाकर साथ में मिलकर शराब पीने के बाद उसकी पिटाई के बाद गला दबा दिया था नशे में होने के चलते उसे लगा था देवीशंकर मर गया होगा जिसके बाद बाइक समेत मोबाइल लूट कर दोनो मौके से भाग निकले थे ओर बाइक को गोसाईगंज के बिकौली निवासी सत्यनारायण उर्फ लल्ला के हाथ 35हजार में बेच दी थी ओर पैसे आपस में बांट लिये थें।जिसके बाद पुलिस ने सत्यनाराण को गिरफ्तार कर उसके पास से लूटी गयी बाइक बरामद की।पुलिस टीमे फरार आरोपी सुनील की सरगर्मी से तलाश में जुटी हैं।इंस्पेक्टर ने बताया गिरफ्तार दोनो आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया,जहां से दोनो को जेल भेज दिया गया है।

युवती से रेप का आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ।मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के गांव में पड़ोसी के घर चकिया लेने गयी युवती को कमरे में घसीटकर दो दिन पहले रेप करने के आरोपी को गुरूवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।इंस्पेक्टर वीरेन्द्र त्रिपाठी ने बताया क्षेत्र के एक गांव निवासी निवासी युवती बुधवार को पुलिस से शिकायत करते हुये बताया था बीते मगंलवार की शाम साढे चार बजे के करीब पड़ोसी श्री केशन के घर दाल दलने वाली चकिया लेने गयी थी,जहां घर में आनंद मौजूद था,जब उससे चकिया लेने की बात कही तो कहा अंदर रखी है जाकर ले लो ओर छत पर चला गया,जैसे ही वो चकिया लेने घर के अंदर अंधेरे कमरे में गयी तभी पीछे से आनंद आ धमका ओर दरवाजा अंदर से बंद कर छेड़छाड़ करते हुये छाती पर हाथ रख जोर जबरदस्ती करते हुये रेप करने की कोशिश की।आरोपी ने युवती के प्राइवेट पार्ट से भी छेड़छाड़ की. किसी तरह आरोपी के चगुंल से छुटकर मौके से भाग कर अपने घर पहुंचकर आपबीती बताते हुये कोतवाली आकर लिखित शिकायत की थी पीड़िता की तहरीर के आधार पर आरोपी आनंद प्रकाश के विरूद्ध रेप समेत जान से मारने की धमकी देने की धाराओ में मुकदमा दर्ज कर आरोपी आनंद प्रकाश को गुरुवार को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया,जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

अधिक दाम पर खाद बेच रहे दो दुकानदारों पर मुकदमा

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। डीएपी और यूरिया के लिए कुछ दुकानदार, किसानों से अधिक पैसे वसूल रहे हैं। कृषि विभाग के छापे में यह बात साबित भी हो गई। कृषि विभाग ने ओवर रेटिंग करने वाले मोहनलालगंज, समेसी ऐसे दो दुकानदारों के खिलाफ गुरुवर को रिपोर्ट दर्ज करायी गई है। इसके साथ ही दोनों दुकानों के लाइसेंस को निरस्त कर दिया गया है। किसानों द्वारा डीएपी के लिए अधिक रेट वासूले जाने की शिकायत के बाद अपर जिला कृषि अधिकारी के नेतृत्व में कृषि विभाग की टीम ने दो दिसम्बर को मोहनलालगंज के समेसी में छापा मारा। इस दौरान यहां फसल सुरक्षा केन्द्र और जायसवाल खाद भंडार पर डीएपी के लिए किसानों से निर्धारित रेट (1350 प्रति बोरी) से अधिक वसूला जा रहा था। वहीं ईपॉश मशीन और मौजूदा स्टाक में भी अंतर पाया गया। जिला कृषि अधिकारी तेग बहादुर सिंह ने बताया कि दोनों दुकानदारों से स्पष्टीकरण मांगा गया था। अब जिलाधिकारी से अनुमति मिलने के बाद बुधवार को जायसवाल खाद भंडार के शिव कुमार व फसल सुरक्षा केन्द्र के साहबदीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी गई है। इन दोनों दुकानों के लाइसेंस को निरस्त कर दिया गया है। ओवर रेटिंग की यहां करें शिकायत जिला कृषि अधिकारी ने किसानों से अपील की है कि अगर खाद मिलने में कोई समस्या हो रही है या अधिक दाम वसूले जा रहे हों तो वह कंट्रोल रूम नम्बर (9198938099) पर तुरंत शिकायत दर्ज कराएं। इसके अलावा एआर कोऑपरेटिव (9519491188) व जिला कृषि अधिकारी (7839882167) से भी शिकायत कर सकते हैं।

शिवम मिश्रा को मिला अतुल माहेश्वरी गोल्ड मेडल, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने दिया पदक

लखनऊ विश्वविद्यालय के 66वें दीक्षांत समारोह में बुधवार को राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने डिपार्टमेंट ऑफ जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन के छात्र शिवम मिश्रा को अतुल माहेश्वरी मेमोरियल गोल्ड मेडल प्रदान किया। यह पदक अमर उजाला की ओर से प्रायोजित पदक है जिसे पत्रकारिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को दिया जाता है। शिवम को श्री प्रेम मुक्ता गोल्ड मेडल भी दिया गया है। शिवम ने बताया कि वह भविष्य में शिक्षक बनना चाहते हैं। उन्होंने लविवि से परास्नातक करने के साथ ही नेट की परीक्षा पास कर ली है। अब लखनऊ विवि में पढ़ाना भी चाहते हैं। इसके लिए उन्होंने आवेदन भी किया है।

संक्षेप

जानवर बाधने को लेकर दो पक्षों में मारपीट ,पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

बीघापुर, उन्नाव।जानवर बाधने को लेकर दो पक्षों में जमकर लाठी डंडों से मारपीट हो गई दोनों पक्षों के चोटे आई दोनो पक्षों ने थाने में तहरीर दिया तहरीर के आधार पर पुलिस ने मारपीट की धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया

बारा सगवर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम दूली खेड़ा (सेढ़वा)में जानवर बाधने को लेकर दो पक्षों में जमकर लाठी डंडों से मारपीट हो गई दोनों पक्ष घायल हो गए दोनों पक्ष पुलिस की चौखट पर पहुंचे वही सुशीला देवी पत्नी रमेश ने दीपू पुत्र दुलारे ' पूनम देवी पत्नी दीपू ' रामकरन अरविंद पुत्रगण गंगा के खिलाफ मार पीट करने का आरोप लगाया वही पूनम देवी पत्नी दीपू ने सुशीला देवी पत्नी रमेश व शिवम पुत्र रमेश के खिलाफ प्रार्थना पत्र दिया पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर मारपीट की धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

छत से नीचे गिरा युवक, मौत

उन्नाव। सदर कोतवाली क्षेत्र के सिकंदरपुर सरोसी गांव के रहने वाले युवक की बुधवार देर रात छत से गिरने से मौत हो गई। परिजन बिना पुलिस सूचना के जिला अस्पताल से शव को लेकर घर चले गए। बतातें चलें कि सिकंदरपुर सरोसी गांव के रहने वाले मैकू का पैंतीस वर्षीय बेटा श्याम बाबू देर रात किसी काम से घर की छत पर गया था। अंधेरा होने से अचानक उसका पैर फिसल गया और वह नीचे गिरकर लहूलुहान हो गए।शोर सुनकर परिजन बाहर आए तो उसे जख्मी हालत में पड़ा देख जिला अस्पताल की इमर्जेंसी ले गए। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों के मुताबिक छत से गिर जाने से जख्मी हो गए थे। परिजन शव को लेकर घर चले गए।

तीस लीटर अवैध शराब समेत महिला गिरफ्तार

सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बिहार पुलिस द्वारा एक अभियुक्ता को 30 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर गिरफ्तार कर लिया।थाना बिहार क्षेत्र के ग्राम ताजकपुर प्राथमिक विद्यालय के पास से अभियुक्ता लक्ष्मी पत्नी राजकुमार उम्र करीब 35 वर्ष नि0 ग्राम नमाखेड़ा को अवैध कच्ची शराब बेचते हुए एक प्लास्टिक की बोरी में 02-02 लीटर के 15 अदद पाउच कुल 30 ली0 कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार कर शराब अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई।

जिला जज ने किया ग्राम न्यायालय के भवन हेतु स्थल का निरीक्षण

अमन लेखनी-समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। तहसील बीघापुर के अंतगर्त सुमेरपुर तिराहे पर बनी पुरानी तहसील में अस्थायी ग्राम न्यायालय बंनाने को लेकर मरम्मत का कार्य चल रहा है। इसी परिप्रेक्ष्य में गुरुवार को जिला जज प्रतिमा श्रीवास्तव ,सीजेएम सुधा सिंह, ऐडीजे विवेकानंद श्रीवास्तव, ऐडीजे मनीष निगम ,कोर्ट मैनेजर आर.के.सिंह व प्रशासनिक अधिकारी देवेंद्र कुमार त्यागी उपजिलाधिकारी क्षितिज द्विवेदी, तहसीलदार अरसला नाज,नायब तहसीलदार अशोक शुक्ला निरीक्षण करने पहुँचे। जिला जज प्रतिमा श्रीवास्तव ने ग्राम न्यायालय का निरीक्षण कर कहा इसमे जो भी कमियां है जल्द पूरी कर ली जाए।ईटो की बनी जाली हटाकर लोहे की मजबूत जाली लगवाई जाय। निर्माणधीन बाउंड्री के अंदर व भवन के मध्य कच्ची फर्श पर इंटरलॉकिंग करवाई जाए। भवन की छत का निरीक्षण कर कहा जो भी भाग खुला है उसमें लोहे का जाल डलवा कर प्लास्टिक की हरी चद्दर डाली जाए जिससे सुरक्षा के साथ वर्षा का पानी भी भवन के अंदर आने से रोका जा सके। विदित हो इस भवन में पहले तहसील संचालित थी लेकिन पाटन में नवनिर्मित भवन बन जाने से 1996 में पाटन में तहसील बीघापुर के नाम से तहसील संचालित होने लगी। सुमेरपुर निरीक्षण उपरांत ग्राम न्यायालय के

स्थायी भवन हेतु सरकारी अमला नेशनल हाइवे के किनारे कल्यानपुर ग्राम सभा की सुरक्षित जमीन पर पहुँचा। उपजिलाधिकारी क्षितिज द्विवेदी ने बताया ग्राम न्यायालय हेतु करीब 5 बीघे की जमीन जिला जज को दिखाई गई । आगे की कार्यवाही शासन निर्धारित करेगा। इस मौके पर तहसील के अधिवक्ताओं में विनय कुमार शुक्ला,राजकुमार यादव ,सतीश मिश्रा,प्रदीप मिश्रा,शेरबहादुर सिंह ,मुनेश शुक्ला आदि लोग मौजूद रहे।

टापर्स बच्चो को कालेज परिसर में किया गया पुरुस्कृत

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। जीवन का एक परीक्षा है, जो साहस के साथ डटे रहते हैं वे इस परीक्षा में अवश्य सफल होते हैं। अतः परीक्षा से कभी मत डरना। दुर्गम मार्गों से चलकर सफलता प्राप्त करने वाले अधिक सन्तुष्ट होते हैं व अधिक तीव्रता से आगे बढ़ते हैं। उक्त विचार एनबीजीआई द्वारा संचालित जेडीवीएम इण्टर कालेज ओसियां में सम्पन्न जनक दुलारे जयन्ती व जनक दुलारे स्मृति ज्ञान परीक्षा पुरस्कार वितरण समारोह के अवसर पर ग्रुप प्रेसीडेन्ट नरेन्द्र भदौरिया ने व्यक्त किए। आज कीर्तिशेष जनक दुलारे की 110वीं जयन्ती के अवसर पर उनकी स्मृति में पूर्व में आयोजित जनक दुलारे स्मृति ज्ञान परीक्षा के टापर्स प्रतिभागियों के पुरस्कार वितरण समारोह के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में भाजपा के शिक्षक विधायक प्रत्याशी रहे वेणु रंजन भदौरिया ने क्षेत्र के बड़ी संख्या में पधारे हुए शिक्षकों का बड़ी विनम्रता एवं भावुकतापूर्ण ढंग से स्वागत करते हुए उन्हें अंगवस्त्र एवं प्रतीक चिह्न से सम्मानित किया। सम्मानित किये गए शिक्षकों में सरस्वती ज्ञान मंदिर बीघापुर से रामवीर सिंह जी व दीपेंद्र तिवारी अवधेश चंद्र वाजपेई लक्ष्मीनारायण पब्लिक इंटर कॉलेज बीघापुर प्रमोद कुमार वर्मा कमलापति इंटर कॉलेज बीघापुर प्रदीप सिंह पंडित शिवराज वली राम शंकर इंटर कॉलेज सुमेरपुर, अरुण कुमार अवस्थी पंडित शिवराज वली रामशंकर इंटर कॉलेज सुमेरपुर, स्वामी ईश्वरानंद इंटर कॉलेज कालूखेड़ा के संजय कुमार पटेल एवं सत्येंद्र उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अरम के आशुतोष त्रिपाठी व रवि शुक्ला श्री राम शंकर इंटर कॉलेज बेहटा भवानी के मनीष तिवारी , सरस्वती बालिका इंटर कॉलेज दुबाई से शशि वर्मा व अनूप कुमार सरदार पटेल बाबा दीन इंटर कॉलेज कटिहार की पूनम कमलापति इंटर कॉलेज बीघापुर के अनुज कुमार तिवारी, न्यू उन्नाव पब्लिक इंटर कॉलेज पाटन से अरविंद लक्ष्मी राज हायर सेकेंडरी हाई स्कूल ओसियां से कृष्ण शंकर द्विवेदी, कर्म क्षेत्र इंटर कॉलेज रद्धू खेड़ा के कल्याण सिंह, गिरजा शंकर सरला देवी इंटर कॉलेज बिहार से रामेंद्र व श्याम सरदार पटेल बाबा दीन इंटर कॉलेज कटिहार से रेखा कर्म क्षेत्र इंटर कॉलेज रद्धूखेड़ा से राकेश, जय किसान इंटर कॉलेज चमियानी से अरुण कुमार व दीपक कुमार जी रहे।

विधायक के पुत्र ने लाभार्थियों को दिए प्रमाण पत्र

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। विकसित भारत संकल्प यात्राह्व के तहत विकासखण्ड सफीपुर के ग्रामसभा ओसियां में आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक बंबा लाल दिवाकर के पुत्र अश्वनी दिवाकर ने लाभार्थियों को प्रमाणपत्र वितरण कर भाजपा सरकार के द्वारा चलायी जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के लगे स्टालों का अवलोकन कर ग्रामवासियों को देश के समग्र विकास हेतु समर्पण, कृतज्ञता समृद्धि और विरासत पर गर्व, देश की रक्षा करने वालों के सम्मान तथा आदर्श नागरिक के कर्तव्यों के निर्वहन का संकल्प दिलायी गयी एवं उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित कर भाजपा की डबल इंजन सरकार की उपलब्धियों को बतलाया गया इस मौके पर विधायक मीडिया प्रभारी राजू चौहान ग्राम प्रधान प्रशांत कुमार समाजसेवी धर्मेंद्र कुमार उर्फ नन्हा सिंह ललित कुमार यादव सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

चोर ने एटीएम से पैसे चोरी करने का किया प्रयास

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। कोतवाली के नाक के नीचे चोरों ने बीती रात को बैंक ऑफ बड़ौदा के एटीएम से पैसे पार करने की कोशिश की चोर ने सीसीटीवी कैमरे बिजली के केबिल अन्य जगहों पर तोड़फोड़ करके घुस करके चोरी करने की कोशिश के साथ मशीन से कैश ट्रे निकालने का प्रयास किया गस्त कर रही पुलिस ने मौके पर पकड़ लिया जिससे चोर अपने मकसद में नाकाम हो गया पुलिस ने चोर को हिरासत में जांच पड़ताल शुरू कर दी। बैंक मैनेजर की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर युवक को जेल भेज दिया। सफीपुर - मियागंज मार्ग पर कोतवाली से कुछ कदम दूर पर बैंक ऑफ बड़ौदा का एटीएम है। मैनेजर के मुताबिक एटीएम बुधवार को देर रात मशीन तोड़ने की कोशिश की गई।एटीएम के पास लगे कैमरों से बचने के लिए चोर ने सीसीटीवी कैमरों तोड़फोड़ के साथ ही उसने मशीन में तोड़फोड़ करने का प्रयास किया। .मगर चोर भागने में सफल नही हो सका और पुलिस के हाथ लग गया. अभियुक्त संदीप पुत्र गोकरन गाँव ककरौरा गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है।पुलिस के अनुसार चोर को गस्त के दौरान गिरफ्तार किया गया है तो वही शाखा प्रबंधक के अनुसार हेड ब्रांच मुंबई में एटीएस में लगे अलार्म बजने पर एक फोन शाखा प्रबंधक को तो दूसरा फोन पुलिस विभाग को किया गया जिससे मौके पर पहुंची पुलिस ने चोर को हिरासत में लेकर जेल भेज दिया गया।

तहसील परिसर में भिड़े दो सांड, मची अफरा-तफरी

अमन लेखनी समाचार

पुरवा, उन्नाव। तहसील परिसर में दो सांडों में अचानक युद्ध शुरू हो गया करीब आधे घंटे तक परिसर के अंदर सांड दौड़ाकर युद्ध करते रहें। वहीं तहसील आए लोगों में अफरा तफरी का माहौल बना रहा। इस दौरान कई वाहनों को सांडों ने क्षतिग्रस्त कर दिया।इन दिनों नगर में आवारा मवेशियों ने हुड़दंग मचा रखा हैं।कस्बे सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भी ये आवारा पशु कभी खेत चर जाते हैं तो कभी किसी ग्रामीण को घायल कर देते हैं। इन आवारा पशुओं पर प्रशासनिक अमला अंकुश लगाने में नकारा साबित हो रहा हैं। गुरुवार की दोपहर तहसील परिसर में दो सांडों के बीच अचानक युद्ध शुरू हो गया।दोनो ही आवारा सांड लड़ते लड़ते इधर उधर भागने लगे। जिससे तहसील आए लोगों में हड़कंप मच गया। लगभग आधे घंटे तक आवारा पशुओं के बीच जमकर युद्ध हुआ। इस बीच तहसील आए कई बाइक चालक दुर्घटना का शिकार होते होते बचे। वहीं दोनों सांडों के युद्ध में परिसर में खड़ी करीब आधा दर्जन बाइक क्षतिग्रस्त हो गई।

ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि ने बच्चो को किया सम्मानित

अमन लेखनी समाचार

नवाबगंज, उन्नाव। में हमारे जनपद उन्नाव के लोक प्रिय ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि रवि प्रताप सिंह के द्वारा बहुत ही सराहनीय कार्य किया गया अभी 22 व 23 नवम्बर को पुणे महराष्ट्र में नेशनल ओपन कराटे प्रतियोगिता में कराटे एसोसिएशन ऑफ उन्नाव की अजय फाइटर जोन अकेडमी नवाबगंज के बच्चो ने प्रतिभाग किया जिसमें सभी बच्चो का शानदार प्रदर्शन रहा और सात गोल्ड मेडल व सात रजत मेडल जनपद उन्नाव को प्राप्त हुए टीम कोच रहे अजय सिंह टीम मैनेजर रही प्रिया सविता सभी विजेता खिलाड़ियों व उनके माता पिता को बुला कर रवि प्रताप सिंह ने पहले माता पिता को माला व अंगवस्त्र बेट करके सम्मानित किया उसके बाद सभी विजेता खिलाड़ियों को शील्ड दे कर सम्मानित किया खिलाड़ियों को प्रतिभाग कराने वाले उन्नाव जनरल सेक्रेटरी अंकित कुमार टीम कोच व उन्नाव वाइस प्रेसिडेंट अजय सिंह टीम मैनेज प्रिया सविता को भी सम्मानित किया गया कराटे की टीम ने रवि प्रताप सिंह का आभार प्रकट किया क्यो की ब्लाक नवाबगंज में अभी तक खिलाड़ियों को ऐसे किसी ने सम्मानित नही किया ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि रवि प्रताप सिंह ने सभी खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए सहयोग भी प्रदान करेंगे यह हमारे एसोसिएशन का सौभाग्य है।

विजेता खिलाड़ी-

काजल राजपूत स्वर्ण पदक

ज्योति स्वर्ण पदक शिवा राजपूत स्वर्ण पदक आचमन सिंह स्वर्ण पदक अवधेश कुमार स्वर्ण पदक अभिनंदन भट्ट स्वर्ण पदक आयूष प्रताप सिंह स्वर्ण पदक हंसिका गौरव रजत पदक सोनम राजपूत रजत पदक शिवांश राजपूत रजत पदक सक्षम रावत रजत पदक समीर गौतम रजत पदक अंकित कश्यप रजत पदक केशन पाल रजत पदक हासिल किया।

शराब पीने से दो युवकों की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत, एक की हालत गंभीर

अमन लेखनी समाचार

नवाबगंज, उन्नाव। सोहरामऊ थाना अंतर्गत हिम्मत खेड़ा गांव के मजरा बिचपरी में तीन युवकों की संदिग्ध हालात में तबियत बिगड़ गयी। घर पहुंचने पर उन्हें उल्टियां शुरू हो गयी। आनन-फानन परिजन उन्हें अस्पताल ले गये। जहां दो की मौत हो गयी। जबकि एक का इलाज चल रहा है। भर्ती युवक के अनुसार उन लोगों ने बीते मंगलवार ठेके से शराब लाकर पी थी।इसके बाद उनकी हालत बिगड़ी है। सीओ, एसडीएम व आबकारी अधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच की सूचना मिलते ही जिला अधिकारी व पुलिस अधीक्षक मौके पर पहुंच जांच पड़ताल की पुलिस ने दोनो शवो को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया अधिकारियों के अनुसार पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

बता दें कि बिचपरी निवासी हुलासी (50) पुत्र छोटा ने बीते 5 दिसंबर को सोहरामऊ थानाक्षेत्र के मिजार्पुर में पृथ्वीपाल (55) पुत्र पतिपाल और जयकरन के साथ शराब पी थी। अधिक शराब पीने से सबकी हालत खराब हो गई थी। पृथ्वीपाल ने हुलासी के भतीजे ईश्वरदीन को फोन कर इसकी जानकारी दी। सूचना पर ईश्वरदीन गांव पहुंचा और चाचा को घर ले आया। जहां रात में उनकी हालत बिगड़ी और उल्टियां शुरू हो गईं। परिजन उसे पास के निजी अस्पताल ले जा रहे थे तभी रास्ते में उसकी मौत हो गयी। थोड़ी देर बाद पृथ्वीपाल की भी हालत बिगड़ी तो परिजन उसे अस्पताल ले जाने लगे। उसने भी रास्ते में दम तोड़ दिया। दोनों की मौत के बाद परिवार में कोहराम मच गया। पृथ्वीपाल के दो बेटे इंद्रसेन, नरेंद्र व एक बेटी अंजलि है। पत्नी का 8 साल पहले देहांत हो गया था। मौत के बाद बच्चों को रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

गांव में अचानक दो लोगों की मौत की सूचना पहुंचने पर हसनगंज एसडीएम नवीन चंद्र, क्षेत्राधिकारी संतोष सिंह, प्रभारी निरीक्षक पुलिस बल के साथ गांव पहुंचे और ग्रामीणों से बातचीत की। वहीं दोनों शव पोस्टमार्टम के लिये भेजे गए। सीओ ने बताया कि अभी इसे लेकर कुछ नए कहा जा सकता है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर मौत के कारणों का सही पता चल सकेगा। जिला आबकारी अधिकारी करुणेंद्र सिंह ने बताया कि पांच तारीख को शराब खरीदे जाने की बात सामने आई है। जांच में पाया गया है कि ठेके से पांच तारीख से अब तक करीब ढाई हजार पौवे शराब बिक चुकी है। कहीं अन्य जगह से ऐसी कोई शिकायत नहीं मिली है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ साफ हो सकेगा वही खबर सुनते ही जिला अधिकारी अपूर्वा दुबे पुलिस अधीक्षक सिदार्थ शंकर मीणा मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल कर मृतकों के परिजनो को ढाढस बंधाया और कहा कि दोषियों पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

आग लगने से तीन दुकानें जलकर हुई राख

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। तहसील बीघापुर के माँ चन्द्रिका देवी मंदिर के पास संदिग्ध परिस्थितियों में आग लगने से खिलानौ व कास्मेटिक की तीन दुकाने जलकर खाक हो गयी। आग लगने से दुकानों में करीब 4 लाख का नुकसान होने का अनुमान लगाया गया है। बक्सर एक सिद्ध पीठ है जिसमे माँ चंदिका देवी व अम्बा देवी के दर्शन हेतु हजारों श्रद्धालु प्रतिदिन आते है। शासन व प्रशाशन की तरफ से मंदिर परिसर व आस -पास सुरक्षा के लिए कोई कारगर उपाय नही किये गए है। कुछ दिन पहले ही कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर दर्जनों लोगों के पर्स,मोबाइल,मंगलसूत्र चोरी हो गए थे।स्थानीय लोगो का कहना है मंदिर व उसके आसपास भीड़ भीड़ वाली जगहों पर कैमरे लगे होने चाहिए।इसी कारण अराजकतत्वों के हौसले बुलंद है। माँ चंदिका मंदिर के सामने बने पार्किंग स्थल के पास शंकुन्तला देवी पत्नी लल्लू वर्मा की कास्मेटिक की दुकान ,सीमा देवी पुत्री लल्लू वर्मा की खिलानौ व कास्मेटिक की दुकान व अर्चना देवी पत्नी श्रीराम की कास्मेटिक की दुकान है। रोज की तरफ दुकानदार रात में दुकान बंद करके घर चले गए आज रात करीब एक बजे संदिग्ध परिस्थितियों में दुकान में आग लग गयी। स्थानीय लोगो के निजी प्रयास से आग पर काबू तो पा लिया गया लेकिन दुकान में रखा सारा सामान जल गया। स्थानीय लोगो के अनुसार ये कार्य किसी शरारती तत्वों का है। करीब एक माह पूर्व भी इसी प्रकार आग लगने से पाँच दुकाने जलकर स्वाहा हो गयी थी।दुकानदारों ने बताया उनकी रोजी रोटी इन्ही दुकानों से चलती थी वे अब अपने परिवार का भरण-पोषण कैसे करेंगे। थाना प्रभारी बारासगवर दिलीप कुमार प्रजापति ने बताया सूचना के साथ तहरीर प्राप्त हुई है। आग किन कारणों से लगी जांच कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है ।

डीसीएम ने ई रिक्शा में मारी टक्कर चालक की मौत

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के उन्नाव हरदोई मार्ग पर करौंदी गांव के समीप एक तेज रफ्तार डीसीएम ने ई रिक्सा में जोर दार टक्कर मार दी जिससे रिक्सा चालक गम्भीर रूप से घायल हो गया घायल को सीएचसी ले जाया गया जहां पर गंभीर हालत देखते चिकित्सक ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया है। सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के जटपुरवा गांव निवासी असलम 30 वर्ष पुत्र मटरू ई रिक्शा चला कर अपना जीवन यापन करता था वृहस्पतिवार को चकलवंशी से सवारी भरने के लिए जा रहा था अभी वह उन्नाव हरदोई मार्ग पर करौंदी गांव के समीप पहुंचा ही था कि तभी पीछे आ रही तेज रफ्तार डीसीएम ने रिक्सा में टक्कर मार दी जिससे चालक गम्भीर रूप से घायल हो गया राहगीरों की मदद से घायल को सीएचसी सफीपुर में भर्ती कराया गया जिसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल भेजा गया वहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।मृतक अपने पीछे एक पुत्री अनम व दो पुत्र अरहन, अवेश छोड़ गया है। मृतक की पत्नी चांदनी रो रो बेहाल है। कार्यवाहक प्रभारी निरीक्षक के आर यादव ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के भेज दिया गया विधिक कार्यवाही की जा रही है।

अवैध खनन पर प्रशासन ने की कार्यवाही पोल लैंड मशीनों को किया सीज

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। अवैध खनन कर रही पोकलैंड मशीनो को तहसील प्रशासन ने किया सीज एक्सप्रेसवे के निर्माण में ले जाई जा रही थी मिट्टी तहसील बीघापुर मुख्यालय पाटन कोतवाली बीघापुर क्षेत्र अवैध खनन कर रही पोकलैंड मशीन की सूचना पर बीघापुर तहसील प्रशासन व पुलिस बल मौके पर पहुंचे।जहां पर जांच पड़ताल के बाद मिट्टी का अवैध खनन कर रही तीन पोकलैंड मशीन को सीज कर दिया गया। जिसके बाद सभी वाहनों के खिलाफ रिपोर्ट खनन विभाग के अधिकारी को भेज दी है।जांच में पता चला कि मिट्टी खनन करने की कोई अनुमति नहीं ली गई है। बगैर स्वीकृति पत्र के मिट्टी का खनन कर रही पोकलैंड मशीन को पकड़ लिया। जिसके बाद सीज कर कार्रवाई की। तहसील प्रशासन द्वारा मिट्टी का अवैध खनन करने में सीज किए गए वाहनों के खिलाफ रिपोर्ट जिला प्रशासन को प्रेषित कर दी गई है।इस मामले में तहसीलदार अरसला नाज नायब तहसीलदार अशोक कुमार शुक्ला ने बताया कि बिना अनुमति के भूमि नंबर 262स्थित ग्राम प्रेमी खेडा में अवैध खनन किया गया है। उन लोगों ने कोई भी परमिशन नहीं दिखा पाएं। जिसके वजह से वाहनों को सीज कर रिपोर्ट खनन विभाग को भेज दी गई है।

चिंतन

चुनावी शोर में दब रहा महिला सुरक्षा का मुद्दा

बेशक देश की सरकारें महिला सुरक्षा की कितनी भी दुहाई देती हों, लेकिन हकीकत बहुत कड़वी है। देश में वर्ष 2022 में 'महिलाओं के खिलाफ अपराध' की 4.45 लाख प्राथमिकियां दर्ज की गई हैं। ये आंकड़े बताते हैं कि महिलाओं के खिलाफ अपराधों पर लगाम नहीं लग पा रही हैं। एनसीआरबी के ताजा आंकड़ों के मुताबिक, वर्ष 2022 के दौरान देशभर के थानों में महिलाओं के खिलाफ अपराध के कुल 4,45,256 मामले दर्ज किये गये। इससे पहले 2021 में 4,28,278 जबकि 2020 में 3,71,503 प्राथमिकी दर्ज की गई थीं। यानी कि प्रति वर्ष महिलाओं के खिलाफ अपराध बढ़ ही रहे हैं, जबकि सरकारी प्रयासों के चलते इनमें कमी आनी चाहिए थी। अभी पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव हुए, लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण है कि इनमें महिला सुरक्षा कोर मुद्दा किसी भी दल का नहीं था, जबकि देश के अधिकांश राज्यों में कानून व्यवस्था की हालत लचर है, चुनावी राज्यों राजस्थान, मध्य प्रदेश में महिलाओं के खिलाफ अपराध के कई मामले सामने आए थे। एक में भाजपा की सरकार थी, व दूसरी में कांग्रेस की। इससे साफ है कि दल कोई भी हो, वह महिला सुरक्षा के प्रति संवेदनशील नहीं है। दोनों ही राज्यों में सत्ता बदली है और अब दोनों में भाजपा सरकार बनाएगी, लेकिन महिला सुरक्षा का प्रश्न यक्ष ही बना हुआ है। केंद्रीय गृह मंत्रालय के तहत काम करने वाले राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़ों के अनुसार 2022 में महिलाओं के खिलाफ अपराध के सिलसिले में हर घंटे लगभग 51 प्राथमिकी दर्ज की गईं। आंकड़ों के अनुसार प्रति एक लाख आबादी में महिलाओं के खिलाफ अपराध की दर 66.4 प्रतिशत रही जबकि ऐसे मामलों में आरोप पत्र दायर करने की दर 75.8 रही। एनसीआरबी ने कहा कि भारतीय दंड संहिता के तहत महिलाओं के खिलाफ अधिकांश (31.4 प्रतिशत) अपराध पति या उसके रिश्तेदारों द्वारा क्रूरता किए जाने के थे, इसके बाद महिलाओं के अपहरण (19.2 प्रतिशत), शील भंग करने के इरादे से महिलाओं पर हमला (18.7 प्रतिशत) और बलात्कार (7.1 प्रतिशत) के मामले रहे। वर्ष 2022 में महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामलों की सबसे अधिक दर 144.4 दिल्ली में दर्ज की गई, जो राष्ट्रीय औसत दर 66.4 से काफी अधिक है। इस साल दिल्ली में महिलाओं के खिलाफ अपराध के 14,247 मामले सामने आए। आधिकारिक आंकड़ों से पता चला है कि दिल्ली में 2021 में ऐसे मामलों की संख्या 14,277 और 2020 में 10,093 रही थी। आंकड़ों में कहा गया है कि उत्तर प्रदेश में 2022 में महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामलों में सबसे अधिक 65,743 प्राथमिकी दर्ज की गईं, इसके बाद महाराष्ट्र (45,331), राजस्थान (45,058), पश्चिम बंगाल (34,738) व मध्य प्रदेश (32,765) रहे। एनसीआरबी के अनुसार पिछले साल देश में जितने मामले सामने आए उनमें से 2,23,635 (50%) इन पांच राज्यों में दर्ज किए गए। 12 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों में अपराध दर राष्ट्रीय औसत 66.4 से अधिक दर्ज की गई। आज जरूरत कानून व्यवस्था सुधारने की है, महिलाओं के लिए भयमुक्त सुरक्षित माहौल बनाने की है। गृह मंत्रालय से लेकर राज्य सरकारें व पुलिस प्रशासन महिलाओं के खिलाफ अपराध रोकने के लिए अगर सफल नहीं हो रहे हैं, तो इसके पैटर्न को बदलने की जरूरत है। चुनावी शोर में महिला सुरक्षा मुद्दा दबना नहीं चाहिए।

विश्लेषण

विनोद पाठक

गहलोत की 'सियासी' पराजय

कांग्रेस के लिए गहलोत बनाम सचिन का फैक्टर आत्मघाती साबित हुआ। सचिन पायलट को तवज्जो न मिलने से पार्टी का एक बड़ा धड़ा नाराज ही रहा। खुद सचिन पायलट ने प्रचार के दौरान मात्र 30 सभाएं कीं। पायलट यही दिखाते रहे कि वो पार्टी के साथ हैं और एकजुटता से चुनाव लड़ रहे हैं, जबकि सच यही है कि सचिन ने अशोक गहलोत को कुर्सी से उतरवाकर अपना प्रतिशोध पूरा किया है। नरेंद्र मोदी और अमित शाह की जोड़ी ने राजस्थान में पिछले कुछ महीनों में माइक्रो मैनेजमेंट कर पार्टी की सत्ता में वापसी कर दी है। गहलोत की गारंटियां फेल रहने के बाद नई सरकार मोदी की गारंटियों को कैसे पूरा करती है, इस पर भी जनता की नजर रहने वाली है।

राजस्थान में रिवाज नहीं बदला। पांच साल बाद कांग्रेस सरकार की विदाई हो गई। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नेतृत्व में यह चुनाव कांग्रेस ने सबसे मजबूती से लड़ा, जहां पार्टी की बुरी तरह हार नहीं हुई है, वरना वर्ष 2013 में कांग्रेस 21 सीटों पर सिमट गई थी। भारतीय जनता पार्टी ने अपनी ओर से मुख्यमंत्री का कोई चेहरा घोषित नहीं किया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चेहरे पर पार्टी वोट मांग रही थी। मुफ्त की योजनाओं से भरे चुनाव में जब मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने गारंटी का नाम लिया तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चुनाव से ठीक पहले मोदी की गारंटी कहकर चुनाव को ही पलट दिया। वैसे, भाजपा को उम्मीद थी कि पार्टी 140 सीटों से ऊपर जा सकती है, लेकिन वो 115 सीटों पर सिमट गई। चुनाव वाले पांच राज्यों में राजस्थान ही एकमात्र ऐसा राज्य था, जिसे लेकर भाजपा पूरी तरह आश्वस्त थी कि उसकी सत्ता में वापसी हो रही है, लेकिन आंकड़ों के हिसाब से राजस्थान सबसे कमजोर साबित हुआ है। निश्चित रूप से भाजपा संगठन के स्तर पर इसकी समीक्षा करेगी। चुनावी वादों को पूरा करने को लेकर नए मुख्यमंत्री के लिए चुनौतियां बड़ी रहने वाली हैं।

पहले बात कांग्रेस की करते हैं। वर्ष 2018 में राज्य में सरकार बनने के बाद से कांग्रेस में अंतरकलह चल रही थी। वर्ष 2019 का लोकसभा चुनाव बुरी तरह हारने के बाद भी मुख्यमंत्री अशोक गहलोत कुर्सी पर बने रहे। कांग्रेस के सूत्र यही बताते थे कि कुर्सी सचिन पायलट को सौंप दी जानी थी, लेकिन अशोक गहलोत अपनी जादूगरी से कुर्सी पर जमे रहे। यही कारण था कि वर्ष 2020 में कोरोना महामारी के बीच में सचिन पायलट ने कुछ विधायकों को लेकर बगावत कर दी। यही से कांग्रेस की हार की पटकथा लिखनी शुरू हो गई थी। जिन गुर्जरों ने कांग्रेस की वर्ष 2018 में सत्ता में वापसी की राह दिखाई थी, वही वर्ष 2023 में कांग्रेस से दूर हो गए। वो पूर्वी राजस्थान में कांग्रेस की हार का बड़ा कारण बने।

कांग्रेस के लिए गहलोत बनाम सचिन का फैक्टर आत्मघाती साबित हुआ। सचिन पायलट को तवज्जो न मिलने से पार्टी का एक बड़ा धड़ा नाराज ही रहा। वो चुनाव में उस तरह से नहीं जुटा, जिसकी पार्टी उम्मीद कर रही थी। खुद सचिन पायलट ने प्रचार के दौरान मात्र 30 सभाएं कीं। पायलट यही दिखाते रहे कि वो पार्टी के साथ हैं और एकजुटता से चुनाव लड़ रहे हैं, जबकि सच यही है कि सचिन ने अशोक गहलोत को कुर्सी से उतरवाकर अपना प्रतिशोध पूरा किया है। गहलोत सरकार के खिलाफ जनता में इस कदर नाराजगी थी कि मुफ्त बिजली, मुफ्त मोबाइल, मुफ्त लैपटॉप, 500 रुपये में सिलेंडर, 50 लाख का स्वास्थ्य बीमा, हर साल घर की महिला को 10,000 रुपये की गारंटी के बाद भी पार्टी 200 सीटों वाली विधानसभा में 69 सीटों पर सिमट गई। वर्ष 2018 में कांग्रेस को 39.3% वोट मिला था, जो इस बार थोड़ा सा बढ़कर 39.5% हो गया, लेकिन उसे 30 सीटों का नुकसान उठाना पड़ा। मुख्यमंत्री समेत 26 मंत्री चुनावी मैदान में थे, जिसमें से 17 मंत्रियों को जनता ने नकार दिया। मुख्यमंत्री गहलोत के नंबर दो कहे जाने वाले

शांति कुमार धारीवाल बमुश्किल जीत सके। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने किसी तरह अपनी सीट बचाई।

जहां तक भाजपा की बात है तो वर्ष 2018 में हार के बाद से पार्टी सरकार के खिलाफ कोई बड़ा आंदोलन खड़ा नहीं कर सकी, जबकि अशोक गहलोत सरकार ने थाली में रखकर कई बड़े मुद्दे दिए। कानून व्यवस्था को लेकर जनता में गुस्सा था, लेकिन भाजपा नेता इस मुद्दे को केवल बयानों में उठाते रहे। कभी सड़कों पर जोर-शोर से नहीं उतरे। महिलाओं के प्रति अपराधों को लेकर आधी आबादी में बेहद आक्रोश था, जो नतीजे में देखने को मिला। किसान कर्जमाफी का बड़ा वादा कांग्रेस ने वर्ष 2018 में किया था, जिसे पूरा नहीं किया जा सका। इस मुद्दे को लेकर भाजपा नेताओं ने पांच साल राहुल गांधी पर निशाना साधा। इसी तरह पेपरलीक का मुद्दा भी एक हथियार के रूप में भाजपा ने इस्तेमाल किया। युवाओं के आक्रोश को भुनाने के लिए पार्टी ने बेरोजगार संघ के अध्यक्ष उपेन यादव को पार्टी का टिकट भी दे दिया। कन्हैयालाल टेलर की गला काटकर हत्या हो या करौली में दंगा, भाजपा ने तुष्टिकरण पर कांग्रेस की घेराबंदी की। सनातन और तुष्टिकरण का फायदा भाजपा को मिला।

वर्ष 2018 में राजस्थान में चले 'मोदी तुझसे बैर नहीं, वसुंधरा तेरी खैर नहीं' के नारे से पार्टी इस कदर भयभीत हो गई थी कि पांच साल उसने किसी भी नेता को आगे नहीं किया। पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे पूरे 5 साल साइडलाइन रहीं। चुनाव से कुछ महीने पहले पार्टी ने प्रदेश अध्यक्ष को बदल दिया। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया को राज्यपाल बनाकर असम भेज दिया। तेजतर्रार राजेंद्र राठौड़ को नेता प्रतिपक्ष और प्रदेश अध्यक्ष रहे सतीश पूनिया को उपनेता प्रतिपक्ष बनाया। पर दोनों नेताओं ने किस तरह विपक्ष की भूमिका निभाई, यह इससे साफ होता है कि दोनों अपने क्षेत्र में चुनाव हार गए, यानी जनता का गुस्सा इस बात को लेकर भी सामने आया है कि सरकार के खिलाफ विपक्ष भी नाकाम रहा। राजस्थान में एक समय लग रहा था कि भाजपा आक्रामक रूप से वापसी करेगी और वर्ष 2013 जैसी एक आंधी चलेगी, जिसमें कांग्रेस 21 सीटों पर सिमट गई थी, लेकिन समय रहते अशोक गहलोत ने इस बात को भलीभांति समझा और चुनाव से कुछ महीने पहले मुफ्त योजनाओं का अंबार लगा दिया। ओल्ड पेंशन स्कीम, वृद्धों की पेंशन में बढ़ोतरी समेत कई लोकलुभाव योजनाएं घोषित कीं। जनता की नब्ज को अच्छे से पहचानने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चुनाव का प्रबंध अपने हाथों में लिया। नरेंद्र मोदी और अमित शाह की जोड़ी ने राजस्थान में पिछले कुछ महीनों में ताबड़तोड़ सभाएं, माइक्रो मैनेजमेंट कर पार्टी की सत्ता में वापसी कर दी है, लेकिन मुख्यमंत्री कौन होगा? इसे लेकर तस्वीर साफ नहीं हुई है। दावेदार कई हैं।

वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव बेहद करीब हैं। एक तरह से लोकसभा की तैयारी शुरू हो गई है। राजस्थान में वर्ष 2019 में भाजपा ने 25 की 25 सीटों पर भगवा ध्वज फहराया था। पार्टी निश्चित रूप से किसी ऐसे चेहरे को नेतृत्व देगी, जो अगले साल पुनः वर्ष 2019 वाली स्थिति को लेकर आए। फिलहाल तो राजस्थान में मोदी की गारंटी से जो लहर बनी है, उससे पार्टी की सत्ता में वापसी हो गई है। कांग्रेस में आने वाले दिनों में कलह और बढ़ने वाली है। इसके संकेत देखने को मिलने शुरू भी हो गए हैं। निशाने पर अशोक गहलोत हैं। इन सबके बीच गांधी परिवार की राजस्थान को लेकर कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। राजस्थान में आगामी कुछ महीने बेहद उतार-चढ़ाव वाले रहने वाले हैं। गहलोत की गारंटियां फेल रहने के बाद नई सरकार मोदी की गारंटियों को कैसे पूरा करती है, इस पर भी जनता की नजर रहने वाली है।

राजनीति

डा. आशीष वशिष्ठ

हिंदी पट्टी में कांग्रेस की हार के मायने

पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों को अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव का सेमीफाइनल माना जा रहा था। खासकर हिंदी पट्टी के तीन राज्यों राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के चुनाव नतीजों पर देशभर की आंखें टिकी हुई थी। इन तीन राज्यों में जिस तरह भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस को पछाड़ा है, वो काबिलेतारीफ है। वास्तव, में कांग्रेस को इस बात का भरोसा था कि वो छत्तीसगढ़ में अपनी सरकार बरकरार रखेगी और मध्य प्रदेश को भाजपा से छीन लेगी। राजस्थान को लेकर उसकी राय यह थी कि यहां कांटें की टक्कर होगी, और हो सकता है कि अशोक गहलोत अपनी सरकार बचा पाने में सफल रहेंगे। लेकिन कांग्रेस के रणनीतिकारों के सारे अनुमान धरे के धरे रह गए और भारतीय जनता पार्टी ने मध्य प्रदेश में ऐतिहासिक जीत दर्ज की ही। वहीं उसने कांग्रेस से राजस्थान और छत्तीसगढ़ जैसे दो अहम राज्य छीन लिए। भाजपा राजस्थान और एमपी को लेकर आश्वस्त थी, छत्तीसगढ़ तो बोनस की तरह झोली में आ गया।

मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में विधानसभा की 519 और लोकसभ की 65 सीटें आती हैं। अगर हिंदी पट्टी के राज्यों जम्मू कश्मीर, हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश, उत्तराखण्ड, दिल्ली, राजस्थान, बिहार, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड और केंद्र शासित चंडीगढ एवं लेह लद्दाख में कुल 245 लोकसभा की सीटें आती हैं। वर्तमान में कांग्रेस के पास हिंदी पट्टी में मात्र 14 लोकसभा सांसद हैं। वर्तमान लोकसभा में कांग्रेस के कुल 51 सांसद हैं।और हिंदी पट्टी के एकमात्र राज्य हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस की सरकार है। हिंदी पट्टी के राज्य केंद्र में किसकी सरकार बनेगी ये तय करने में बड़ी भूमिका निभाते हैं। ताजा चुनाव नतीजों से पार्टी की लोकसभा चुनाव तैयारियों को बड़ा झटका लगना तय है। अगर हिन्दी पट्टी के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश की बात की जाए तो यहां कांग्रेस पिछले तीन दशकों से अपनी जमीन तलाश रही है। साल 2022 में उत्तर प्रदेश का विधानसभा चुनाव कांग्रेस का अब तक सबसे खराब प्रदर्शन रहा। कांग्रेस को दो सीटों पर जीत हासिल हुई। असल में कांग्रेस की यूपी में खराब हालत 1985 से ही जारी है। उत्तर प्रदेश में कांग्रेस तब से 50 सीटें भी नहीं जीत पाई है।

विधानसभा चुनाव को लोकसभा चुनाव का सेमीफाइनल माना जा रहा था, ऐसे में कांग्रेस ने चुनाव जीतने के लिए हर पैंतरे का प्रयोग किया। प्रधानमंत्री मोदी पर सीधे हमले के साथ ही, जाति जनगणना और जनता को लुभाने के लिए वायदे भी जमकर किये गये। बावजूद इसके पार्टी हिंदी पट्टी में बुरी तरह हार गई। खासकर मध्य प्रदेश में कांग्रेस ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी, लेकिन वहां बीजेपी 18 साल के अपने शासन को बरकरार रखने में सफल रही। पर कांग्रेस राजस्थान और छत्तीसगढ़ में अपने पांच साल के कार्यकाल के बाद ही भ्रष्टाचार, तुष्टिकरण, वायदाखिलाफी और अकुशल प्रशासन के चलते सत्ता से बाहर हो गई। छत्तीसगढ़ में बीजेपी ने वर्ष 2003 से 2018 तक 15 साल शासन किया था। उसके बाद 2018 में कांग्रेस की सत्ता स्थापित हुई। लेकिन प्रदेश की जनता ने पांच साल में ही उसे सत्ता से बेदखल कर दिया। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस ने 2018 के चुनाव में शराबबंदी का वादा किया था। लेकिन पांच साल में उसने यह वादा पूरा नहीं किया। उलटा बघेल सरकार पर षराब घोटाले के आरोप लगे। सीमेंट घोटाला और महादेव बैटिंग एप्प के आरोपों में भी बघेल सरकार घिरती दिखाई दी। तमाम आरोपों के बावजूद कांग्रेस को इस बात की पूरी उम्मीद थी कि प्रदेश में बीजेपी कमजोर स्थिति में है, ऐसे में वो सरकार बनाने में कामयाब रहेगी। प्रदेश की जनता ने सारे विश्लेषणों को फेल करते हुए बीजेपी के हक में अपना फैसला सुनाकर सबको चौंका दिया। ताजा चुनाव नतीजों में देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस का एक साथ हिंदी पट्टी के तीन राज्यों में हार से उसके नेताओं और कार्यकर्ताओं का मनोबल गिरेगा। राहत की बात यह है कि दक्षिण भारत के राज्य तेलंगाना में कांग्रेस की सरकार बन रही है। तीन अहम राज्यों में हार से राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा के नेतृत्व पर भी सवालिया निशान लग गया है।

संपत्ति को परमार्थ में न लगाना ही असफलता

संकलित

दर्शन

संतोष सभी गुणों में सर्वोपरि है। जीवन में संतुष्टि है, तो सद्गुणों को अपनाना सहज है। जहां सद्गुणों का वास है, वहां दुर्गुणों का नाश हो ही जाता है। क्योंकि, असंतुष्टि अशांति व अवगुणों की जननी है। असंतुष्टि का कारण अप्राप्ति है, किसी न किसी इच्छा या अपेक्षा की अपूर्ति है। ईश्वरीय ज्ञान, गुण व शक्तियों की प्राप्ति, धारणा व उपार्जन से इंसान की सभी सदिच्छाओं व आवश्यकताओं की सहज पूर्ति हो जाती है। संतुष्ट आत्मा बनने का अर्थ है सदा सत्य और सदाचार के मार्ग पर चलना। संतोष द्वारा सर्व दिव्य गुणों का आह्वान होता है, जिससे सर्व अवगुणों की आहुति स्वतः हो जाती है। जीवन में अप्राप्ति या असंतुष्टि का कारण अंदर की कमियां या कमजोरियां ही हैं, जो परमात्म ज्ञान और योग साधना की प्राप्तियों से दूर हो जाती हैं। जिन्हें सर्व प्राप्तियां हैं, उसके चिह्न उनके मुख और व्यक्तित्व में प्रसन्नता के रूप में दिखाई देते हैं। आजकल लोगों के चेहरे पर सदा प्रसन्नता की झलक देखने को नहीं मिलती है। इंसान कभी प्रसन्नचित्त है तो और कभी प्रश्नचित्त बन जाता है। किसी भी परिस्थिति में हम क्यों, क्या, कैसे, कब... जैसे प्रश्नों से प्रश्नचित्त बन जाते हैं। पर कुछ लोग ऐसे भी हैं, जो सदा प्रसन्नचित्त होते हैं। उनकी किसी भी बात में प्रश्न नहीं होता है। जो प्राप्तियों से संपन्न होता है, उसमें हलचल नहीं होती है। जो खाली होता है, उसमें हलचल होती है। स्वयं से पूछिए कि क्या मैं सदा प्रसन्नचित्त रहता या रहती हूं? यदि प्रसन्नता कम होती है तो उसका कारण प्राप्ति की इच्छा है।

दूसरों की भलाई करने वालों का स्थान सबसे ऊंचा

संकलित

प्रेरणा

कन्फ्यूशियस चीन के एक दार्शनिक थे। उनका जन्म करीब 551 ईसा वर्ष पूर्व हुआ था। कन्फ्यूशियस इतने विद्वान थे कि उनके पास कई राजा-महाराज भी मिलने पहुंचे थे। एक बार चीन के राजा ने कन्फ्यूशियस से पूछा था कि आप मुझे किसी ऐसे व्यक्ति के बारे में बताएं, जिसका स्थान सबसे ऊंचा है। कन्फ्यूशियस ने राजा से कहा कि वह इंसान आप खुद ही हैं, क्योंकि आप हमेशा सत्य जानना चाहते हैं। राजा ने कहा कि आप तो मुझे मुझसे भी अच्छे व्यक्ति के बारे में बताइए। कन्फ्यूशियस ने तुरंत कहा कि आपसे अच्छा व्यक्ति तो मैं ही हूं, क्योंकि मैं भी आपकी तरह ही सत्य को जानना चाहता हूं। राजा बोला कि आपसे भी अच्छा और कौन है? इसके बाद कन्फ्यूशियस ने कहा कि मैं ऐसे एक व्यक्ति को जानता हूं, जो हम दोनों से भी महान है। चलिए, मैं आपको उससे मिलवाता हूं। कन्फ्यूशियस राजा को लेकर एक बूढ़े के पास पहुंचे। वह बूढ़ा व्यक्ति कुआं खोद रहा था। कन्फ्यूशियस ने कहा कि महाराज, ये व्यक्ति सबसे महान है, उसका स्थान हम सबसे बहुत ऊंचा है, क्योंकि ये दूसरों को पानी मिल सके, इसलिए कुआं खोद रहा है। ये दूसरों की भलाई के लिए अपनी सुख-सुविधा का भी त्याग कर देता है। इसका शरीर बूढ़ा हो गया है, लेकिन अभी भी ये दूसरों के लिए सेवा का काम कर रहा है। इसलिए इसका स्थान सबसे ऊंचा है।

अंतर्मन

आज की पाती

भाजपा के लिए वादे निभाना आसान नहीं होगा

भाजपा को तीन राज्यों में सत्ता मिलती प्रतीत हो रही है। मध्यप्रदेश, राजस्थान व छत्तीसगढ़ में उसे बहुमत मिलने के आसार हैं। मध्यप्रदेश में उसकी जीत का श्रेय लाडली बहना योजना को जाता दिख रहा है। भाजपा ने कई और वादे भी जनता से किए हैं। ये वादे निभाने के लिए भाजपा को राजस्व भी जुटाना होगा जो एक मुश्किल काम होगा। उसे राजस्व के वैकल्पिक स्रोत ढूंढने होंगे और अपनी गारंटियों को एक-एक करके पूरा करना होगा। राजस्थान व छत्तीसगढ़ में भी भाजपा ने कई लोकलुभावन वादे जनता से किए हैं। केंद्र को इन राज्यों की पूरी मदद करनी होगी क्योंकि इन राज्यों में मोदी ने आगे आकर खुद चुनाव प्रचार किया था।

- राजेश साहू, कांकेर

ट्रेंड

चार ही जातियां

पांच राज्यों के इस विधानसभा चुनाव में देश को जातियों में बांटने की बहुत कोशिशें हुईं, लेकिन मैं लगातार कह रहा था कि मेरे लिए देश में चार जातियां ही सबसे बड़ी जातियाँ हैं, हमारी नारी शक्ति, युवा शक्ति, हमारे किसान और हमारे गरीब परिवार। इसके अलावा कोई जाति नहीं

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

गले उतर पाना मुश्किल

चार राज्यों में विधानसभा चुनाव के आए परिणाम एक पार्टी के पक्ष में एकतरफा होने से शंकित, अचंभित व चिन्तित होना स्वाभाविक है, ऐसा परिणाम गले के नीचे उतर पाना बहुत मुश्किल।

-मायावती, बसपा नेता

विक्रांत पर यात्रा

मेरे बचपन की सबसे ऊर्जावान यादों में से एक हमारे पहले विमानवाहक पोत, आईएनएस विक्रांत पर एक यात्रा है। मुझे सुरक्षित और संरक्षित होने की एक मजबूत भावना याद है। हमारी नौसेना अभी भी मुझे ऐसा ही महसूस कराती है।

-आनंद महेंद्रा, उद्योगपति

श्रेयस अय्यर की सराहना

श्रेयस अय्यर ने हाल ही में शानदार प्रदर्शन किया है और इसकी सराहना की जानी चाहिए। अब समय आ गया है कि दुनिया उसकी ताकत के बारे में बात करना शुरू कर दे, न कि उसकी कमजोरी की ओर इशारा करती रहे।

-मोहम्मद कैफ, क्रिकेटर

करंट अफेयर

अमेरिकी जहाज की द. चीन सागर में गैरकानूनी घुसपैठ

चीन की सेना ने दावा जताया है कि अमेरिका के एक नौसैन्य जहाज ने विवादित द्वीप 'सेकंड थॉमस शोल' के समीप समुद्र में सोमवार को 'अवैध रूप से घुसपैठ' की। यह द्वीप दक्षिण चीन सागर में चीन और फिलीपीन के बीच क्षेत्रीय विवाद की जड़ है। पीपुल्स लिबरेशन आर्मी के साउदर्न थिएटर ने एक बयान में कहा कि अभियान के दौरान यूएसएस गैब्रियल गिफोर्ड्स पर नजर रखने के लिए चीन के नौसैन्य बल को तैनात किया गया। अमेरिकी नौसेना ने अभी इस पर कोई टिप्पणी नहीं की है। चीन और फिलीपीन की नौसेना और तटरक्षक बल के जहाजों के बीच हाल के दिनों में 'सेकंड थॉमस शोल' के आसपास बार-बार टकराव हुआ है।

ऑफ बीट

शरीर के बाहर मानव भ्रूण विकसित करना संभव

आईवीएफ, दानदाता से मिलने वाले अंडे और शुक्राणु, गर्भ प्रत्यारोपण, सरोगेसी और अंडा फ्रीजिंग जैसी प्रथाओं का मतलब है कि कई लोगों के लिए अब पहले से कहीं अधिक विकल्प हैं कि क्या, कब और कैसे बच्चा पैदा करना है। फिर भी, इन प्रगतियों के बावजूद, प्रजनन का एक पहलू स्थिर बना हुआ है और वह है गर्भ में भ्रूण को विकसित करने की आवश्यकता। लेकिन अगर प्रौद्योगिकी ने मानव शरीर के बाहर भ्रूण को विकसित करना संभव बना दिया तो पितृत्व के बारे में हमारी धारणाओं का क्या होगा? हाल तक, एक्टोजेनेसिस - शरीर के बाहर भ्रूण का विकास - का विचार विज्ञान कथा रहा है।

संक्षेप

अमेठी में अज्ञात वाहन ने युवक को मारी टक्कर, मौत

प्रयागराज-अयोध्या हाइवे पर हुआ हादसा, मृतक के शिनाख्त में जुटी पुलिस

अमेठी जिला, अमेठी में देर रात प्रयागराज-अयोध्या हाईवे पर सड़क पार कर रहे युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। युवक का शव रात भर हाईवे किनारे पड़ा रहा। आज सुबह ग्रामीण जब घर से बाहर जा रहा था।तो उनकी नजर शव पर पड़ी। जिसके बाद पुलिस सूचना दी गई। सूचना पर स्थानीय पुलिस मौके पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। दरअसल ये पूरा मामला रामगंज कोतवाली क्षेत्र के अयोध्या-प्रयागराज पर स्थित त्रिसुंडी गांव के पास का है। जहां देर रात किसी अज्ञात वाहन ने एक युवक को टक्कर मार दी। वाहन मौके पर फरार हो गया। युवक का शव रात भर सड़क किनारे पड़ा रहा। सुबह ग्रामीण जब हाईवे किनारे गये तो उनकी नजर शव पर पड़ी। जिसके बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर इकट्ठा हो गए। पुलिस को सूचना दी।सूचना मिलते ही रामगंज पंकज द्विवेदी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर मौजूद लोगों के मृत युवक की शिनाख्त करवाने की कोशिश की। लेकिन सफलता नही मिली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए पहचान कराने के साथ ही हादसा करने वाले वाहन की तलाश शुरू कर दी है। एसएचओ पंकज द्विवेदी ने कहा कि त्रिसुंडी गांव के पास अज्ञात वाहन ने युवक को टक्कर मार दी। युवक की मौके पर ही मौत हो चुकी थी।

गला घोंटकर हुई थी मासूम विवेक की हत्या

मां बोली-हमें चाहिये इंसाफ, पिता ने पुलिस पर लगाया कार्रवाई ने करने का आरोप

सुलतानपुर, सुल्तानपुर के गोसाईगंज थाना अंतर्गत उघड़पुर में नौ वर्षीय विवेक की गला घोंटकर हत्या की गई। पीएम रिपोर्ट में इसकी पुष्टि हुई है। शव का आज अंतिम संस्कार किया जाएगा। वहीं बच्चे की मां ने रोते हुए इंसाफ मांगा है। जबकि पिता पहली बार कैमरे पर आया और वो पुलिस पर आरोप लगा रहा है। मृतक विवेक के पिता अब भी यही कह रहे हैं कि उनके बेटे की हत्या रास्ते के विवाद में हुई रंजिश के कारण हुई है। तेहरवीं में हमारा बेटा पानी पिला रहा था। हमारे बेटे को सत्यम दुबे, आदित्य दुबे, सोनू दुबे, प्रियांशु दुबे, अभिषेक ये सब लेकर गए और मंदिर के पीछे कुंडे में डुबोकर ईंटा रख दिए। अभी एक नहीं पकड़ा गया है जो सबसे बड़ा डॉन है वो बाहर है। वो पैसा देकर सब करा रहा है। जिनके नाम छूटे हैं सबके नाम एफआईआर करके हमें जनता के बीच दें। गोसाईगंज थानाक्षेत्र के उघड़पुर गांव में रविवार को राघवराम के नौ वर्षीय पुत्र विवेक का शव ट्यूबेल के पास टैंक में मिलने से हड़कंप मच गया था। पिता ने गांव के आदित्य दुबे पुत्र जनार्दन दुबे, सत्यम दुबे पुत्र शिव पूजन दुबे और प्रियांशु शुक्ला पुत्र राजू शुक्ला विवेक को भगा ले जाने का आरोप लगाया था।

करणी सेना अध्यक्ष की हत्या के विरोध में क्षत्रिय हुए लामबंद

जुलूस निकालकर किया विरोध प्रदर्शन

हत्यारों को फांसी की मांग पर अड़ा क्षत्रिय समाज

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। विगत पांच दिसंबर को राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेडी की नृशंस हत्या किये जाने के विरोध मे गुरूवार को कैसरगंज हनुमान मंदिर के निकट एकत्रित होकर प्रदर्शन किया क्षत्रिय समाज के लोगों ने हनुमान मंदिर से पैदल चलकर प्रदर्शन करते हुए तहसील परिसर कैसरगंज में एकत्रित होकर राष्ट्रपति को सम्बोधित एक ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौपा। राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के कैसरगंज अध्यक्ष गौरव सिंह, डॉ.अरविंद सिंह बिसेन, डॉ.योगेश प्रताप सिंह, अभिलाष राज सिंह, प्रफुल्ल राज सिंह आदि ने कहा कि सनातन क्षत्रिय समाज के संरक्षक सुखदेव सिंह गोगामडी हमारे समाज के अगुवा थे जिनकी नृशंस हत्या राजस्थान सरकार व शासन प्रशासन के मुंह पर एक तमाचा है। जुलूस का नेतृत्व कर रहे गौरव सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि क्षत्रिय समाज उप जिलाधिकारी कैसरगंज को दिए गए पत्र-ज्ञापन के जरिए महामहिम राष्ट्रपति भारत सरकार से यह मांग करते हैं कि हत्यारे दोषियों को पकड़कर तत्काल प्रभाव से फांसी की सजा दी जाए, साथ ही स्व. श्री सुखदेव सिंह गोगामेडी जी के परिजनों के आर्थिक सहायता के साथ सुरक्षा भी मुहैया करवाया जाए। सैकड़ो की संख्या में प्रदर्शनकारियों ने नायब तहसीलदार पी.पी.गिरी को ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर शिव,भाजपा युवा मंडल अध्यक्ष सी.पी.सिंह, अनिरुद्ध प्रताप सिंह अरुण, रामेन्द्र देव सिंह गुड्डू, अमित सिंह काका, पवन कुमार सिंह, शिवानंद सिंह, बृजेश सिंह राठौड़, विकास सिंह, अनुराग सिंह , लिटिल सिंह, मानवेंद्र प्रताप सिंह, अधिवक्ता राघव सिंह, प्रवीण सिंह, शिवम सिंह, धर्मेंद्र सिंह, अनिल वर्मा विपुल महेश सिंह, अजय सिंह आदि सहित सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद रहे।

बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करे कार्यकर्ता: रामनिवास वर्मा

अपना दल (एस) की मासिक बैठक मे हुआ मन्थन

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। अपना दल(एस) बहराइच की एक बैठक रानी बाग कैसरगंज में आयोजित की गई ।इस बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष गिरीश कुमार पटेल ने तथा संचालन राम सरन पटेल ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नानपारा विधायक रामनिवास वर्मा व विशिष्ट अतिथि के रूप में अपना दल के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य अर्जुन सिंह पटेल व संजीव राठौड़ राष्ट्रीय सचिव (युवा मंच) मौजूद रहे ।मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विधायक रामनिवास वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि 2024 में एनडीए की केंद्र में पुनः सरकार बनने के लिए एवं अनुप्रिया पटेल के नेतृत्व में अपना दल(एस) की ज्यादा से ज्यादा हिस्सेदारी के लिए संगठन को सशक्त एवं जुझारू बनाना होगा। विशिष्ट अतिथि अर्जुन सिंह पटेल ने अपने संबोधन में कहा कि अनुप्रिया पटेल को की शीर्ष सत्ता पर बैठाने के लिए हर बूथ सेक्टर जीन व विधानसभा स्तर की सभी इकाइयों को मजबूत करने के साथ प्रशिक्षित कार्यकताओं की फौज तैयार करनी होगी। मासिक बैठक मे ओमप्रकाश पटेल प्रदेश महासचिव बौद्धिक मंच, विमल वर्मा अमर सिंह तरुण,सत्येंद्र वर्मा, रामकुमार पटेल, राममोहन पटेल, मदनलाल वर्मा, शिवपूजन वर्मा, ओमकार कौशल, डा0 भूपेंद्र श्रीवास्तव,पेशकार पटेल, अर्जुन सिंह लोधी, राम राज भास्कर, आदि ने भी संबोधित किया।इस अवसर पर चंदन कुमार पटेल, दीपक भारती, संजय साहू, महेश कुमार वर्मा, रितेश सिंह उपस्थित रहे।

परिषदीय स्कूलों के शिक्षकों को वितरित किया गया टैबलेट

अमन लेखनी समाचार

बाबागंज, बहराइच। ब्लॉक संसाधन केंद्र नवाबगंज (बाबागन्ज) परिसर में शिक्षकों कों टैबलेट का वितरण किया गया। परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत अध्यापकों कों बीआरसी मुख्यालय स्तिथ बाबागंज में गुरुवार कों टेबलेट वितरण का कार्यक्रम आयोजित हुआ।बताते चले विभाग द्वारा वितरण कियें गए टैबलेट से विभागीय ऑनलाइन कार्य करने में सहूलियत मिलेगी।साथ ही साथ विद्यालय अभिलेख डिजिटल होंगे और 14 रजिस्टर (पंजिका) कों अपलोड करना भी ससमय प्रशिक्षण के माध्यम से किया जाएगा। प्राप्त टैबलेट से ऑनलाइन प्रशिक्षण स्वयं प्राप्त कर सकेंगे शिक्षक।टैबलेट मिलने से स्कूल में अध्ययनरत छात्रों कों आधुनिक तकनीकी से विभिन्न प्लेटफार्म के माध्यम से शिक्षण कार्य करने में काफी आसानी होंगी।टैबलेट वितरण के मौके पर खंड शिक्षा अधिकारी नवाबगंज राधेश्याम वर्मा ने कहा कि परिषदीय विद्यालयों कों डिजिटल व तकनीकी रूप से सशक्त बनाने हेतु विभाग द्वारा शिक्षकों कों टैबलेट उपलब्ध कराया जा रहा है। प्राप्त टैबलेट से उनके काम में आसानी होगी और वह बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान कर सकेंगे। प्राप्त 588 टैबलेट के सापेक्ष परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों कों 300 टैबलेट वितरित किया गया। इस मौके पर शिक्षक मो0 शमीम, अरविंद वर्मा,कैलाश नाथ वर्मा, चंद्रेश पाठक, जितेंद्र शर्मा, विनोद गिरी,निर्मल चौधरी,दिलीप कुमार, अजय मिश्रा, सुमित शुक्ला, बृजभूषण वर्मा, मो0 जहीर,आलोक वर्मा, अंकुर वर्मा, विपुल सिंह, दिनेश पटेल आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

सशस्त्र सेना झण्डा दिवस पर खुले हाथों दान करें धनराशि: डीएम

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। शहीद वीर सैनिकों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए प्रत्येक वर्ष 07 दिसम्बर ह्यह्यसशस्त्र सेना झण्डा दिवसह्यह्य के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर वीर सैनिकों तथा उनके परिवारजनों के कल्याणार्थ धन संग्रह कर कृतज्ञ राष्ट्र शहीद वीर सैनिकों के प्रति अपनी सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करता है। उल्लेखनीय है कि इस अवसर पर संग्रहीत धनराशि शहीद सैनिकों भूतपूर्व सैनिकों तथा परिजनों के कल्याण एवं पुनर्वास जैसे पुनीत कार्य में उपयोग की जाती है।

सशस्त्र सेना झण्डा दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक को सम्बोधित करते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने सभी अधिकारियों, कर्मचारियों तथा आमजन से अपील की है कि सशस्त्र सेना झण्डा दिवस के अवसर पर अधिक से अधिक धनराशि दान करें। डीएम ने अधिकारियों से अपील की है कि इस बात का प्रयास करें कि विभाग के लिए निर्धारित लक्ष्य से अधिक धनराशि एकत्र की जाय ताकि ऐसे पुनीत कार्य के लिए जनपद का योगदान उल्लेखनीय रहे। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी, कर्नल महेश चन्द्र ध्यानी (अ.प्रा.) ने अधीनस्थ कार्मिकों भानु प्रताप गुप्त, नरेन्द्र कुमार, जगदम्बा प्रसाद एवं एन.सी.सी. के कैडेट तथा भूतपूर्व सैनिकों के साथ जिलाधिकारी मोनिका रानी को टोकेन फ्लैग लगाया। कार्यक्रम के दौरान मौजूद अन्य अधिकारियों को टोकेन फ्लैग लगाकर दानपात्र में धनराशि का संग्रहण किया गया। सशस्त्र सेना झण्डा दिवस के प्रति आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट से जागरूकता रैली भी निकाली गयी।

डीएम ने प्राथमिक विद्यालय का किया निरीक्षण

वीजुअली इफेक्ट के माध्यम से बच्चों से किया सवाल, जवाब

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। परिषदीय विद्यालयों के पठन-पाठन, भवन, कक्ष-कक्षों, तथा परिसर इत्यादि की साफ-सफाई इत्यादि व्यवस्थाओं का जायजा लने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी ने विकास खण्ड महसी के प्राथमिक विद्यालय गंगापुरवा द्वितीय का औचक निरीक्षण किया। डीएम ने कक्षा 2 की छात्र-छात्राओं को उंगलियों के सहारे गणित पढ़ाकर शिक्षा के साथ-साथ नेत्रों के स्वास्थ्य का भी जायजा लिया। डीएम ने शिक्षको को निर्देश दिया कि बच्चों का होमवर्क नियमित जांच की जाय। साथ ही बच्चों की उपस्थिति पर विशेष ध्यान दिया जाय, किसी भी दशा में 65 प्रतिशत से कम उपस्थिति बच्चों की न होनी पाये। उन्होनें यह भी निर्देश दिया कि राशन कार्ड में 05 से अधिक परिवार वाले बच्चों का आयुष्मान कार्ड भी बनवाये। इसके अलावा अवशेष बच्चों का आधार कार्ड भी बनवाये। उन्होनें निरीक्षण के दौरान बच्चियों का कुशलक्षेम पूछते हुए पठन-पाठन की गुणवत्ता तथा अन्य व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए सीख दी कि मन लगाकर पढ़ाई करें और समाज में ऊंचा मुकाम हासिल कर अपने परिवार का नाम रोशन करें। एमडीएम की जानकारी करने पर पाया गया कि मेन्यू के अनुसार बच्चों को रोटी व सब्जी युक्त दाल दी गई है। शिक्षण स्टाफ को निर्देश दिया कि बच्चों को उच्च गुणवत्ता की शिक्षा प्रदान करते हुए उन्हें संस्कारशील भी बनायें तथा बच्चियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान करें। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी महसी राकेश कुमार मौर्या, खण्ड विकास अधिकारी महसी हेमन्त यादव भी मौजूद रहे।

पोषण एवं बाल विकास परियोजना में हुआ चार दिवसीय प्रशिक्षण

सलाद की गुणवत्ता के बारे में दी गई जानकारी

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। बहराइच केडीसी कालेज में वीरवार होम साइंस विभाग में पोषण एवं बाल विकास के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया चार दिवस कार्यशाला एवीएन व्यवसाय का योजना पोषण एवीएन बाल विकास के चौथे दिवस पर सलाद कार्यशाला का आयोजन कराया गया जिसका शुभारंभ राजकीय पीजी कॉलेज श्रावस्ती प्रचार्य डॉक्टर पुनम सोनकर डॉ.ने किया और बताया आज के युग का सबसे फायदेमंद भोजन घर का शुद्ध भोजन है जंक फ्रुड से दूर रहे।डॉ. रत्ना शकुंतला कॉलेज चिलवरिया के द्वार बताया गया कि सलाद को खाने में अनिवार्य रूप से खाने में खाना चाहिए।कार्यक्रम में विशेष जानकारी देते हुए डॉक्टर तस्लीम फातिमा सईदी ने कार्यक्रम की विशेष जानकारी देते हुए डॉक्टर तस्लीम फातिमा जैदी ने खाने के साथ क्या क्या उपयोगी है जानकारी दी।डॉ. अर्चना वर्मा एकलव्य महाविद्यालय, जरवलरोड डॉ. वर्मा मैम ने बहुत ही अच्छी तरह से सलाद की उपयोगिता को समझाया। इस मौके पर राकेश कुमार गुप्ता के द्वार रक्तदाता की कमी को कैसे दूर किया जाए बताया गया सचिव एसपी सिंह के द्वार बताय गया कि हमे खाने-पीने में और हमेशा गर्म पानी का उपयोग करना चाहिए जिसे हमारे पेट को खाना पचाने में आसान होकिसान पीजी कॉलेज प्रचार्य विनय सक्सेना में संबंधित के द्वार कार्यक्रम को सराहा गया एवीएन पोषण से संबंधित उद्बोधन किया गया। शैली सिंह छात्रा ने शराब और सौम्या सिंह ने आहार नियोजन को लेकर के व्याख्यान प्रस्तुत किया और भी अन्य बच्चों के व्याख्यान प्रस्तुत हुए साथ ही गृह विभाग गृह विज्ञान विभाग अध्यक्ष व डॉ तस्लीम फातिमा जैदी ने बताया। हमें संतुलित आहार चाहिए या ध्यान देना चाहिए हम अपने आस-पास की चीजों को खाने में अधिक मौजुद रखना चाहते हैं जो हमारे आस-पास की चीजें हो रही हैं उनको खाएं और अपने भोजन को खाने में रंगीन फूड खाए। कार्यक्रम में विशेष व्याख्यान देने के लिए राकेश कुमार गुप्ता जिला सलाहकार राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम बहराईच,के साथ होम साइंस डिपार्टमेंट से डॉक्टर जड़ी डॉक्टर अर्चना वर्मा डॉक्टर सरिता शुक्ला स्नेहा सिंह डॉ तस्लीम फातिमा जैदी डॉ आनंद श्रीवास्तव डॉ अर्चना निगम सत्य भूषण सिंह धर्मवीर सिंह सरिता वर्मा धर्मेंद्र त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

अमेठी में सामूहिक विवाह का आयोजन

एक साथ 196 जोड़ों की हुई शादी, समाज कल्याण अधिकारी और डीडीओ समेत कई अधिकारी रहे मौजूद

अमन लेखनी समाचार

अमेठी जिला, प्रदेश सरकार के निर्देश पर आज अमेठी में सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया। सामूहिक विवाह में एक साथ 196 जोड़ों की शादी विधि विधान द्वारा करवाई गई। विवाह के बाद सभी जोड़ो को शासन द्वारा उपहार स्वरूप निर्धारित सामानों को भी दिया गया। इस दौरान जिला समाज कल्याण अधिकारी,जिला विकास अधिकारी समेत कई अधिकारी मौजूद रहे जिन्होंने नव युगल जोड़ो को अपना आशीर्वाद दिया। दरअसल आज अमेठी के भेटुआ ब्लाक में शासन के निर्देश पर आज सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया।विवाह में एक साथ हिन्दू मुस्लिम और बौद्ध समुदाय के जोड़ो की शादी सम्पन्न हुई। 196 जोड़ों की हुई सामूहिक विवाह में 23 मुस्लिम जोड़ो,20 बौद्ध जोड़े और 153 जोड़े शामिल रहे।मुस्लिम जोड़ो का निकाह पढ़वाया गया, जबकि बौद्ध जोड़ो का उनके धर्मगुरुओं ने निकाह सम्पन्न कराया। वहीं हिन्दू जोड़ों का हिन्दू रीति रिवाज से शादी करवाई गई।इस दौरान ब्लाक प्रमुख आकर्ष शुक्ला, बीडीओ समेत कई अधिकारी मौजूद रहे जिन्होंने नव दाम्पत्य जोड़ों को बधाई दी। नव युगल जोड़ो को शासन द्वारा उपहार स्वरूप निर्धारित सामनो को भी दिया गया।

वहीं सामूहिक विवाह को लेकर जिला विकास अधिकारी तेजभान ने कहा कि आज 196 जोड़ो की शादी करवाई गई है जिसमे हिन्दू,मुस्लिम और बौद्ध जोड़े शामिल थे।मुस्लिम जोड़ो को मौलाना द्वारा निकाह पढ़वाया गया,बौद्ध जोड़ो के धर्मगुरु आये थे।शासन द्वारा निर्धारित उपहार को भी सभी को दिया गया है। वहीं जिला समाज कल्याण अधिकारी राजेश कुमार शर्मा ने कहा कि शासन द्वारा निर्धारित सभी सामनो को नव युगल जोड़ो को दिया गया।नव युगल जोड़ो को दिए जाने वाले समान साशन द्वारा फाइनल किया जाता है।

स्वामी ब्रह्मानंद जी के 129वें जन्मोत्सव पर निकाली शोभायात्रा

- हजारों की संख्या में लोग रहे मौजूद, पिछड़े क्षेत्र में शिक्षा की अलख जगाने का महत्वपूर्ण कार्य किया था

अमन लेखनी समाचार

राठ, राठ कस्बे के स्वामी ब्रह्मानंद परास्नातक महाविद्यालय से आज दिन में स्वामी ब्रह्मानंद जी के 129 वें जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में एक विशाल एवं भव्य शोभायात्रा नगर के मुख्य मार्गों से निकाली गई। आयोजित शोभायात्रा में नगर के हजारों लोग मौजूद रहे। राठ क्षेत्र में शिक्षा की अलख जगाने वाले संत स्वामी ब्रह्मानंद जी का आज 129वां जन्मोत्सव राठ कस्बे के स्वामी ब्रह्मानंद परास्नातक महाविद्यालय में धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान स्वामी ब्रह्मानंद परास्नातक महाविद्यालय में विभिन्न कार्यक्रमों सहित व्याख्यान माला, स्वामी जी की चित्र प्रदर्शनी, एवं दंगल प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। वहीं आज उनके 129 वें जन्मोत्सव के उपलक्ष्य पर विशाल एवं भव्य शोभायात्रा का भी आयोजन किया गया। स्वामी जी इस शोभायात्रा को नगर के मुख्य मार्गो से निकाला गया। बता दें कि स्वामी ब्रह्मानंद जी ने राठ जैसे पिछड़े क्षेत्र में शिक्षा की अलख जगाने का महत्वपूर्ण कार्य किया था। उन्होंने अपने जीवन काल में विभिन्न शैक्षिक संस्थाओं की स्थापना कर लोगों को शिक्षित बनाकर शिक्षा के महत्व को समझाया। स्वामी ब्रह्मानंद जी पहले सन्यासी सांसद थे जो कि सन 1967 में हुए लोकसभा चुनाव में भारी मतों से विजय होकर संसद पहुंचे थे।

प्रतापगढ़ में बेकाबू होकर पलटी थार

बाल-बाल बचे थार सवार चारों दोस्त, शादी समारोह से लौट रहे थे



अमन लेखनी समाचार

लालगंज, प्रतापगढ़ के लालगंज में सगरा सुंदरपुर में तेज रफ्तार के चलते बेकाबू हुआ थार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। हादसे में इस पर सवार सभी चार युवक बाल-बाल बच गए। घटना के चलते मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। कुंडा कोतवाली के शिलावटपुर निवासी अक्षत सिंह यादव पुत्र अपने दोस्तों गांव के शान शेखर सिंह यादव, जेठवारा के सरियापुर नौबस्ता निवासी नवल यादव व कटरा सदर के अनिरुद्ध यादव के साथ थार से लीलापुर थाना के डांडी गांव किसी काम से गए थे। सोमवार को शादी समारोह में गए हुए थे। लौटते वक्त चारों दोस्त लालगंज की ओर जा रहे थे। बताया जाता है कि वाहन को नवल यादव चला रहा था। रास्ते में तिना गांव के पास तेज रफ्तार थार अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़ी पुआल लदी बुग्गी से टकरा कर पलट गई। घटना के चलते मौके पर स्थानीय लोगों व राहगीरों की भीड़ जुट गई। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से थार सवार युवकों को बाहर निकाला। चारों युवकों को सकुशल देख पुलिस ने राहत की सांस ली।

हमीरपुर में श्री राम कथा का आयोजन

- हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला रहे मौजूद, कहा- देश का युवा राम के आदर्शों को करें श्रवण

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर, हमीरपुर में दिव्य प्रेम सेवा मिशन द्वारा आयोजित राम कथा के तीसरे दिन हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला उपस्थित रहे, जिसमें उन्होंने कथा वाचक कौशल जी महाराज आशीर्वाद लेकर दिव्य प्रेम सेवा मिशन संस्था के साथ अपने जीवन का अनुभव साझा किया और जिस प्रकार इस कथा में युवा बड़ी संख्या में कथा का श्रवण कर रहे हैं, अगर उसी तरह युवा राम के आदर्शों का श्रवण कर लेगा, तो देश का भविष्य और भी सुगम हो जाएगा। हमीरपुर जिले के बिवार क्षेत्र के निवादा में दिव्य प्रेम सेवा मिशन के संस्थापक आशीष सिंह गौतम द्वारा आयोजित राम कथा का आयोजन किया गया है, जिसमें देश के प्रसिद्ध कथा वाचक कौशल जी महाराज राम कथा द्वारा राम भक्तो को भक्ति विभोर कर रहे हैं। कथा के तीसरे दिन हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला सड़क मार्गद्वारा निवादा पहुंचे। जिनका स्वागत जिले के जनप्रतिनिधियों ने किया। उसके बाद वह 2 बजकर 20 मिनट पर मच पर पहुंचे। जहां पर शिव शंकर सिंह द्वारा मौदहा की प्रसिद्ध चांदी की मछली देकर और दुष्यंत सिंह परिहार ने अंग वस्त्र भेट कर उनका स्वागत किया। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला ने कथा में पहुंच राम भक्तों का मंच से स्वागत करते हुए बताया कि आज जिस प्रकार इतनी बड़ी संख्या में छोटे से गांव में कथा को सुनने के लिए उपस्थित हुए हैं। उसको देख कर लगता है कि इस धरती का पुण्य प्रताप ही है कि आशीष सिंह गौतम और दिव्य प्रेम सेवा मिशन संस्था को देश में बड़ी सफलता मिली है। मैं देव भूमि से आया है लेकिन हमीरपुर और निवादा से मुझे देव भूमि की तरह भक्ति की सुगंध आ रही है, जिस प्रकार कथा में युवा बड़ी संख्या में कथा का श्रवण कर रहे हैं

संक्षेप

चचेरे ससुर ने महिला के साथ किया छेड़छाड़, विरोध करने पर सामान जलाया

गोरखपुर। सहजनवा थाना क्षेत्र स्थित के ग्राम पंचायत भीटी रावत टोला भरपुरवा में बुधवार की रात में चचेरा ससुर महिला के कमरे में घुस गया और अकेला पाकर छेड़छाड़ करने लगा। विरोध करने पर आरोपी घर में रखे नकदी और सामान जलाकर फरार हो गया। पीड़िता ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। मिली जानकारी से सहजनवा थाना क्षेत्र के भीटी रावत टोला भरपुरवा में रात्रि 8.30 बजे महिला घर में अकेली थी। पति किसी कार्य से भीटी रावत चौराहे पर गया हुआ था। उसी दौरान चचेरा ससुर अकेला देखकर घर में घुस गया। और छेड़छाड़ करने लगा। महिला ने विरोध किया तो वह घर में रखा नकदी,चारपाई, विस्तर,बच्चो के कपड़े में आग लगा कर जला दिया। और रखी गई बाइक को क्षतिग्रस्त करते हुए। मारने पीटने के लिए दौड़ा लिया तथा जान से मारने की धमकी दिया। पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराया है।पुलिस मामले की जांच कर रही है।

कोटेदारो ने अपनी मांगों को लेकर काली पट्टी बांधकर जताया विरोध

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवा तहसील अंतर्गत क्षेत्र के कोटेदार अपनी मांगों को लेकर काली पट्टी बांध कर विरोध जताया। कोटेदार अपनी मांगों को लेकर कई बार धरना और प्रदर्शन कर चुके है। और सरकार ने इनकी मांगो को लेकर कुछ मुद्दों पर सहमति भी जताई थी। लेकिन अभी तक उस पर अमल नही किया गया है। कोटेदार सरकार से कमीशन और गुजरात,छत्तीसगढ़ सरकार की तर्ज पर 20 हजार रुपए प्रतिमाह मानदेय देने की मांग कर रहे है।तहसील क्षेत्र के कोटेदार ने काली पट्टी बांधकर सरकार को चेतावनी दी है। इस संदर्भ में तहसील कोटेदार संघ अध्यक्ष मनीष तिवारी ने बताया की यदि सरकार ने मांगे नहीं मानी तो 1से 15 जनवरी तक कोटेदार हड़ताल पर रहेंगे। और 16 जनवरी को दिल्ली में धरना प्रदर्शन करेंगे।

वर्ष 2022 की मिनी आईटीआई परीक्षा दो पालियों में, 20 व 21 दिसम्बर को

अमन लेखनी समाचार

अमेठी। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी प्रभात कुमार ने बताया कि उ0प्र0 मदरसा वोकेशनल ट्रेनिंग, लखनऊ द्वारा संचालित मिनी आई0टी0आई0 वर्ष 2022 की परीक्षा 20 दिसम्बर 2023 व 21 दिसम्बर 2023 को दो पालियों में सम्पन्न करायी जायेगी। इस सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि मिनी आई0टी0आई0 परीक्षा हेतु अर्ह जनपद के समस्त परीक्षार्थी अपने सम्बन्धित मदरसे में उपस्थित होकर अपना प्रवेश पत्र प्राप्त कर लें।

सशस्त्र सेना झंडा दिवस का शुभारंभ प्रतीक के रूप में झंडा देकर किया गया

अमन लेखनी समाचार/शोभित शुक्ला

फतेहपुर। सशस्त्र सेना दिवस सशस्त्र बलों में शहीदों और सैनिकों के सम्मान के लिए प्रतिवर्ष 7 दिसंबर को मनाया जाता है। झंडा दिवस का उद्देश्य सैनिकों द्वारा राष्ट्र के प्रति किए गए निस्वार्थ योगदान के प्रति आभार व्यक्त करना है। उसी क्रम में सशस्त्र सेना झण्डा दिवस के अवसर पर कर्नल दिनेश कुमार शर्मा (अ.प्रा.) जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी फतेहपुर ने मुख्य विकास अधिकारी को प्रतीक झण्डा प्रदान कर सशस्त्र सेना झण्डा दिवस 2023 का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा समस्त विभागो से अधिक से अधिक दान देने की अपील की गई, तथा निदेशक सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास, उ०प्र० लखनऊ से प्राप्त पुस्तिका का विमोचन किया गया, तत्पश्चात जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी द्वारा पुलिस अधीक्षक, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व), अपर जिलाधिकारी न्यायिक, कोषाधिकारी फतेहपुर, कमाडिंग आफीसर एन०सी०सी० व ई०सी०एच०एस० आफीसर फतेहपुर को प्रतीक झण्डा लगाकर एवं सैनिकों / पूर्व सैनिको से सम्बन्धित पुस्तिका भेटकर शहीद सैनिकों व उनके परिवारों को याद किया गया, तथा अधिक से अधिक दान देने का अनुरोध किया गया।

संदिग्ध परिस्थिति में युवक को लगी गोली, हुआ रेफर

गोरखपुर। गोला थाना क्षेत्र के डड़वापार गांव में बीतीरात करीब 12 बजकर 30 मिनट पर एक युवक के कमर में संदिग्ध परिस्थिति में गोली लग गयी। घटना की सूचना परिजनों ने पुलिस को दिया।मौके पर पहुची और घायल को इलाज के लिए सीएचसी गोला पर लाया। जहा चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार देकर जिला अस्पताल रेफर कर दिया।चिकित्सक केअनुसार घायल युवक को खतरे से बाहर बताया गया। बताते चलें कि ग्राम डड़वापार निवासी अमित के पिता अयोध्या यादव पांच भाई राम गैस, हरिहर, जीत नारायण, राजनाथ है।आपस मे लोगो की पुरानी जमीनी रंजिश चली आ रही है। अयोध्या जीत नारायण और राम गैस अलग रहते हुए एक साथ है।हरिहर और राजनाथ अलग रहते हुए एक साथ हैं।हरिहर राजनाथ के पास मात्र लड़कियां है। वर्ष 2021 में अमित ने राजनाथ की लड़की को गोली मारकर हत्या का प्रयास किया था।जिसमे जेल चला गया।वर्ष 2022 में जेल से जमानत पर छूटा था। मुकदमा गवाही में चल रहा है। बीते बुधवार की देर रात अमित के कमर में गोली लग गयी।अमित के परिजनों ने अपने बयान से हरिहर और राजनाथ पर शक जाहिर किया। कोतवाल छत्रपाल सिंह ने इस घटना के सम्बन्ध में बताया कि पूरा मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। अभी लिखित तहरीर नही मिली है।अमित पूरी तरह ठीक और खतरे से बाहर है। घटना स्थल का निरीक्षण किया और पूरे प्रकरण का जांच पड़ताल किया जा रहा है।

पंचायत राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ चुनाव का हुआ पर्चा दाखिला

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी ब्लॉक गोला की सभागार में संघ के चुनाव का पर्चा दाखिला बुधवार को जिले के संघ पदाधिकारिओं के द्वारा प्रत्याशीओ का पर्चा लिया गया जिसमे ब्लॉक के सभी कर्मचारीयों की सम्मति से अध्यक्ष पद छोड़कर भिन्न भिन्न पदों पर निर्विरोध कराने का सहयोग करके ब्लॉक गोला का सम्मान बढ़ाने का कार्य किया। जिसमें उमेश कुमार यादव को ब्लॉक कोषाध्यक्ष, गणेश कुमार को संगठन मंत्री, बृजेश कुमार को महामंत्री, बृजमोहन कुमार को सम्प्रेक्षण पद का कार्यभार मिला। इस अवसर पर उमेश कुमार यादव ब्लॉक महामंत्री ने कहा कि मुझे कोषाध्यक्ष पद का कार्यभार संभालने का जो आप लोगो ने हमारे उपर विश्वास करके अपना दायित्व समझा, यही हमारे लिए गर्व कि बात है। उसी तरह मैं भी आप लोगो का दुख सुख का जो भी सहयोग रहेगा पूरी निष्ठा से साथ देने का कार्य करूँगा संगठन मे कोई भी पद छोटा या बड़ा नहीं होता है सिर्फ अलग अलग काम संभालने के लिए जिम्मेदारी दी जाती है पद तो सिर्फ पहचान के लिए दी जाती हैं।

संकल्प विकसित भारत यात्रा का किया गया आयोजन

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवां तहसील अंतर्गत विकास खंड पाली क्षेत्र स्थित के ग्राम पंचायत मिनवा में संकल्प विकसित भारत यात्रा का आयोजन किया गया। संकल्प यात्रा में भारत सरकार द्वारा संचालित सभी योजनाओं जैसे आयुष्मान ,वृद्धा पेंशन, पीएम आवास योजना ,निशुल्क राशन योजना, उज्जवला योजना का लाइव प्रसारण किया गया ।कार्यक्रम में ग्राम प्रधान दिनेश कुमार जायसवाल,नोडल अधिकारी श्रवण यादव, भाजपा नेता रमेंद्र नाथ मिश्रा,ग्राम पंचायत अधिकारी अरविंद कुमार, हरिनाथ यादव, प्रधानाध्यापक सुरेंद्र चौबे,कमलेश ,चंद्रिका,मोलहु, साधना,मंजू के साथ कई लोग मौजूद रहे।

लाखो कीमत की शराब की गई बरामद

अमन लेखनी समाचार/निर्मित द्विवेदी

बिंदकी, फतेहपुर। जनपद फतेहपुर के बिंदकी तहसील जहानाबाद के चिल्ली मोड़ के पास घाटमपुर रोड से चौडगरा मार्ग पर 550 पेटी अंग्रेजी शराब से लदा हुआ ट्रैक जा रहा था जिसे पुलिस वा एसटीएफ की संयुक्त कार्यवाही के दौरान पंजाब प्रांत लुधियाना से हजारीबाग जा रही शराब से लदे ट्रक को मुखबिर की सटीक सूचना पर देर रात चौडगरा की तरफ जाने वाले मार्ग में गैर प्रांत से शराब से लदा ट्रक निकल रहा है जिस पर एसटीएफ वा पुलिस द्वारा तलाशी के दौरान ट्रैक में लदी 550 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद की गई और वही पुलिस व एसटीएफ सक्रिय हो गई तभी घाटमपुर रोड की तरफ से चिल्ली मोड़ के पास ट्रक संख्या यूपी 73-ळ - 7075 को रोका तो ट्रक चालक ने तेज रफ्तार पर ट्रक भगाने का प्रयास किया किंतु पुलिस तथा एसटीएफ की कड़ी नाकेबंदी से कामयाब नहीं हो सका पुलिस ने ट्रक की तलाशी ली जिस पर 550 पेटी शराब बरामद किया जिसकी कीमत 41 लाख रुपए बताई जा रही है पुलिस ने ट्रक में सवार चालक साहिल पुत्र मोहम्मद असलम निवासी बंधुआ कला राइन नगर थाना बंधुआ कला थाना जनपद सुल्तानपुर तथा परिचालक मोहम्मद तसलीम पुत्र मोहम्मद मुस्लिम निवासी उपरोक्त से कड़ाई से पूछताछ किया तो अभियुक्तों ने बताया कि लुधियाना से शराब लाकर हजारीबाग जा रहे थे पुलिस तथा एसटीएफ ने विधिक कार्रवाई करते हुए 41 लाख रुपए कीमत की शराब तथा 25 लाख रुपए ट्रक की कीमत को जप्त करते हुए कानूनी कार्रवाई की है

अधिकारियों ने किया सड़क व नाली का निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवां तहसील अंतर्गत विकासखंड पिपरौली बीडीओ कविता अवस्थी के निर्देश पर कस्बा पिपरौली बाजार में एडीओ पंचायत अरविंद कुमार सिंह द्वारा निमार्णाधीन इंटरलॉकिंग सड़क व नाली का निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान एडीओ पंचायत ने निर्देश दिया कि बीच-बीच में कहीं-कहीं ईंट के टुकड़ों की कमी है, काम अधूरा है। मानक के अनुसार जल्द से जल्द कार्य संपन्न कराया जाए। कस्बा पिपरौली बाजार के पश्चिम मोहल्ले कि यह निमार्णाधीन सड़क व नाली अब्बास अली के घर से गडही तक है,जिसकी कुल लंबाई 90 मीटर की है। इंटरलॉकिंग सड़क की लागत राशि 372 000 तथा निर्माण किए जा रहे नाली की लागत रासी 314000 है। ग्रामीणों ने बताया कि विगत 50 वर्षों से कस्बा पिपरौली बाजार के पश्चिम मोहल्ले में इस जगह पर कोई भी सरकारी कार्य जैसे सड़क,नाली इत्यादि का कार्य नहीं किया गया था। इस अवसर पर ग्राम प्रधान अब्दुल खालिक, ग्राम सचिव प्रतिमा सिंह, आलम, रईस, जावेद ,डॉ तारिख सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

अनूपशहर पहुंची टीवी एवं रेडियो कलाकार राजबाला

- राजबाला की देशभक्ति रागिनी पर झूमे दर्शक,हजारों की संख्या मे दर्शक रहे उपस्थित

अमन लेखनी समाचार

अनूपशहर, बबस्टरगंज पर आयोजित रागनी कार्यक्रम में हरियाणा की प्रसिद्ध टीवी एवं रेडियो कलाकार राजबाला पहुंची। जिन्हें सुनने के लिए दूर दराज क्षेत्र से हजारों की संख्या में लोग पहुंचे। राजबाला द्वारा गाई गई देशभक्ति रागनी पर दर्शक झूम उठे। बता दें कि रविवार की देर रात्रि नगर पालिका द्वारा रागनी कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक संजय शर्मा, पालिका अध्यक्ष ब्रजेश गोयल,विशिष्ट अतिथि भूपेंद्र लोधी एवं पूर्व सभासद संजय शर्मा ने किया। अनूपशहर में कार्तिक मेले पर चल रहे छह दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रमों का दिन रविवार की देर रात्रि विशाल रागनी कार्यक्रम के साथ समापन हो गया। नगर पालिका द्वारा आयोजित रागनी कार्यक्रम मे सुन्दर जिनाई एंड पार्टी के बैनर तले रागिनी कलाकारों ने अपनी सुंदर प्रस्तुति दी। जिसे सुनकर उपस्थित श्रोता मंत्रमुग्ध हो गए। रागिनी कार्यक्रम की शुरूआत रागिनी कलाकार सुंदर जिनाई ने सरस्वती वंदना के साथ की। इसके पश्चात एक-एक कर सभी रागनी कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति दी। बुलंदशहर से आए रागनी कलाकार सुदेश मार्शल की रागनी संकट की घड़ी में सबको सैनिक बनना पड़ता है।

जिनाई से आए रागिनी कलाकार सुंदर की रागनी कलयुग के सब हाल सुनाओ अर्जुन सुन ध्यान से, फरीदाबाद से आई कशिश चौधरी की रागनी भाई की जड़ भाई काटे, हरियाणा से आई राधा चौधरी की रागनी रात गुजरती नहीं दिन गुजरता नहीं उसकी मर्जी के बिना कुछ होता नहीं की रागनी पर श्रोता मंत्र मुग्ध हो गए।

वरिष्ठ पत्रकार की पुत्री अदिती सिंह स्नातक द्वितीय वर्ष बनी टॉपर

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। पीपीगंज नगर पंचायत के वार्ड नंबर 8 शक्ति नगर हरपुर निवासी दैनिक समाचार पत्र से जुड़े वरिष्ठ संवाददाता सुधीर सिंह की पुत्री अदिती सिंह बाबू जंगी सिंह महाविद्यालय बढ़ेया चौक में स्नातक द्वितीय वर्ष 85 प्रतिशत अंक हासिल कर टॉप किया। अदिति सिंह ने बताया गुरुजनों के मार्गदर्शन में सफलता हासिल की। सुधीर सिंह ने बताया हमारी पुत्री अपने तीन भाई बहनों में सबसे छोटी है। वही अदिति सिंह ने सिविल सर्विस की तैयारी में जुटी है। अदिति सिंह की सफलता पर विद्यालय के प्रबंधक अजय कुमार सिंह अमित सिंह मोनू आलोक सिंह पीएन सिंह पत्रकार अनिल कुमार रोशन अली पीपीए अध्यक्ष देवेंद्र प्रताप सिंह पूर्व प्राचार्य बापू इंटर कॉलेज संजय सिंह सहित क्षेत्र के तमाम जनप्रतिनिधि छात्र के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

प्रांतीय कन्या कौशल शिविर का आयोजन 13 से 17 दिसंबर को

अमन लेखनी समाचार

शुकुल बाजार, अमेठी। सुल्तानपुर गोमती कृपा मांगलिक लान गनपत सहाय डिग्री कॉलेज पयागीपुर चौराहा में 13 से 17 दिसंबर 2023 तक होने वाले प्रांतीय कन्या कौशल शिविर का आयोजन किया जा रहा है, बताते चलें कि आगामी कार्यक्रम को लेकर गायत्री परिवार द्वारा तैयारी जोरों से चल रही है, कन्या कौशल शिविर की जानकारी देते हुए क्षेत्रीय कार्यकर्ता डॉक्टर श्रीकांत शुक्ला ने बताया कि कन्याओं के सुप्त गुणों को जागृत कर उन्हें स्वस्थ, समर्थ,सफल, सुसंस्कृत, चरित्रवान, शालीन बनाने के लिए विशेषज्ञों के विशेष मार्गदर्शन से युक्त प्रान्त स्तर का पांच दिवसीय अद्भुत आयोजन ₹कन्या कौशल शिविर₹युगतीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में गायत्री परिवार अवध क्षेत्र के सहयोग से सुल्तानपुर नगर में किया जा रहा है। बताते चलें कि इससे पहले भी 13 से 17 सितंबर 2023 को प्रांतीय कन्या कौशल शिविर के प्रचार प्रसार हेतु दिव्य शक्ति कलश रथ का आगमन हुआ था, जिसमें काफी संख्या में लोगों द्वारा बड़े ही हर्षोल्लास के साथ युग जागृत हेतु भ्रमण कराया गया था। कार्यक्रम को सुव्यवस्थित ढंग से सफल बनाने के लिए संयोजक डॉक्टर सुधाकर सिंह, कैलाश तिवारी, प्रदेश प्रभारी युवा प्रकोष्ठ आशीष कुमार, मंगल सिंह, ब्लॉक संयोजक अशोक शर्मा द्वारा लगातार सहयोग के लिए याचना किया जा रहा है।

उपहार — बांटी गई किट और उपहार, वन स्टॉप सेंटर की कार्यप्रणाली के बारे में बताया

बुलंदशहर में धूमधाम से मनाया गया कन्या जन्मोत्सव

संवाददाता

बुलंदशहर, बेटियो के हक में महिला कल्याण विभाग द्वारा नियमित रूप से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि उनकी शिक्षा, स्वास्थ्य एवम सुरक्षा पर लोगों का ध्यान आकर्षित किया जा सके। लिंग आधारित हिंसा, अशिक्षा, कन्या भ्रूण हत्या, बाल विवाह आदि से संबंधित मुद्दों पर समुदाय के बीच जागरूकता पैदा करने के लिए महिला कल्याण विभाग द्वारा जिला प्रोबेशन अधिकारी जय प्रकाश यादव के निर्देशन में सामुदायिक स्वास्थ केंद्र गुलावठी में विधायक लक्ष्मी राज सिंह की अध्यक्षता में कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम में 41 नवजात बच्चियों को बेबी किट, मिठाई आदि देकर तथा केक काटकर जन्म दिवस मनाया गया। विधायक द्वारा नवजात बच्ची का केक काटकर आशीर्वाद दिया तथा उपहार दिए गए। कार्यक्रम का संचालन रुचिका, महिला कल्याण अधिकारी ज़िला प्रोबेशन कार्यालय द्वारा किया गया। रिंकी रानी द्वारा समस्त विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई तथा समाज में लड़कियों के महत्त्व को बताया गया। वन स्टॉप सेंटर द्वारा बालिकाओं और महिलाओं के प्रति हो रहे अपराधों के लिए महिलाओं को जागरूक किया गया। वन स्टॉप सेंटर की कार्यप्रणाली को बताया गया। रुचिका महिला कल्याण अधिकारी द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत कन्या जन्मोत्सव मनाए जाने का उद्देश्य बताया गया। डॉक्टर वेद प्रकाश, डॉक्टर उर्वशी, वरिष्ठ डॉक्टर अमित द्वारा माताओं और बच्चियों को शुभकामनाएं दी गई तथा बच्चियों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। साथ ही सभी बच्चियों का टीकाकरण पूर्ण कराने के लिए परिजनों को प्रेरित किया। विधायक द्वारा सभी परिजनों को शुभकामनाएं दी गई तथा बालिकाओं के बेहतर पालन पोषण और शिक्षा हेतु प्रेरित किया तथा सरकार द्वारा चलाई गई महत्त्वपूर्ण योजनाओं का लाभ लेने हेतु प्रोत्साहित किया। विधायक द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का संदेश दिया।

वृक्षारोपण भी किया गया

कार्यक्रम में उपस्थित सभी परिजनों आदि को शपथ ग्रहण करायी गई। बच्चियों के नाम पर वृक्षारोपण कर बेटियों के जन्म को प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष धर्मेन्द्र तेवतिया एवं अन्य पदाधिकारी भारतीय जानता पार्टी से उपस्थित रहे

हस्तिनापुर में हुए अंकित हत्याकांड में एएसपी का बड़ा एक्शन

- इंस्पेक्टर हटाए गए और चौकी इंचार्ज व सिपाही सस्पेंड

अमन लेखनी समाचार

मवाना, मेरठ के हस्तिनापुर के लुकाधड़ी में अंकित की एलानिया हत्या में हस्तिनापुर पुलिस की बड़ी लापरवाही उजागर हुई है। हत्या से एक दिन पहले पत्नी ने थाने में तहरीर देकर आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। उसके बाद भी पुलिस ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया है। अंकित हत्याकांड में इंस्पेक्टर को हटा दिया गया है। जेल से छूटने के बाद आरोपितों ने ऐलान करने के बाद अंकित को मौत के घाट उतार दिया था। उसके परिवार वालों ने पुलिस से अनहोनी की आशंका व्यक्त की थी। लेकिन पुलिस ने गंभीरता से नहीं लिया। रेलवे रोड थाना प्रभारी विजय बहादुर को हस्तिनापुर का थाना प्रभारी नियुक्त कर दिया गया है। हस्तिनापुर के लुकाधड़ी में अंकित की एलानिया हत्या में हस्तिनापुर पुलिस की बड़ी लापरवाही उजागर हुई है। हत्या से एक दिन पहले पत्नी ने थाने में तहरीर देकर आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी।

उसके बाद भी पुलिस ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया है। एसएसपी द्वारा कार्रवाई करते हुए इंस्पेक्टर रमेश चंद शर्मा को हटा दिया है। चौकी इंचार्ज योगेश गिरी और बीट के सिपाही मोर मुकुट को सस्पेंड कर दिया है। रेलवे रोड थाना प्रभारी विजय बहादुर को हस्तिनापुर का थाना प्रभारी नियुक्त कर दिया गया।

गांव लुकाधड़ी में अंकित 26 वर्षीय पुत्र कुंवरपाल चौहान और सुरेश सैनी पक्ष में खत्ते की जमीन को लेकर तीन साल से विवाद चल रहा है। चार भाइयों में अंकित चौहान दो से छोटा था। वह हरियाणा के सोनीपत स्थित फैक्ट्री में वेल्डर की नौकरी करता था।

खास समाचार

पराली जलाने पर किसानों पर प्रतिबंध तो फैक्टरियों पर मेहरबानी क्यू

फैक्टरी द्वारा हाईवे के किनारे जलाया जा रही पन्नी

अमन लेखनी समाचार

औंग,फतेहपुर। जनपद फतेहपुर के औग थाना क्षेत्र के आशापुर डाक बंगले के पास हाईवे के किनारे कई टन पन्नी का अवशेष फैक्टरी द्वारा जलाया गया है। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। अमन लेखनी समाचार वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। वीडियो में हाईवे के किनारे रात में पन्नी का अवशेष पन्नी फैक्टरी के सामने जलाया जा रहा है। शासन प्रशासन द्वारा किसानों की पराली जलाने की निगाह वानी की जा रही है। पराली जलाने पर करवाई भी की जाती है। जागरूकता के लिए गांव-गांव राजस्व प्रशासन व पुलिस संयुक्त रूप से अभियान चला रही है। लेकिन खुलेआम हाईवे के किनारे फैक्टरी द्वारा पन्नी का अवशेष कचरा जलाया जा रहा नजर नहीं आता है। जबकि पब्लिक रिस्पांस व्हीकल हाईवे में ही पेट्रोलिंग करते हैं। थाना पुलिस भी गस्त पर रहती है।आखिरकार किसानों पर प्रतिबंध है तो फैक्टरी पर प्रतिबंध होना चाहिए।

उत्तरप्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद् ने जारी की 2024 परीक्षा तिथि

अमन लेखनी समाचार/निर्मित द्विवेदी

बिंदकी, फतेहपुर। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद ने 10वीं व 12वीं की परीक्षा की 2024 की बोर्ड परीक्षाओं की तारीखों का ऐलान कर दिया है परिसद के मुताबिक दोनों कक्षाओं की परीक्षाएं 22 फरवरी से 9 मार्च तक होगी परिसद ने बताया है कि यह परीक्षाएं दो शिफ्ट में होंगी जिनमें पहली शिफ्ट सुबह 8:30 बजे से 11:45 तक दूसरी शिफ्ट दोपहर 2:00 बजे से शाम 5:15 तक चलेगी वही कक्षा 12 की कुछ प्रमुख विषय जैसे हिंदी 22 फरवरी को 29 को जीव विज्ञान व गणित 2 मार्च को अंग्रेजी, 4 मार्च को भौतिकी विज्ञान, 7 को रसायन विज्ञान की होनी है वह कक्षा दसवीं में हिंदी 22 फरवरी, गणित 27 फरवरी, संस्कृत 28 फरवरी ,विज्ञान 29 फरवरी, अंग्रेजी 4 मार्च ,गृह विज्ञान 5 मार्च ,चित्रकला 6 मार्च, सामाजिक विज्ञान 7 मार्च को होनी है।

पूर्व दशम छात्र वृत्ति आवेदन अग्रसारण की अंतिम तिथि 15 जनवरी

अमन लेखनी समाचार/शोभित शुक्ला

फतेहपुर। बृहस्पतिवार को जनपद के जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी फतेहपुर,ने बताया कि पूर्वदशम छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए जारी समय-सारणी के अनुसार समस्त वर्गों के पात्र छात्र/छात्राओं के ऑनलाइन आवेदन की तिथि 02 जनवरी 2024 तथा विद्यालय स्तर से आवेदन पत्रों को अग्रसारित करने की तिथि 15 जनवरी 2024 कर दी गयी है। उक्त के सम्बन्ध में समस्त शिक्षण संस्थाओं के प्रधानाचार्य/प्राचार्य / नोडल अधिकारी छात्रवृत्ति को सूचित किया जाता है कि समयान्तर्गत नियमानुसार नवीन / नवीनीकरण आवेदन कराने के साथ ही सभी आवेदन पत्रों को समयान्तर्गत अग्रसारित कराना सुनिश्चित करें।

डेयरी संचालक के बाइक की डिग्गी से दो लाख दस हजार रुपये हुए गायब

अमन लेखनी समाचार

राजगढ,मीरजापुर /राजगढ़ थाना क्षेत्र के इमिलिया 84 बाजार में बुद्वार की शाम लगभग 6 बजे एक डेयरी संचालक के बाइक की डिग्गी तोड़कर उसमें रखा दो लाख,दस हजार रुपये अज्ञात उचक्को ने गायब कर दिया ।जानकारी होने पर पीड़ित ने पुलिस को सूचना दिया ।सूचना पर पहुची पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरा खगालते हुए जाच पड़ताल में जुटी हुई है। थाना क्षेत्र के पोखरौद लूसा गांव निवासी समरजीत सिंह गांव में ही डेयरी चलता हैं ।समरजीत ने बताया कि बुद्वार को एक बैंक से शाम करीब 3:30 बजे दो लाख,बीस हजार रुपया निकला था ।जिसमे दो लाख,दस हजार रुपये अपनी बाइक की डिग्गी में तथा दस हजार रुपये अपने पॉकेट में रख लिया और अपने साथी के साथ बाइक से राजगढ़ व नदिहार बाजार में अपना विभिन्न काम करने का बाद,शाम करीब 6:30 बजे इमलिया 84 बाजार पहुचा ।एक दुकान के सामने अपने साथी व बाइक को खड़ा कर दुकान के अंदर जाकर कुछ रुपये का फुटकर कराने लगा ।जिससे देर होने पर बाइक के पास खड़ा उसका साथी भी उसको बुलाने के लिए दुकान में चला गया। जब दोनो वापस बाइक के पास पहुचे तो बाइक की डिग्गी टूटी हुई व डिग्गी मे रखे रुपये गायब देख समरजीत के होश उड़ गए।आनन फानन में पुलिस को सूचना दिया ।मौके पर पहुची पुलिस आसपास में लगे सीसीटीवी कैमरा खगालने लगी तथा जाच पड़ताल में जुटी हुई है। इस संबंध में थानाध्यक्ष राजगढ़ विजय शंकर सिंह ने बताया कि बाइक की डिग्गी से रुपये गायब होने की जानकारी मिली हैं ।प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध लग रहा है। जाच पड़ताल की जा रही है।

मानवता के मिशाल बने सोनभद्र के अपर जिलाधिकारी सहदेव मिश्रा समेत कई अधिकारी गण - आचार्य अजय कुमार पाठक

अमन लेखनी समाचार

जनपद सोनभद्र। के चोपन ब्लाक के गाँव की एक बेटी के शादी में सोनभद्र अपर जिलाधिकारी सहदेव मिश्रा जी ने अपनी बेतन से उक्त बिटिया के परिवार हरसंभव मदत किया , आपको बता दे योग गुरु आचार्य अजय कुमार पाठक ने जब बिटिया के सहयोग के लिए सोनभद्र अपर जिलाधिकारी महोदय जी को कॉल किया तो उस समय उनकी कॉल व्यस्त थी , पुनः किया तो नेटवर्क की वजह से आवाज नही आ रही थी , लेकिन पुनः अपर जिलाधिकारी ने आचार्य जी को कॉल किया और पूछा जी बताये क्या है तब आचार्य अजय पाठक ने कहा कि एक बिटिया की शादी में आपको आर्थिक मदत करनी है , सर जी बिना कहे कहा कि जो मदत चाहिए हम करेंगे क्योंकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी कहा है बेटी बचाओ बेटी बढ़ाओ औए बेटी की हर सम्भव मदत करो , इसलिए हर सच्चे रास्ट्रभक्तो को अपनी सामथ्यार्नुसार हर किसी की मदत करनी चाहिए , उक्त बिटिया की शादी में कई गणमान्य लोगों ने मदत की जिसमे जेल के जेलर जेपी दुबे , डॉक्टर विकाश दुबे , अनुराग मिश्रा तमाम लोगो ने सिर्फ एक बार आचार्य अजय कुमार पाठक जी एक समाजिक पहल पर हरसंभव मदत किया और भरोसा दिलाया सभी ने की भविष्य में भी हम सभी अपनी सामथ्यार्नुसार समाज के लिए समर्पित रहेंगे ।

पक्सों एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त 24 घंटे के अन्दर गिरफ्तार

ओबरा सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय व क्षेत्राधिकारी ओबरा के पर्यवेक्षण में महिला सम्बन्धी अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक-06.12.2023 को थाना ओबरा पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 259/2023 धारा 376(3), 452 भादवि व श पक्सों एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त राजेन्द्र प्रसाद पुत्र रामप्यारे, निवासी ग्राम परसोई टोला नवाटोला, थाना ओबरा, जनपद सोनभद्र उम्र करीब 34 वर्ष को 24 घंटे के अन्दर गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय भेजा गया ।

केंद्रीय विद्यालय में वार्षिक खेल दिवस पर बच्चों को किया गया पुरस्कृत

स्वस्थ जीवन के लिए खेलना और व्यायाम अति आवश्यक है

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र - स्थानीय केन्द्रीय विद्यालय में गुरुवार को वार्षिक खेलकूद दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष उस्मान अली रहे। अतिथियों के स्वागत और मशाल प्रज्वलित कर कार्यक्रम का श्रीगणेश हुआ। इस अवसर पर चारों सदनों के बच्चों ने मार्च पास्ट का प्रदर्शन कर अतिथियों को सलामी दी। तत्पश्चात अतिथियों की उपस्थिति की शोभा बढ़ाने के लिए छात्रों द्वारा एक मधुर स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। प्राचार्य ने अतिथियों और गणमान्य व्यक्तियों का पुष्प गुच्छ के साथ स्वागत किया और विद्यालय की खेल गतिविधियों और छात्रों की उपलब्धियों की एक संक्षिप्त रिपोर्ट प्रस्तुत की। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। तथा खुशी और उल्लास की अभिव्यक्ति को चिह्नित करने के लिए गुब्बारे छोड़े गए। विद्यालय के बच्चों ने समूह नृत्य की रंगारंग प्रस्तुति, योगाभ्यास, कराटे का प्रदर्शन के माध्यम से बच्चों और उपस्थित अभिभावकों का मन मोह लिया। इसके बाद अतिथियों ने छात्रों को शपथ दिलाई। ट्रैक इवेंट में 4 प्राथमिक विंग की दौड़, मध्य विंग और सीनियर विंग की 4 दौड़ शामिल थे। इसके बाद पुरस्कार वितरण में विभिन्न स्पधाओं के विजेताओं को पदक, ट्रॉफी और प्रमाण पत्र दिए गए। इस दौरान मुख्य अतिथि उस्मान अली ने कहा कि खेलकूद हमारे जीवन में आवश्यक है और स्वस्थ जीवन के लिए खेलना और व्यायाम अति आवश्यक है। बिना खेल के जीवन में उन्नति नहीं हो सकती। विद्यालय के प्राचार्य अमरनाथ ने अपने स्वागत भाषण के दौरान अतिथियों का स्वागत और बच्चों के कुशल भविष्य की कामना करते हुए खेलकूद और व्यायाम का महत्व बताया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षकों ने अपना-अपना योगदान दिया। मिष्ठान वितरण के बाद कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम का संचालन जगदीश चौहान ने किया।

गाजीपुर में मौसम ने बदला मिजाज बारिश से ठंड में इजाफा, सर्द हवाओं ने बढ़ाई दुश्वारियां, दिन भर नहीं दिखे सूर्य देव

अमन लेखनी समाचार

गाजीपुर में मौसम के मिजाज ने अचानक करवट ले ली है। बारिश के चलते जिले में ठंड का प्रकोप बढ़ गया है। गुरुवार को पूरे दिन आसमान में बादल छाए रहे और सूर्यदेव के दर्शन नहीं हुए। बीच-बीच में हल्की बूंदाबांदी होती रही। बीच-बीच में तेज बारिश होने लगी। इससे तापमान में काफी गिरावट दर्ज की गई। दिसम्बर के शुरूआती सप्ताह में पहली बार लोगों को ठंड का अहसास हुआ है। इतना ही नहीं पूरे दिन सर्द ठंडी हवा भी चलती रही। इससे मौसम काफी सर्द रहा। किसान को इस बुंदाबांदी से धान और चना अधिक आदि फसलों में पानी के कारण नुकसान होने के कारण किसान भाइयों चिन्ता बनी हुई है।

रायपुर पुलिस द्वारा 03 पीकप वाहन से वध हेतु ले जा रहे 24 राशि गोवंश बरामद

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह, के कुशल निर्देशन में जनपद में गोवंश तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने व उसमें संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक आप0 सोनभद्र के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी सदर के नेतृत्व में थाना रायपुर पुलिस द्वारा आज दिनांक 07.12.2023 को समय प्रातः 04.15 बजे मुखबिर की सूचना पर ग्राम सरईगढ़ से 03 पीकप वाहन पर लादकर वध हेतु ले जा रहे कुल 24 राशि गोवंश (गाय/बछड़ा) बरामद किया गया तथा अभियुक्त अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गये जिनकी तलाश की जा रही है ।उक्त के सम्बन्ध में थाना रायपुर पर मु0अ0सं0-111 / 2023 धारा 3/5अ/8 गोवध निवारण अधिनियम व 11 पशु क्रूरता अधिनियम बनाम अभियुक्त गण नाम पता ज्ञात के विरुद्ध पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गयी ।

सुलतानपुर में कूड़े के ढेर के पास-मिला महिला का शव

सुलतानपुर, सुलतानपुर में अयोध्या-प्रयागराज नेशनल हाइवे पर अलहदादपुर के पास एक महिला की लाश मिली। जिसके चेहरे पर सिगरेट से दागने के निशान मिले है। इससे प्रतीत हो रहा है की हत्या कर शव फेंका गया है। कई घंटों की लंबी जद्दोजहद के बाद शव की पहचान हो सकी है। कोतवाली देहात थानाक्षेत्र के अलहदादपुर के निकट डंप किए गए कूड़े के ढेर के पास अज्ञात महिला का शव बरामद हुआ। डेड बॉडी देखने से प्रतीत हो रहा है कि उसके साथ क्रूरता की गई है। लाल जोड़ा, मांग में सिंदूर, चेहरे को सिगरेट जैसे चीज से दागने के निशान मौजूद हैं। यह नियोजित हत्या लग रही है। मृत महिला के कान से रक्तस्राव भी हुआ है। चरवाहों की सूचना पर कोतवाली नगर व देहात कोतवाली की पुलिस मौके पर पहुंची। दिन से रात हो गई और पुलिस महिला की पहचान में जुटी रही। देर रात को महिला की शिनाख्त कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के छतौना की निवासी रेखा है। लेकिन उसके साथ ऐसा क्यों हुआ कौन उसे वहां ले जाकर फेंका। अभी यह सभी पहलू पहेली बना हुआ हैं। पुलिस ने शव को मच्युर्री में भेजवाया है।

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जन चौपाल का आयोजन

ग्रामीणो को केन्द्र व प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी योजना बारे में दी गयी जानकारी

अमन लेखनी समाचार

मीरजापुर - उत्तर प्रदेश शासन द्वारा निर्गत निर्देश के अनुपालन में योजनाओं के संतृप्तीकरण के लिए आउटरीच गतिविधियों के माध्यम से जागरूकता बढ़ाने के लिए दिनांक 21.11.2023 से 26.01.2024 तक विकसित भारत संकल्प यात्रा के क्रम में जनपद के 07 विकास खण्डों के कुल 14 ग्राम पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन सम्पन्न हुआ। विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में आयोजित चौपाल में विभिन्न लाभार्थियों से उनकी सफलता की कहानी की जुबानी सुनाई गई श्रीराम निवासी जफलपुरा ने बताया कि मेरा आयुष्मान कार्ड बना है जिससे मेरा व मेरा परिवार 05 लाख तक निशुल्क होगा, मैं मा0 प्रधानमंत्री जी को धन्यवाद देता हूँ। सावित्री ने बताया कि मुझे प्रधानमंत्री आवास मिला है इससे मेरा कच्चे मकान में रहता था बहुत दिक्कत होती थी अब कोई दिक्कत नही है, मै केन्द्र व प्रदेश सरकार को धन्यवाद देती हूँ।

विकास खण्ड सीखड़ में ग्राम पंचायत प्रेमपुर, ईश्वरपट्टी, विकास खण्ड-सिटी में ग्राम पंचायत रायपुर पोकता, भेवरकरमन पट्टी, विकास खण्ड कोन में ग्राम पंचायत, खलुआ, जागापट्टी, विकास खण्ड-पटेहरा कला के ग्राम पंचायत धुरकर, दारानगर विकास खण्ड छानबे, के ग्राम पंचायत काशी, सरपती, विकास खण्ड हलिया के ग्राम पंचायत गलरा, औती, एवं विकास खण्ड- जमालपुर के ग्राम पंचायत जफरपुरा, मानी में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यकम आयोजित हुआ। जनपद के 14 ग्राम पंचायतों में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा सम्बन्धित नामित नोडल अधिकारी के पर्यवेक्षण में की गयी। सभी 14 ग्राम पंचायतों में विभिन्न विभागों द्वारा 05 स्टाल लगाये गये, उन स्टालों पर प्रदर्शन के साथ ही उपस्थित जन समूह को जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की गयी तथा आन स्पाट पंजीयन आन लाइन आवेदन की कार्यवाही की गयी। विभिन्न सांस्कृतिक गति-विधियां आयोजित की गयी। आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा में मा0 प्रमुख क्षेत्र पंचायत/सदस्य जिला पंचायत/ग्राम प्रधान सहित अन्य मा0 जनप्रतिनिधिगण के साथ-साथ बड़ी संख्या में ग्रामीण भी उपस्थित रहे। प्रत्येक विकसित भारत संकल्प यात्रा में उपस्थित विकास विभाग के अतिरिक्त अन्य विभागों के खण्ड स्तरीय अधिकारी/ग्राम पंचायत स्तरीय अधिकारियों एवं स्थानीय जनता सहित कुल प्रतिभागियों की संख्या 3436 रही है। इस प्रकार ग्राम पंचायतों में मा0 जनप्रतिनिधि एवं जिला स्तरीय अधिकारी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति में विकसित भारत संकल्प यात्रा का कार्यकम सम्पन्न हुआ।

जल्द ही नगर के विस्तारित क्षेत्रो में पेयजल की समस्या से मिलेगा निजात - देवहुति पाण्डेय

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र - नगर के विस्तारित क्षेत्रो सहित नगर के अन्य वार्डो में हर घर तक जलापूर्ति के लिए नगर पंचायत प्रशासन ने तैयारी शुरू कर दी है। जिसके लिए अधिशासी अधिकारी देवहुति पाण्डेय ने जल निगम के अवर अभियंता के साथ विभिन्न वार्डो में पाइप पेयजल उपलब्ध कराने हेतु निरीक्षण किया। इसके तहत जल निगम के सहयोग से कार्य योजना तैयार की जा रही है। इस बीच सीमा विस्तार में आस-पास के गांवों को भी नगर पंचायत क्षेत्र में शामिल कर लिया गया है, जिससे लगभग 2 हजार आबादी बढ़ गई है। इस आबादी को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए नगर पंचायत प्रशासन ने अब नए सिरे से प्रयास शुरू किए हैं। जिसके तहत नगर में चार नए नलकूप स्थापित किए जाएंगे। साथ ही लोगों के घरों तक पानी पहुंचाने के लिए पाइप लाइन बिछाई जाएगी। इस परियोजना के लगाने के बाद नगर में पेयजल की समस्या से लोगों को निजात मिल जाएगी। उक्त परियोजनाओं को स्थापित करने के बाबत अधिशाषी अधिकारी देवहूति पाण्डेय ने बताया कि नगरवासियों को स्वच्छ पेयजल मिले, इसके लिए नगर पंचायत लगातार प्रयासरत है। इस परियोजना से समूचे नगर में पेयजल की समस्या का समाधान हो जाएगा। इस मौके पर जेई आशीष कुमार यादव,लिपिक अंकित पांडेय मौजूद रहे।

दो अलग-अलग सड़क दुघर्टनाओं में कार सवार व बाइक सवार हुए घायल

अमन लेखनी समाचार

डाला सोनभद्र। स्थानीय डाला पुलिस चौकी क्षेत्र के अंतर्गत डाला बस स्टैंड शहीद स्थल के आगे डिवाइडर कटिंग के पास गुरुवार लगभग पौने दस बजे राबर्ट्सगंज से डाला आ रही स्वीट डिजायर कार में पिछे से तेज रफ्तार से जा रहीं ट्रक ने साइड से धक्का मारते हुए ट्रक चालक घटना स्थल से ट्रक लेकर फरार हो गया जिसके उपरांत कुछ राहगीरों व सूचना पाकर मौके पर पहुंची डाला पुलिस ने पिछा करने का प्रयास किया लेकिन कुछ पता नहीं चल सका। इस दौरान कार चालक दिलशाद पुत्र नईम अहमद निवासी बहुअरा राबर्ट्सगंज ने बताया कि हम कार मालिक बड़े भैया के मित्र को राबर्ट्सगंज से अमित कुमार यादव पुत्र दिनेश कुमार निवासी मुम्बई को अल्ट्राटेक सीमेंट फैक्ट्री डाला में लेकर जा रहें थे उसी दौरान यह घटना घट गई जिसमें भैया के मित्र को सिर में हल्का सा चोट आई है और कार क्षतिग्रस्त हो गई वहीं दूसरी घटना दोपहर के बाद चोपन थाना क्षेत्र के अंतर्गत गुरमुरा चौराहे डिवाइडर कटिंग के पास गुरुवार साढ़े तीन बजे के करीब बाइक सवार अशोक प्रताप सिंह पुत्र काशी सिंह 51 वर्ष निवासी रेनू सागर सड़क पार करते हुए स्कार्पियो के चपेट में आने से बाइक सवार घायल हो गया और घटना स्थल से स्कार्पियो चालक गाड़ी लेकर फरार हो गया जिसके उपरांत स्थानीय लोगों ने घायल का प्राथमिक उपचार के बाद निजी वाहन से उसके गन्तव्य स्थान हेतु रवाना कर दिया।

कब्जे से एक 315 बोर देशी तमंचा, एक खोखा व एक जिन्दा कारतूस बरामद

गोवध निवारण अधिनियम में वांछित एक शातिर अन्तर्राज्यीय गो तस्कर गिरफ्तार

संवाददाता

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी नगर के निकट पर्यवेक्षण में थाना रॉबर्ट्सगंज पर पंजीकृत मु0अ0सं0-707/2023 धारा 3/5अ/8 गोवध निवारण अधिनियम व 11 पशु क्रूरता अधिनियम व 307 कढउ से सम्बन्धित शातिर अन्तर्राज्यीय गो तस्कर शमीम अंसारी पुत्र कमरुद्दीन अंसारी निवासी टोढ़ी भगवानपुर थाना भगवानपुर जिला कैमूर(भभूआ) ,बिहार उम्र करीब 20 वर्ष को इंटेलिजेन्स इनपुट पर एसओजी/सर्विलांस टीम व थाना राबर्ट्सगंज पुलिस द्वारा ईको प्वाइंट (राबर्ट्सगंज) पर घेर लिया गया, अभियुक्त ने जान से मारने की नियत से पुलिस पार्टी पर फायर किया, पुलिस टीम द्वारा फिल्ड क्राप्ट का प्रयोग कर प्रतिरक्षात्मक कार्यवाही करते हुए मुठभेड़ के दौरान उक्त अभियुक्त को आज दिनांक 07.12.2023 को समय 06.40 बजे गिरफ्तार कर लिया गया । अभियुक्त शमीम अंसारी उपरोक्त के कब्जे से एक अदद 315 बोर देशी तमंचा, एक अदद खोखा व एक अदद जिन्दा कारतूस बरामद हुआ । उक्त गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना रॉबर्ट्सगंज पर में मु0अ0सं0-712/2023 धारा 307 भा0द0वि0 व 3/25/27 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत अभियुक्त को मा0 न्यायालय भेजा गया। गिरफ्तार अभियुक्त से पूछताछ करने पर बताया कि दिनांक 04.12.2023 को मैं और मेरे गांव के सद्दाम अंसारी पुत्र स्व0 मुमताज निवासी टोढ़ी भगवानपुर थाना भगवानपुर जिला कैमूर(भभूआ) ,बिहार तथा एक अन्य व्यक्ति जिसका नाम सद्दाम जानता है, हम सभी ने पिकप नं0 वढ61इळ2239 पर रात में दूर से 07 बैल को बांधकर उसी पिकप में लादकर बध करने के हेतु बेचने के लिये बिहार ले जा रहे थे कि दिनांक 04/05.12. 2023 की भोर में ही रा0गंज कस्बे में पुलिस ने हम लोगो को रोकने का प्रयास किये थे कि हम लोग सभी एक राय होकर जान से मार देने की नीयत से उन लोगो के ऊपर पिकप चढ़ाने का प्रयास किये थे तथा थोड़ी दूर पर पिकप को छोड़कर हम लोग भाग गये थे कि आज दिनांक 07.12.2023 उस घटना के सम्बन्ध में अपने वकील को मिलने के लिए जा रहे थे कि आप लोगों द्वारा मुठभेड़ में पकड़ लिया गया ।

रोजगार मेला का आयोजन 9 दिसंबर को

गाजीपुर जिले में स्वावलंबी भारत अभियान अंतर्गत स्वतंत्रता संग्राम आंदोलन के दौरान विदेशी सामानो का प्रबल विरोध कर शहादत देने वाले बाबू गेनू के स्मृति में 9 दिसम्बर को अष्ट शहीद इंटर कालेज मुहम्मदाबाद मे वृहद रोजगार मेला का आयोजन किया गया है। जिसमें देश की दर्जनों प्रतिष्ठित कम्पनियों के द्वारा जनपद के हजारों युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है। यह बात आज समाचार पत्र प्रतिनिधियों से वार्ता के दौरान स्वदेशी जागरण मंच के प्रांतीय परिषद सदस्य एवं पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष नरेंद्र सिंह ने कही उन्होंने कहा कि कार्यक्रम का उदघाटन उत्तर प्रदेश सरकार के जल शक्ति एवं सिंचाई मंत्री स्वतंत्र देव सिंह के द्वारा शनिवार को पुर्वाह्न 10 बजे होगा। इस अवसर पर स्वदेशी जागरण मंच के पुर्णकालिक विवेक कुमार, भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह, अमरेन्द्र जी, कार्यक्रम संयोजक रानू मिश्रा एवं भाजपा मीडिया प्रभारी शशिकान्त शर्मा मौजूद रहे।

अमन लेखनी
(हिन्दी दैनिक)

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक –
श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक –
रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. - 9838159555, 9935457982

E-mail address
amanlekhaninews @gmail.com



आमतौर पर सर्दियों में घूमने का प्लान बनाते समय कुल्लू, शिमला, श्रीनगर या नैनीताल सबसे पहले याद आते हैं। लेकिन अगर आप थोड़ी कम भीड़-भाड़ वाले और बेहद खूबसूरत नेचुरल स्पॉट्स पर जाना चाहते हैं तो हम आपको बता रहे हैं कुछ ऐसे ही स्थलों के बारे में। इनके बारे में जानिए और तुरंत कर लीजिए अपनी विंटर टूर की प्लानिंग।

इन सर्दियों मे घूम आएं डिफरेंट-नेचुरल स्पॉट्स

{ सैर-सपाटा / शिखर चंद जैन }

अगर आप घूमने-फिरने के शौकीन हैं और इन सर्दियों में किसी अलग तरह की नेचुरल जगह पर समय बिताना चाहते हैं तो देश के बाहर जाने की जरूरत नहीं। अपने देश में सर्दियों के लिहाज से कई खूबसूरत जगहें हैं, जहां आपको लोगों की भीड़ नहीं मिलेगी। साथ ही यहां आपको कुछ बेहद अनोखे नजारे देखने को मिलेंगे, जो आपकी बहुत सुकून देंगे।

जीभी, हिमाचल प्रदेश

उफनती नदियों, लहलहाती हरियाली से भरी घाटियों और ऊंचाइयों से बहती जलधारा के साथ मनभावन ध्वनि करते जलप्रपातों के बीच छुट्टियां बिताना भला किसे नहीं भाएगा। अगर आपकी भी ऐसी चाहत हो तो कम चर्चित लेकिन शानदार विंटर डेस्टिनेशन जीभी का प्लान बना लीजिए। जीभी, हिमाचल प्रदेश के कुल्लू की बंजार घाटी में स्थित एक गांव है। जीभी को मिनी थाइलैंड भी कहा जाता है। क्योंकि सोलो ट्रैवलर्स हों या कपल्स, परिवार के साथ क्वालिटी टाइम बिताना हो या फिर दोस्तों के साथ चिल करना हो, यहां हर किसी के लिए मनोरंजन और सुकून का खजाना है। यहां आप एडवेंचर स्पोर्ट्स का आनंद उठाना चाहें तो ट्रैकिंग या कैंपिंग कर सकते हैं। फोटोग्राफी और नेचर वॉक का भी यहां स्कोप है। यहां आपको ग्रेट हिमालयन नेशनल पार्क, सेरलोस्कर लेक और जालोरी दर्रा घूमने का विशेष आनंद मिलेगा।

लावा, पश्चिम बंगाल

लावा, पश्चिम बंगाल

पश्चिम बंगाल के कालीम्पोंग जिला का एक छोटा-सा कस्बा है लावा। यह जगह बेहद शांत पर्यटन स्थल है। विश्व प्रसिद्ध कंचनजंगा पर्वत श्रृंखला की गोद में बसा हुआ लावा कस्बा अपने दिलकश प्राकृतिक नजारों से हर किसी का दिल जीत लेता है। यह स्थान चारों तरफ से कुहासे की चादर और बादलों में डूबे पहाड़ों से घिरा है। साथ ही यहां हरी-भरी घाटियों का मनभावन नजारा देखने को मिलता है। आप नेचर लवर हैं या एडवेंचर पसंद करते हैं तो लावा आपके लिए एक मुफीद टूरिस्ट प्लेस है। आपको यहां ट्रैकिंग करने, वन्य जंतुओं से रूबरू होने, बर्ड वॉचिंग और फोटोग्राफी का खूब मौका मिलेगा। यहां जाएं तो रिंबिक, रिशप, नेवरा नेशनल पार्क, शेरपा व्यू प्वॉइंट जरूर देखें।

लांबासिंगी, आंध्र प्रदेश

क्या आपने कभी दक्षिण भारत में स्नोफॉल के बारे में सुना है या फिर कल्पना भी की है? लेकिन आंध्र प्रदेश के कश्मीर के नाम से फेमस लांबासिंगी में आप स्नोफॉल का लुत्फ उठा सकते हैं। अपनी तमाम प्राकृतिक खूबसूरती, लश ग्रीन टी और कॉफी प्लांटेशन के आकर्षण के बावजूद यह कम भीड़ वाला टूरिस्ट प्लेस है। इस जगह को कोरा बयालु भी कहते हैं, इसका अर्थ है कि कोई रात को खुले में बाहर रह गया तो सुबह तक वह स्टिक की तरह जम जाएगा। विशेष तौर पर जनवरी तक यहां स्नोफॉल का मजा लिया जा सकता है। यहां वाइल्डलाइफ सफारी, साइट सीइंग, फोटोग्राफी और नेचर वॉक कर सकते हैं। यहां जाएं तो ताजंगी रिजर्वायर, सूजेन गार्डन, घाट रोड और कोंडकरला बर्ड सैंक्चुअरी देखना ना भूलें।

लांबासिंगी, आंध्र प्रदेश

खोनोमा-कोहिमा, नागालैंड

खोनोमा, नागालैंड की राजधानी कोहिमा और पड़ोसी देश म्यांमार (पूर्व में बर्मा) की सीमा से लगा जिला है। यहां पहाड़ियों के बीच आपको एक अनूठा सुकून मिलेगा। इस जगह पर आपको बांस से बना अचार खाने को मिलेगा। खोनोमा गांव को टूरिज्म एक्सपर्ट छिपा हुआ हीरा कहते हैं। इसे देश के पहले ग्रीन विलेज का दर्जा भी मिला है। यहां बांस से बनी हस्तकला की वस्तुएं बेहद प्रसिद्ध हैं। कोहिमा में दजुकोउ घाटी और जाफफू चोटी, कोहिमा म्यूजियम, चोफेमा गांव, कोहिमा जू, खोनोमा गांव, शिलोई झील, कोहिमा वार सिमिट्री, कोहिमा कैथेड्रल, नागा हेरीटेज विलेज किसामा, नटांग्की वाइल्ड लाइफ सेंचुरी जरूर देखें। यहां का मौसम, साफ-सफाई और कुदरती सौंदर्य आपके मन में सदा के लिए बस जाएंगे।

तवांग, अरुणाचल प्रदेश

एडवेंचर के शौकीन लोगों के लिए तवांग स्वर्ग जैसा स्थान है। यहां दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा बौद्ध मठ मौजूद है। साथ ही कई प्राचीन बौद्ध मठ भी हैं। दलाई लामा की जन्मभूमि तवांग भारत ही नहीं विदेश से आने वाले पर्यटकों के लिए भी पसंदीदा डेस्टिनेशन है। यहां आपको बड़ी संख्या में बौद्ध भिक्षु नजर आएंगे। समृद्ध धार्मिक और सांस्कृतिक पृष्ठभूमि के साथ-साथ यहां प्राकृतिक सौंदर्य भी देखने लायक है। यहां तवांग मठ, सेला पास, नूरानंग झरना, माधुरी झील, गोरीचेन चोटी, तवांग वार मेमोरियल, जसवंतगढ़ और पी.टी.त्यो झील जरूर देखें। साथ ही टूर को सदा याद रखने के लिए यहां की खास चीजों जैसे- क्रॉकरी, स्वेटर, जूते, हैंड बैग, ट्रेडिशनल ज्वेलरी, प्रेयर व्हील, धार्मिक रंग-बिरंगी झंडियां खरीद सकते हैं। *

3 ऑफिस में ना बोलें ये नेगेटिव बातें

ऑफिस में कुलीग्स के बीच आपकी इमेज, काफी हद तक आपके बिहेवियर और बातों से ही बनती है। ऐसे में उन बातों को जानना बहुत जरूरी है, जिनको बोलने से आपकी वर्कप्लेस इमेज खराब हो सकती है।

{ एटिकेट / कीर्तिशेखर }

आपकी बात, तलवार से ज्यादा ताकतवर होती है। इसी से आप बड़ी-बड़ी महफिलों में सम्मान पाते हैं। वहीं, गलत बात से आपकी इमेज बिगड़ भी सकती है। बात अगर वर्कप्लेस की हो तो आपको कुछ बातें कभी नहीं बोलनी चाहिए। ये भले आपकी साफगोई या तथाकथित ईमानदारी दर्शाते हों, लेकिन इनका इस्तेमाल करते ही आप सहकर्मियों के बीच उनके विरोधी बन सकते हैं। उस बात का खामियाजा करियर में तरक्की से लेकर जॉब छूटने तक भुगतना पड़ सकता है।

दैट्स नॉट माइ जॉब : इस जुमले का अर्थ है-यह मेरा काम नहीं है। हो सकता है आप यह बात बिल्कुल सही कह रहे हों, दफ्तर में कई बार ऐसे चतुर सहकर्मी होते हैं, जो अपने हिस्से का काम भी आपके सिर पर डालने की कोशिश में रहते हैं। इसलिए जो काम आपका वाकई ना हो, आपसे गैरजरूरी संकोच या दबाव में करवाने की कोशिश की जा रही हो, उसे बिल्कुल ना करें। लेकिन ना करने का मतलब यह नहीं है कि किसी को बिल्कुल मुंहफट अंदाज में कह दें, दैट्स नॉट माइ जॉब यानी यह मेरा काम नहीं है। दरअसल, ऐसा ना कहने की सलाह इसलिए दी जा रही है, क्योंकि अकसर कई लोग बड़ी सहजता से भी एक मानवीय स्वभाव के तहत आपके पास अपना काम लेकर आ जाते हैं। दूर-दूर तक उनके मन में आपको नीचा दिखाने या चालाकी बरतने की सोच नहीं होती है। ऐसे में जब आप स्ट्रेट फॉरवर्ड ढंग से इस जुमले का इस्तेमाल करते हैं, तो इससे वह अपमानित महसूस करते हैं। फिर अपने उस अपमान का बदला लेने के लिए आपके साथ कई बेजां हरकतें करते हैं। इसलिए ऐसे वाक्य बोलने से ऑफिस में हमेशा बचना चाहिए। जब भी आपके पास कोई अतिरिक्त काम लेकर आए, जो आपका ना हो तो विनम्रता से कहे, मैं निश्चित रूप से आपकी मदद करता, अगर इस मामले में मैं विशेषज्ञ होता या मेरे पास इस समय मेरे काम का बोझ ना होता। इससे कोई बात भी नहीं बिगड़ेगी और आप जो चाहते हैं, वह भी हो जाएगा।

आइ टोल्ड यू शो : इसका अर्थ है-देखा मैंने पहले ही कहा था। कई बार जब हम किसी को कोई बात बता रहे होते हैं और वह हमारी बात नहीं सुनता है। बाद में वही बात सही निकलती है, जो हम बता रहे होते हैं। ऐसे में हम अकसर सामने वाले पर हावी हो जाते हैं और बड़े ड्रामेटिक अंदाज में दोहराते हैं, देखा मैंने तो पहले ही कहा था, लेकिन तुम मेरी बात ही नहीं मान रहे थे। ऐसे में वह व्यक्ति जो वाकई आपकी बात नहीं मान रहा था, खिसियाहट महसूस करता है और कई बार उसे ऐसा महसूस होता है कि आप जानबूझ कर इस बात को दोहराकर उसकी बेइज्जती कर रहे हैं। इसलिए देखा गया है कि कुछ मौकों पर ऐसा व्यक्ति बिना अपनी गलती स्वीकार किए, उल्टा आप पर ही हावी होने की कोशिश करता है। इससे बेहतर यही है कि किसी को भी बार-बार यह याद दिलाकर कि जब मैं तुमसे कह रहा था, तब तुम नहीं सुन रहे थे, उसे और अपमानित महसूस ना कराएं। ऐसा करने से आपकी ऑफिस में रेस्पेक्ट कम होती है। चाहे आप जितने जानकार हों, लोग आपसे सलाह लेने में कतराने लगते हैं।

आइ डोंट हैव टाइम फॉर दिस : मेरे पास इन फालूत बातों के लिए वक्त नहीं है। यह वैसे तो आपका ईमानदार कथन हो सकता है। हो सकता है आप यह बात बिल्कुल ईमानदारी से कह रहे हों कि आपके पास सामने वाले की बेमतलब बात पर, बात करने के लिए या बहस करने के लिए समय नहीं है। लेकिन जब आप बिना लाग-लपेट किसी से ऐसा जुमला बोलते हैं और वह भी ऑफिस में, तो इसे लोग आपकी ईमानदारी या साफगोई नहीं समझते हैं, बल्कि इस जुमले को आपके अहंकार के तौर पर लेते हैं। इसलिए जरूरी है कि अगर आपके पास वाकई किसी के लिए जरा भी समय ना हो, तो भी उससे ऐसी बात ना बोलें। इसके बजाय उससे बड़ी विनम्रता से कहें निश्चित रूप से मैं इस पर आपसे गहरा विचार-विमर्श करता या मैं इस पर जरूर रुचि लेता। फिलहाल इस समय कुछ अपरिहार्य कारणों से मेरे पास काम का बोझ कुछ ज्यादा है, इसलिए अभी मैं इस पर भागीदारी नहीं कर पाऊंगा। फिर कभी अगर मौका मिलेगा तो इस संदर्भ में रुचि के साथ हिस्सेदारी करूंगा। इससे सामने वाला आपसे नाराज होने की जगह खुश होगा और आपको व्यावहारिक व्यक्ति समझेगा। *

इतना बड़ा कछुआ !

{ रोचक }

आपने समुद्री कछुए को समुद्र के किनारे, जू या वीडियोज में देखा होगा। आपको लगता होगा कि यह आकार में बहुत छोटे होते हैं। लेकिन अगर आपसे कहा जाए कि एक कछुआ इंसानों से भी लंबा और बहुत भारी हो सकता है तो शायद आप यकीन ना करें, पर यह सच है। समुद्र में पाई जाने वाली कछुए की एक प्रजाति लेदरबैक सी टर्टल बहुत विशाल आकार का होता है। लेदरबैक सी टर्टल, समुद्री कछुओं की कुल 7 प्रजातियों में सबसे विशाल आकार वाला होता है। इसका ऊपरी खोल खास तरह के चमड़े का बना होता है। इसके शरीर की लंबाई छह फीट से अधिक और शरीर का वजन 2,000 पाउंड तक हो सकता है। ये अपने शरीर के वजन की तुलना में दोगुना भोजन करते हैं। अब तक के सबसे बड़े लेदरबैक सी टर्टल की लंबाई लगभग 10 फीट और वजन 916 किग्रा. पाया गया है।

लेदरबैक सी टर्टल लंबी दूरी तक तैरने के मामले में भी इंसान को पछाड़ देता है, क्योंकि यह कछुआ तैरकर हजारों किमी. की दूरी आराम से तय कर सकता है। इंडोनेशिया से ओरेगन नामक स्थान तक की 19,000 किमी. की दूरी तय करने का रिकॉर्ड एक मादा लेदरबैक सी टर्टल के नाम है। * **प्रस्तुति : देवेंद्र पांडे**

हाईटेक क्रिमिनल्स से हमेशा रहें सावधान

{ एलर्टनेस / अंजू जैन }

लगातार बढ़ रहे फाइनेंशियल फ्रॉड्स ने ना सिर्फ आम लोगों, पुलिस प्रशासन और साइबर क्राइम ब्रांच बल्कि बैंकों, वित्तीय संस्थानों, सरकारी संस्थाओं और डिजिटल प्लेटफॉर्म ऑपरेट करने वाली कंपनियों की भी नींद उड़ा दी है। इसलिए हाईटेक ठगों की नई-नई ट्रिक्स के बारे में जानना जरूरी है ताकि आप ना हों ऐसी किसी भी हाईटेक ठगी के शिकार।

आपका कुरियर आया है: इस प्रकार के फ्रॉड में आपको किसी कुरियर कंपनी से एक अर्जेंट मेल या मैसेज आता है कि आपका एक पार्सल आया है, आप अपनी पहचान प्रमाणित करके पैकेट ले लें। मेल के साथ अटैच डॉक्यूमेंट या मैसेज का लिंक दिया जा सकता है। आपसे आईडी कार्ड या उसकी डिटेल्स के साथ कुछ और बातें पूछी जाएंगी। जब आप अपनी महत्वपूर्ण डिटेल्स बता देते हैं तो आपके बैंक खाते में सेंध मार ली जाती है।

ऐसे करें हैंडल : आपको कभी भी ऐसी कॉल आने पर घबराना नहीं चाहिए। कुरियर कंपनी का पता या नंबर लेकर पूछताछ करनी चाहिए। इससे आप कंपनी के बारे में सच्चाई जान सकते हैं।

एटीएम लगाइए, 50 हजार कमाइए : बैंक कर्मी के रूप में कोई व्यक्ति आपको कॉल कर सकता है कि बैंक आपकी लोकेशन पर एटीएम मशीन लगाना चाहती है, जिसके लिए आपको 50,000 प्रति माह किराया दिया जाएगा। इसके लिए आपसे जरूरी डॉक्यूमेंट्स मांगे जाएंगे। सिक्योरिटी के रूप में 5 लाख रु मांगे जा सकते हैं।

ऐसे करें हैंडल : आपको पता होना चाहिए कि कोई भी बैंक ऐसे एटीएम नहीं लगाता है, इसके लिए बैंक की वेबसाइट पर आवेदन करना पड़ता है। बैंक चेक करता है कि आपके पास जरूरी स्पेस और संसाधन हैं या नहीं। सो इससे बचें।

बिना ऑर्डर के डिलीवरी : आपने कोई ऑनलाइन ऑर्डर नहीं किया, इसके बावजूद अचानक डिलीवरी बॉय आकर ओटीपी मांगता है। जब आप मना करते हैं तो वह कहता है, 'ठीक है आप फलां आदमी को कॉल करके इस ऑर्डर को कैंसिल कर दीजिए और फिर मुझे ओटीपी दीजिए, ताकि इसे वापस किया जा सके।' फिर आपसे क्रेडिट कार्ड की एक्सपायरी डेट, नाम या कुछ ऐसी ही जरूरी जानकारियां हासिल करके बैंक खाते से पैसे गायब किए जा सकते हैं।

ऐसे करें हैंडल : ऐसी कंडीशन में भूलकर भी अपनी पर्सनल डिटेल्स और डेबिट या क्रेडिट कार्ड का ओटीपी शेयर ना करें। पैकेट ना लें।

वीडियो लाइक करें-पैसा कमाएं: विभिन्न एप्स, फेसबुक नोटिफिकेशन, इंस्टा मैसेज या एसएमएस के माध्यम से आपसे कहा जाएगा कि आप अमुक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर उनकी पोस्ट, रील या वीडियो लाइक करेंगे, तो आपको पैसे मिलेंगे। शुरू-शुरू में कई बार आपको 500 से लेकर 5,000 रुपए तक दिए भी जाएंगे। फिर आपको हाई वैल्यू वीडियोज के लिए एक फीस देने को कहेंगे। आपने जैसे ही पैसा दिया तो समझिए फ्रॉड हुआ।

ऐसे करें हैंडल: ध्यान रखें वीडियोज या पोस्ट लाइक करने का पैसा सिर्फ एक धोखा है। अपना पैसा कभी भी किसी भी अनजान जगह निवेश ना करें। इससे आपको धोखा ही मिलेगा।

क्यूआर कोड स्कैन करो, उपहार पाओ: आपके पास मेल, मैसेज या कोरियर से वाउचर आएगा। आपको किसी आसान सी पजल को सॉल्व करने फिर एक क्यू आर कोड स्कैन करने को कहा जाएगा, ताकि आपको एक अच्छा-सा गिफ्ट मिल सके। इस क्यूआर कोड को स्कैन करने पर आपका सारा खाता साफ हो सकता है।

ऐसे करें हैंडल : कभी भी ज्ञात सोर्स के क्यूआर कोड को छोड़कर किसी भी अनजान सोर्स का क्यूआर कोड स्कैन ना करें। *

अगर अच्छी स्क्रिप्ट मिली तो टाइगर-4 भी बनाएंगे: सलमान खान

सलमान खान अपनी फिल्म 'टाइगर-3' की सफलता से बहुत खुश हैं। इस फिल्म की सफलता का श्रेय वह किसे देंगे? फिल्म में उनकी शाहरुख खान के साथ कैसी केमिस्ट्री रही? क्या सलमान चाहेंगे कि 'टाइगर-4' भी बने? उनकी अपकमिंग फिल्में कौन-सी हैं? सलमान खान से बेबाक बातचीत।

{ खास मुलाकात / आरती सक्सेना }

सलमान खान की पिछली कई फिल्मों को वो सफलता नहीं मिली, जैसी उनकी फिल्मों को मिलती रही है। यशराज फिल्म्स की 'टाइगर-3' पर सबकी नजरें टिकी थीं। यह फिल्म दिवाली के मौके पर रिलीज हुई। फिल्म को बंपर ओपनिंग मिली। 'टाइगर-3' ने 18 दिनों में वर्ल्ड वाइड 450 करोड़ से अधिक का बिजनेस कर लिया है। सलमान खान से इस फिल्म और करियर से जुड़ी खुली-खुली बातचीत ।

'टाइगर-3' ने 450 करोड़ से अधिक का बिजनेस कर लिया है। फिल्म की सफलता का क्रेडिट आप किसको देंगे ?

इस फिल्म की सफलता का क्रेडिट फिल्म की पूरी टीम और दर्शकों को जाएगा। टीम ने जबरदस्त मेहनत की, दर्शकों ने फिल्म देखकर इसे हिट बनाया।

आपने टाइगर सीरीज में तीन अलग-अलग डायरेक्टर के साथ काम किया है। तीनों फिल्मों के डायरेक्टर्स को लेकर क्या कहना चाहेंगे ?

टाइगर सीरीज के हर डायरेक्टर ने अपना 100 प्रतिशत दिया है। तभी सब फिल्में हिट हुईं। इस सीरीज की पहली फिल्म 'टाइगर जिंदा है' की सफलता का क्रेडिट कबीर को जाएगा। इस फिल्म की सफलता के बाद ही बाकी दो फिल्में बनी हैं। 'टाइगर-2' को सफल बनाने में अली का हाथ है। टाइगर सीरीज को आगे बढ़ने का श्रेय अली को जाएगा। अब तीसरी फिल्म 'टाइगर-3' सक्सेस की स्ट्रीम पर ले जाने का श्रेय मनीष को जाएगा, जिनके डायरेक्शन में फिल्म ने अब तक वर्ल्ड वाइड 450 करोड़ से अधिक का बिजनेस कर लिया है।

आपकी फिल्म को देखकर खुशी में आपके प्रशंसकों ने कुछ सिनेमाघरों के अंदर पटाखे भी फोड़े थे, इस पर आप क्या कहेंगे ?

यह बहुत गलत बात है। थिएटर के अंदर पटाखे फोड़ने से भारी नुकसान हो सकता है, थिएटर वालों का भी और दर्शकों को भी। इसलिए अपने फैंस से यही गुजारिश है, वे ऐसा बिल्कुल ना करें।

फिल्म में आपकी और शाहरुख खान की जोड़ी को बहुत पसंद किया गया है। पर्सनल लाइफ में आप दोनों के रिलेशन कैसे हैं ?

अगर पर्सनल लाइफ में हमारे रिलेशन अच्छे नहीं होते तो फिल्म में अपने आप दिखाई दे जाता।

सुना है, आप और शाहरुख खान आंखों के इशारे से भी बातें करते हैं, जो आप दोनों ही समझ लेते हैं ?

हां, मैं और शाहरुख बिना बोले आंखों से इशारों के साथ सब कुछ समझ लेते हैं। यह केमिस्ट्री हमारी फिल्म में भी नजर आती है। शाहरुख के अलावा संजय दत्त से भी मेरी गहरी दोस्ती है, उससे मैं भले ही कितना दूर रहूं, आंखों-आंखों में बातें करके एक-दूसरे की भावनाओं को समझ लेते हैं।

क्या 'टाइगर-3' के बाद 'टाइगर- 4' की भी तुरंत प्लानिंग है या कुछ सालों का गैप रखने का इरादा है ?

प्लानिंग तो नहीं है कुछ, अगर अच्छी स्क्रिप्ट मिली तो 'टाइगर- 4' भी बनाएंगे। वैसे मैं तो यही चाहूंगा कि टाइगर सीरीज की तीन फिल्मों की सफलता के बाद कुछ समय का गैप लेना अच्छा रहेगा।

आपके प्रोडक्शन हाउस में बनी फिल्म 'फर्रे' भी सफल रही। इसमें आपकी भांजी अलीजेह अग्निहोत्री ने डेब्यू किया। उसे बतौर एक्ट्रेस कैसे देखते हैं ?

मुझे बहुत खुशी है, मेरी भांजी अलीजेह की पहली फिल्म 'फर्रे' अच्छा बिजनेस कर रही है। इस वजह से मैं अच्छा प्रोड्यूसर साबित हो गया हूं। अलीजेह नेचुरल एक्ट्रेस है। उसने अपनी पहली फिल्म में कड़ी मेहनत करके अच्छा काम किया है। फिल्म में उसने कोई ओवर एक्टिंग नहीं की है। फिल्म के बाकी कलाकारों ने भी बहुत अच्छा काम किया। डायरेक्टर सौमेंद्र पाधी ने भी कड़ी मेहनत के साथ सभी कलाकारों से अच्छा काम करवाया है। अलीजेह का फिल्मी करियर कितना आगे जाएगा, यह तो आने वाला वक्त ही बताएगा। पहली फिल्म में उसने कड़ी मेहनत की है, जिसका उसे फल भी मिला है।

आपकी अपकमिंग फिल्में कौन-सी हैं ?

मेरी अगली फिल्म का नाम है, 'द बुल', जिसके प्रोड्यूसर करण जौहर हैं। उसके बाद फिल्म 'दबंग-4' कर रहा हूं। फिर फिल्म 'किक-2' आएगी। इसके अलावा सूरज बड़जात्या की भी फिल्म कर रहा हूं, जो एक पारिवारिक फिल्म है। *

नए अंदाज में अपना खुद का यूनिवर्स तैयार करूं

इन दिनों एक एक्टर की फिल्मों के अलग-अलग किरदारों का अलग यूनिवर्स बनाने का हॉलिवुड में ट्रेंड है। क्या सलमान खान ने भी अपनी कुछ फिल्मों का यूनिवर्स बनाने का सोचा है? पूछने पर वह जोर से ठहाका लगाते हुए कहते हैं, 'हां, मैं सोच रहा हूं फिल्म 'दबंग' का चुलबुल पांडे, फिल्म 'राधे' का राधे और फिल्म 'मैंने प्यार किया' का प्रेम, सभी का मिक्सचर बनाकर नए अंदाज में अपना खुद का यूनिवर्स तैयार करूं।' *